राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 11
अंक : 247
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
रविवार 20 मार्च 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट
पेज 3 दिल्ली में प्रतिरोपित किए गए पेड़ों का ऑडिट कराएगी केजरीवाल सरकार, एफआरआई से किया संपर्क
पेज 5 अमरोहा में होली के जुलूस पर पथराव से तनाव, कई घायल
बरेली में मुर्गियों के कृत्रिम गर्भाधान की सस्ती तकनीक की खोज
पेज 7 रूसी तेल आयात को लेकर बाइडेन प्रशासन भारत के संपर्क में : व्हाइट हाउस

स्थापना दिवस



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह जम्मू में सीआरपीएफ के 83वें स्थापना दिवस परेड का निरीक्षण करते हुए।

## कर्नाटक में भीषण सड़क हादसा

### यात्रियों से भरी बस पलटने से 8 की मौत, 20 गंभीर रूप से घायल

तुमकुर। कर्नाटक के तुमकुर जिले में भीषण सड़क हादसे की खबर है। यहां पवगाडा जिले में शनिवार को एक यात्रियों से भरी हुई बस पलट गई। इस हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 20 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में कुछ छात्र भी शामिल हैं। तुमकुर पुलिस ने यह जानकारी दी।
इससे पहले मंगलवार को ही राज्य के विजयनगर जिले के बनवीकल्लू में एक वाहन पलट गया था। राष्ट्रीय राजमार्ग



50 पर हुई इस घटना में 5 लोगों की मौत हो गई थी और 9 लोग घायल हो गए थे। मृतकों में 4 महिलाएं भी शामिल थी।
खबर है कि जिस समय यह हादसा हुआ, तब यात्री रामेश्वरम की ओर जा रहे थे। हादसा इतना भीषण था कि दो लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था। वहीं, अन्य की अस्पताल के रास्ते में मौत हो गई थी।
बीते सप्ताह ही राज्य के कलबुर्गी में भी सड़क हादसा हुआ था। जहां बलुरागी गांव के पास एक कार पेड़ से टकरा गई थी। उस दौरान 5 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस ने जानकारी दी थी कि हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान बाबा साहेब, छाया, कोमल, रानी और अनव बड़े के रूप में हुई थी। सभी मृतक महाराष्ट्र के अमहदनगर के रहने वाले थे। पुलिस के अनुसार, यात्री गनगपुर के दत्तात्रेय मंदिर से लौट रहे थे।

## हो सकता है जम्मू-कश्मीर में कुछ वर्षों में सीआरपीएफ की जरूरत ना पड़े : शाह

**जम्मू।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू में शनिवार को बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि हो सकता है जम्मू-कश्मीर में कुछ वर्षों में सीआरपीएफ की जरूरत ना पड़े। शाह यहां मौलाना आजाद स्टेडियम में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 83वें स्थापना दिवस पर एक सभा को संबोधित कर रहे थे।





### कश्मीर में खत्म हो रहा आतंकवाद

गृहमंत्री ने कहा कि साल 1990 में पूर्वोत्तर में उग्रवाद और कश्मीर में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद चरम पर था। कश्मीर की स्थिति से हर कोई चिंतित था।
वहीं बीते दो दशकों में सीआरपीएफ ने कश्मीर में जो लड़ाई लड़ी वो आसान नहीं थी। अच्छी बात यह है कि अब कश्मीर में आतंकवाद खत्म होने को है।

### गृहमंत्री ने सीआरपीएफकी तारीफ की

गृहमंत्री शाह ने सीआरपीएफ की जमकर तारीफ भी की, उन्होंने कहा मुझे विश्वास है, हम जल्द ही शांति बहाल करने में सक्षम होंगे। इसमें सीआरपीएफ जवानों की भूमिका अहम है। चाहे मध्य भारत का नक्सल प्रभावित क्षेत्र हो, कश्मीर में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद हो या पूर्वोत्तर में उग्रवादी ताकतें, सीआरपीएफ ने ऐसे समूहों को खत्म करने और तीनों क्षेत्रों में शांति बहाल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
देश में कहीं भी दंगे होते हैं तो सीआरपीएफ की तैनाती से लोग सुरक्षित महसूस करते हैं और चैन की नींद सोते हैं। यही वजह है कि देश का हर बच्चा आपसे प्यार करता है।
शाह ने कहा कि पीएम मोदी ने भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है, जिसके लिए देश में भीतरी सुरक्षा जरूरी है। सीआरपीएफ इसके लिए हमेशा तैयार है। उन्होंने सीआरपीएफ के महानिदेशक कुलदीप सिंह के नेतृत्व की भी सराहना की। हम सीआरपीएफ के आधुनिक हथियारों से लैस करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

### कलयुगी दादा ने फूंका परिवार

## प्रॉपर्टी के लिए दादा ने घर में पेट्रोल डालकर आग लगाई, बेटे-बहू समेत दो पोतियां जिंदा जल गईं

इडुक्की। केरल के इडुक्की में एक बुजुर्ग ने प्रॉपर्टी विवाद के चलते अपने ही घर में आग लगाकर बेटे, बहू और दो पोतियों की हत्या कर दी। दोनों बच्चियां स्कूल जाती थीं, वहीं छोटी बेटी और पिता का शव एक-दूसरे से जुड़े हुए थे, जिसे देखकर लगता है कि पिता ने बच्ची को बचाने की पूरी कोशिश की। एजेंसी के मुताबिक, बुजुर्ग ने घटना को उस वक्त अंजाम दिया जब घर के सभी सदस्य सो रहे थे।

### कोई मदद के लिए आगे नहीं आया

79 साल के हामिद ने पहले घर के दरवाजे में बाहर से ताला लगाया। फिर खिड़की से घर के अंदर पेट्रोल से भरी एक बोतल फेंकी और घर को आग के हवाले कर दिया। घर को आग की लपटों से घिरा देखकर हामिद के बेटे और बहू मदद के लिए चीखते रहे, लेकिन कोई आगे नहीं आया और कुछ ही देर में परिवार के सभी सदस्यों की मौत हो गई।



पड़ोसियों का कहना है कि आग इतनी भीषण थी कि मदद करना मुश्किल था। पुलिस ने बताया कि एक पड़ोसी ने हामिद को अपने घर में पेट्रोल से भरी बोतल फेंकते देखा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### प्री प्लांड था मर्डर

पुलिस का कहना है कि हामिद ने अपने बेटे-बहू और दोनों पोतियों को मारने की साजिश पहले ही रच ली थी।
हामिद ने पहले से ही करीब 5 बोतल पेट्रोल का इंतजाम कर लिया था। यही नहीं हामिद ने घर की पानी की टंकी भी खाली कर दी थी, जिससे उनके बेटे-बहू आग को बुझा न पाएं। वहीं आग बुझाने में पड़ोसी भी मदद न कर सकें इसके लिए हामिद ने बाल्टी और रस्सी भी हटा दी थी।

#### अंत तक कायम रहा बाप -बेटी का प्यार

पुलिस ने कहा कि घर के अंदर का दृश्य दिल दहला देने वाला था। पिता और छोटी बेटी का शव एक-दूसरे से लिपटा हुआ था। जांच के लिए दोनों के शवों को अलग करने में टीम को काफी परेशानी हुई। पूछताछ में हामिद में अपना जुर्म कबूल कर लिया है, मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

## गोवा में दूसरी बार सरकार के लिए भाजपा तैयार

**पणजी।** गोवा में भारतीय जनता पार्टी लगातार दूसरी बार सरकार बनाने जा रही है। खबर है कि भाजपा नेतृत्व वाली नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 23 मार्च यानि बुधवार को होगा। गोवा विधानसभा चुनाव 2022 में भाजपा राज्य में 20 सीटों पर जीत के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि भाजपा ने प्रमोद सावंत को ही सीएम के तौर पर राज्य की कमान सौंपने का फैसला किया है।
एजेंसी से बातचीत में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सदानंद शेत तनवड़े ने कहा,पर्यवेक्षक नरेंद्र सिंह तोमर और उप पर्यवेक्षक एल मुरुगन बुधवार को गोवा पहुंचेंगे और उसी दिन भाजपा विधायक दल के नेता को चुना जाएगा। एक बार नेता चुने जाने के बाद नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा। 40 सीटों वाले गोवा में भाजपा के बाद दूसरे नंबर पर कांग्रेस रही थी।
पार्टी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह राजभवन स्थित नवनिर्मित दरबार हॉल



में हो सकता है। उन्होंने कहा, शपथ ग्रहण समारोह के आयोजन स्थल को लेकर जल्दी ही फैसला लिया जाएगा। नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में तोमर और मुरुगन भी शामिल हो सकते हैं।

### निर्दलीय उम्मीदवारों का मिला समर्थन

गोवा विधानसभा की 50 फीसदी सीटों पर जीत हासिल करने वाली भाजपा को बहुमत के लिए 21 सीटों की जरूरत थी। हालांकि, पार्टी को स्वतंत्र विधायक चंद्रकांत शेट्ये, एलेक्सियो रेजिनाल्डो लॉरेंसो और एंटोनियो वास ने पहले ही समर्थन देने का ऐलान कर दिया है।

## सुभासपा के भाजपा सरकार में शामिल होने की तैयारी

नयी दिल्ली। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सहयोगी पार्टी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी राज्य में भारतीय जनता पार्टी की आगामी सरकार में शामिल होने की तैयारी कर रही है। माना जा रहा है कि, सुभासपा के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर सपा का साथ छोड़कर एक बार फिर से भाजपा का दामन थाम सकते हैं। सूत्रों के अनुसार श्री राजभर ने शुक्रवार को गृह मंत्री अमित शाह से यहां मुलाकात की। बताया जा रहा है कि इस मुलाकात के दौरान उत्तर प्रदेश चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान और भाजपा उत्तर प्रदेश के संगठन मंत्री सुनील बंसल भी मौजूद थे। इस मुलाकात को लेकर हालांकि, फिलहाल दोनों पक्षों ने चुप्पी साध रखी है लेकिन बताया जा रहा है कि इस बैठक में श्री राजभर के फिर से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन गठबंधन में आने को लेकर चर्चा हुई। हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में, राजभर ने सपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था और छह विधानसभा सीटों पर जीत हासिल की थी।

## देश में कोरोना को मात देने वालों की कुल संख्या 4.24 करोड़ के पार

### पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के दो हजार 75 नये मरीज सामने आयें

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस महामारी के मामलों में लगातार कमी आ रही है। इस बीच पिछले 24 घंटे 3383 कोरोना संक्रमित मरीजों के ठीक होने के बाद इससे निजात पाने वालों की कुल संख्या 4.24 करोड़ के पार पहुंच गयी और कोरोना सक्रिय मामलों की संख्या घटकर 27802 रह गई है।
केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि आज सुबह सात बजे तक 181 करोड़ चार लाख 96 हजार 924 कोविड टीके दिये जा चुके हैं।
मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के दो हजार 75 नये मरीज सामने आयें हैं। इनके साथ ही देश में कोरोना रोगियों की संख्या 27 हजार 802 रह गयी है। यह संक्रमित मामलों का 0.06 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 0.56 प्रतिशत हो गयी है।





मंत्रालय ने बताया कि इसी अवधि में तीन हजार 383 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल चार करोड़ 24 लाख 61 हजार 926 लोग कोविड से उबर चुके हैं।
स्वस्थ होने की दर 98.73 प्रतिशत है। देश में पिछले 24 घंटे में तीन लाख 70 हजार 514 कोविड परीक्षण किए गये, इसके साथ ही अभी तक कुल 78 करोड़ 22 लाख 28 हजार 685 कोविड परीक्षण किए हैं।
पिछले 24 घंटों के दौरान कोविड-19 से 71 मरीजों की मृत्यु हुई है और मृत्यु दर 1.20 प्रतिशत पर बरकरार है।
केरल में पिछले 24 घंटे में सक्रिय मामले 533 घटकर 7289 हो गये। वहीं 1321 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वाले लोगों की संख्या 6451349 हो गई है, जबकि मृतकों का आंकड़ा 67197 हो गया है।
महाराष्ट्र में सक्रिय मामले 226 घटकर 5684 रह गए हैं।
इस दौरान राज्य में 394 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 7722754 हो गयी। राज्य में मृतकों का आंकड़ा 143765 पर पहुंच गया है। पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम में सक्रिय मामले 106 घटकर 2127 रह गए हैं और कोरोना मुक्त होने वालों की कुल संख्या 219548 हो गई है, जबकि मृतकों का आंकड़ा 674 पर बरकरार है। कर्नाटक में सक्रिय मामले घटकर 2055 रह गये है।
इस दौरान 154 मरीजों के ठीक होने से इस महामारी से निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 3902344 हो गई है। वहीं राज्य में पांच और मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 40033 हो गया है।
राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इस दौरान कोरोना सक्रिय मामले घटकर 602 रह गए हैं, जबकि 148 और मरीजों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी से मुक्त होने वालों की कुल संख्या बढ़कर 1836886 तक पहुंच गई है। राजधानी में मृतकों का आंकड़ा 26145 तक पहुंच गया है।

#### कोविड टीकाकरण में 181.04 करोड़ टीके लगे

नयी दिल्ली। देश भर में राष्ट्रीय कोविड टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 181.04 करोड़ से अधिक कोविड टीके लगाए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि शनिवार सुबह सात बजे तक 181 करोड़ चार लाख 96 हजार 924 कोविड टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के दो हजार 75 नये मरीज सामने आयें हैं। इनके साथ ही देश में कोरोना रोगियों की संख्या 27 हजार 802 रह गयी है। यह संक्रमित मामलों का 0.06 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 0.56 प्रतिशत हो गयी है। मंत्रालय ने बताया कि इसी अवधि में तीन हजार 383 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल चार करोड़ 24 लाख 61 हजार 926 लोग कोविड से उबर चुके हैं। स्वस्थ होने की दर 98.73 प्रतिशत है। देश में पिछले 24 घंटे में तीन लाख 70 हजार 514 कोविड परीक्षण किए गये हैं। देश में कुल 78 करोड़ 22 लाख 28 हजार 685 कोविड परीक्षण किए हैं।

### मंत्रिपद की शपथ

### मान कैबिनेट में पुराने चेहरों के बजाय नए नवेले विधायकों को मौका दिया गया

## पंजाब: 10 विधायकों ने ली मंत्रिपद की शपथ

चंडीगढ़। पंजाब में आम आदमी पार्टी की धमाकेदार जीत के बाद भगवंत मान ने मुख्यमंत्री पद की शपथ 16 मार्च को ही ले ली है। आज उनके 10 मंत्रियों ने भी शपथ ली। राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने उन्हें शपथ दिलायी। मान कैबिनेट में पुराने चेहरों के बजाय नए नवेले विधायकों को मौका दिया गया है। इनमें से एक महिला मंत्री भी हैं।

### किसने ली शपथ

चंडीगढ़ में राजभवन में मान कैबिनेट का शपथ ग्रहण आयोजित किया गया। मंत्रिपद की शपथ लेने वालों में वरिष्ठ नेता हरपाल सिंह चीमा प्रमुख हैं। इसके अलावा हरभजन सिंह इतो, लाल सिंह कटरौचक, विजय सिंघला, गुरमीत सिंह मीत हायर, कुलदीप सिंह धालीवाल, ब्रह्म शंकर, लालजीत सिंह भुल्लर और हरजोत सिंह बैन्स शामिल हैं। बैन्स मान कैबिनेट के सबसे युवा सदस्य हैं। कैबिनेट में एक मात्र महिला बलजीत कौर हैं।

### हरपाल सिंह चीमा

2017 में पहली बार विधायक बने। एससी समाज से आते हैं। इनकी उम्र 47 साल है। पंजाब के सबसे बड़े मालवा क्षेत्र से आते हैं। संगरूर के दिड़बा से लगातार दूसरी बार विधायक चुने गए हैं। 2018 में वह



विपक्ष के नेता बने थे।

### बलजीत कौर

बलजीत कौर मान कैबिनेट की अकेली महिला हैं। वह एससी समाज से आती हैं। वह आंखों की डॉक्टर हैं। बलजीत कौर भी मालवा क्षेत्र से आती हैं। इनकी उम्र 46 साल की है। मलोट विधानसभा सीट से वह पहली बार चुनकर विधानसभा पहुंची हैं।

### हरभजन सिंह ईटीओ

अमृतसर की जंडियाला सीट से हरभजन सिंह ईटीओ विधायक चुने गए हैं। वह पहले पीसीएस अफसर हुआ करते थे। नौकरी छोड़कर वह राजनीति में आ गए। 2017 में वह चुनाव हार गए थे। वह माझा क्षेत्र से आते हैं और 53 साल के हैं।

### विजय सिंघला

विजय सिंघला मानसा से विधायक बने हैं. उन्होंने पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला को हराया है।
वह पेशे से दांतों के डॉक्टर हैं। उन्होंने मूसेवाला को 63 हजार वोटों से हराया। वह मालवा क्षेत्र से आते हैं और 52 साल के हैं। वह पहली बार विधायक बने हैं।

### लालचंद कटारुचक

कटारुचक भोआ सीट से विधायक बने हैं।
उन्होंने कांग्रेस के जोगिंदर पाल को हराया है। वह केवल 10वीं पास हैं। वह माझा क्षेत्र से आते हैं। कहा जाता है कि ग्रामीण इलाकों पर इनकी अच्छी पकड़ है। वह 51 साल के हैं।

## भारत-जापान भागीदारी को गहन करना पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण : मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को जापान के साथ भारत की भागीदारी को और गहन किए जाने के महत्व पर बल देते हुए कहा कि यह ना केवल दोनों देशों बल्कि पूरी दुनिया में शांति, समृद्धि और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने द्विपक्षीय, क्षेत्रिय और अंतरराष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर आपसी सहयोग को आगे और बढ़ाने के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र और अन्य मंचों पर भी परस्पर सहयोग पर नयी प्रतिबद्धता जतायी है। जापान, भारत में विदेशी निवेश के मामले में एक प्रमुख भागीदार है और जापान की कंपनियां %विश्व के लिए भारत में विनिर्माण% के भारत के प्रयासों की ब्रांड एम्बेसडर हैं।



मोदी भारत यात्रा पर आए जापान के प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा के साथ राजधानी में शिखर बैठक के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा,इस संदर्भ में भारत-जापान भागीदारी को और गहन करना सिर्फ दोनों देशों के लिए ही महत्वपूर्ण नहीं है, इससे भारत-प्रशांत क्षेत्र और पूरे विश्व के स्तर पर भी शांति, समृद्धि और स्थिरता को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमें प्रसन्नता है कि वर्ष 2014 में दोनों देशों ने भारत में जापान से 3.5 लाख करोड़ येन के निवेश का लक्ष्य रखा था, जिसे पूरा कर लिया गया है। हमनें पांच वर्षों में पांच लाख करोड़ येन (तीन लाख 20 हजार करोड़ रुपए) के निवेश का नया लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि जापान भारत में वैश्विक निवेश सबसे विश्वसनीय और बड़ा भागीदार है।

## शार्ट न्यूज

### जामिया मस्जिद में शब-ए-बारात के अवसर पर नमाज अदा करने की नहीं मिली अनुमति

**श्रीनगर।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में स्थित ऐतिहासिक जामिया मस्जिद को छोड़कर अन्य प्रमुख मस्जिदों और दरगाहों में शब-ए-बारात पर रात भर नमाज अदा की गई। इस्लामी कैलेंडर के अनुसार यह रात साल में एक बार शाबान महीने की 14 तारीख को सूर्यास्त के बाद शुरू होती है ।जिसे 14 और 15 तारीख की दरमियानी रात को शब-ए-बारात मनाया जाता है। इस अवसर पर हजरतबल दरगाह और अन्य मस्जिदों में शुक्रवार रात को बड़ी सभाएं हुई और बड़ी संख्या में भक्तों ने रात भर नमाज अदा की। मस्जिद के प्रबंध समिति ने बताया कि श्रीनगर में स्थित ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में नमाज की अनुमति नहीं मिली थी। अंजुमाम औकाफ जामा मस्जिद ने कहा कि पुलिस अधिकारियों के साथ एक मजिस्ट्रेट ने मस्जिद का दौरा किया और उन्हें सूचित किया कि मस्जिद में शब-ए-बारात समारोह में रात भर की नमाज की अनुमति नहीं दी जाएगी। अंजुमाम ने कहा कि उनसे प्रबंधन समिति ने मस्जिद बंद रखने को कहा। जिसके बाद मस्जिद को बंद कर दिया गया। कई लोगों ने शब-ए-बारात पर मस्जिद नहीं खुलने को लेकर निराशा जाहिर की। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि केन्द्र सरकार ने जानबूझकर ऐतिहासिक जामिया मस्जिद को बंद करा रखा है ताकि असशक्तता और निराशा को कुचलने की भावना पैदा करें। सुश्री महबूबा ने ट्वीट किया, कश्मीरियों को हर तरीके से घेरने और प्रताड़ित करने के बाद, यहां के लोगों के लिए एकमात्र सांत्वना धर्म है।

### शिक्षा विभाग में नहीं इस्तेमाल होगा प्लास्टिक

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्य सचिव की ओर से हाल में एक बैठक में दिये गये निर्देशों के क्रम में विद्यालयी शिक्षा विभाग के समस्त कार्यालयों व विद्यालयों को प्लास्टिक मुक्त किया जाना है। मुख्य सचिव सुखबीर सिंह संधू ने गत 14 मार्च को एक बैठक में इस आशय का निर्देश दिया था। इसको लेकर विद्यालयी शिक्षा के महानिदेशक वंशीधर तिवारी की ओर से कार्यालयों- विद्यालयों में प्लास्टिक से सम्बन्धित किसी भी वस्तु (यथा प्लास्टिक की बोतल, गिलास, प्लेट, थाली आदि) का प्रयोग पूर्णत: प्रतिबन्धित किए जाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि विभागीय बैठकों, सेमिनारों-कार्यशालाओं में भी प्लास्टिक के निर्मित सामग्री पूर्ण प्रतिबन्धित रहेगी। पीने के लिए वाटर डिस्पेंसर की व्यवस्था की जायेगी तथा सभी अधिकारी-कार्मिक अपनी-अपनी मेटल की बोतल का प्रयोग करेंगे। साथ ही छात्र छात्राओं को भी प्लास्टिक से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराते हुये पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाए जाने को कहा। श्री तिवारी ने कहा कि प्लास्टिक बैग के स्थान पर जूट - कपड़ा इत्यादि से बने कैरीबैग का प्रयोग करने के लिए सबको प्रोत्साहित किया जाए। साथ ही विभाग के प्रत्येक कार्यालय -विद्यालय में प्लास्टिमुक्त कार्यालय का बोर्ड लगाया जायेगा। ये आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे तथा विद्यालयी शिक्षा विभाग के प्रत्येक अधिकारी-कार्मिक शिक्षकों द्वारा इसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही भविष्य में कार्यालयों- विद्यालयों के निरीक्षणों में भी इसका संज्ञान लिया जाएगा।

### देहरादून में होगा राज्य सरकार का शपथ ग्रहण

देहरादून। उत्तराखंड में पांचवें विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पक्ष में बहुमत आने के बाद अब नई सरकार के गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। अभी नये विधानमंडल के नेता अथवा मंत्री परिषद के सदस्यों के नाम निश्चित नहीं होने के बावजूद, उनके शपथ ग्रहण समारोह का स्थान रविवार को घोषित कर दिया गया। देर शाम भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर संगठन महामंत्री अजेय कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में शपथ समारोह को भव्य और दिव्य बनाने के लिये विचार विमर्श किया गया। समारोह में आम नागरिकों को भी आमंत्रित करने का निश्चय किया गया। इसलिये स्थानीय परेड मैदान में सम्पूर्ण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। दूसरी ओर, नेता विधानमंडल दल चुने जाने के लिये अभी तक इसकी बैठक की तिथि निश्चित नहीं हो सकी है। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पर्यवेक्षक और मीनाक्षी लेखी को सह पर्यवेक्षक के रूप में पार्टी हाईकमान ने मनोनीत किया हुआ है।

### नारिकोरवन, कुरुविक्करन एसटी सूची में शामिल हों : स्टालिन

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नारिकोरवन/कुरुविक्करन समुदायों को राज्य में अनुसूचित जनजाति (एसटी) की सूची में शामिल करने का आग्रह किया। श्री स्टालिन ने श्री मोदी को लिखे गए एक अर्द्ध-आधिकारिक पत्र में बंजारा आदिवासी समूह नारिकोरवन/कुरुविक्करन को राज्य की एसटी श्रेणी में शामिल करने में हो रही देरी की तरफ उनका ध्यान आकृष्ट कराया। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार की सिफारिशों पर जनजातीय मामलों के मंत्रालय के निदेशक ने 30 अप्रैल 2013 को लिखे अपने पत्र में सूचित किया था कि भारत के महापंजीयक ने भी नारिकोरवन और कुरुविक्करन समुदाय को तमिलनाडु की अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल करने के प्रस्ताव पर स्वीकृति दे दी थी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा लोकुर समिति और संसदीय संयुक्त समिति जैसी विशेषज्ञ समितियों ने भी 1965 और 1967 में इस समुदाय को सूची में शामिल करने की सलाह दी थी। नारिकोरवन समुदाय तमिलनाडु के सबसे पिछड़े समुदायों में से एक है, इसलिए वह एसटी सूची के तहत मिलने वाली हर तरह की संवैधानिक सुरक्षा और जनकल्याण उपायों का हकदार है। स्टालिन ने मामले में प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा, इस स्थिति, और मामले में कई प्रस्ताव रखे जाने के बावजूद इस समुदाय का सूची में समावेश लंबे समय से अटका हुआ है।

### त्रिपुरा में माकपा के राज्यसभा उम्मीदवार की घोषणा के बाद भाजपा से सीधी लड़ाई

अगरतला। त्रिपुरा में विपक्षी दल मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने 31 मार्च को राज्यसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष माणिक साहा के खिलाफ अपना उम्मीदवार उतारने की घोषणा के साथ ही राज्य से संसद की ऊपरी सदन की एकमात्र सीट के लिए अब सीधी लड़ाई नजर रही है। त्रिपुरा में विप्लव कुमार देव के नेतृत्व में भाजपा सरकार है तथा पिछले तीन वर्षों से श्री देव के कामकाज तथा उनके नेतृत्व को लेकर गुटबाजी भी नजर आ रही है। भाजपा के नेताओं के एक समूह ने हाल ही में प्रदेश अध्यक्ष साह से मुलाकात की तथा उन्हें पत्र लिखकर इस्तीफे की मांग की जिससे भाजपा की परेशानियां बढ़ गयी है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश भाजपा के कुछ नेता लंबे समय से श्री साहा के प्रदेश अध्यक्ष बने रहने का विरोध कर रहे हैं। वर्ष 2016 में भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने श्री देव को पार्टी की राज्य इकाई का अध्यक्ष बनाया था। इसके बावजूद वह चुनाव हार गए थे। अध्यक्ष बनने के बाद श्री देव श्री साहा को प्राथमिक सदस्य के रूप में पार्टी में लाये और जनवरी 2020 में श्री देव के स्थान पर श्री साह प्रदेश का अध्यक्ष बनाया गया था। मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाले गुट ने राम प्रसाद पॉल, प्रद्योत धर और तापस भट्टाचार्जी जैसे भाजपा के पुराने नेताओं को कथित तौर पर पार्टी में दरकिनार किया गया है।

### माकपा नेता का केरल सांसद के प्रति विवादित बयान

इडुक्की, (केरल)। केरल में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी(माकपा) के वरिष्ठ नेता सीवी वर्गीस ने केरल प्रदेश कांग्रेस समिति (केपीसीसी) के अध्यक्ष एवं सांसद के. सुधाकरन के खिलाफ विवादित बयान में शनिवार को कहा कि अगर उन्होंने सिल्वरलाइन रेल परियोजना का विरोध किया तो यह ट्रेन उनके(सांसद) सीने पर चलेगी और परियोजना का कार्य पूरा किया जाएगा। माकपा के इडुकी जिला सचिव वर्गीस ने कहा कि उनकी पार्टी जानती है कि माकपा नीत वामपंथी प्रस्तावित महत्वाकांक्षी के-रेल परियोजना को तोड़ने के लिए कुछ लोगों के विरोध से कैसे निपटना है। उन्होंने जिले के नेदुमकंदम में पार्टी में शामिल होने के दौरान श्री सुधाकरन की प्रतिक्रिया पर यह विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) के विरोध के बावजूद इस परियोजना को किसी भी कीमत पर पूरा किया जाएगा, क्योंकि इससे राज्य और लोगों का हित जुड़ा हुआ है।

जयराम रमेश ने लगाए गंभीर आरोप

# नफरत फैलाने वाला प्रोपेगेंडा है 'द कश्मीर फाइल्स'






**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने शनिवार को विवेक अग्निहोत्री की फिल्म द कश्मीर फाइल्स को इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश करने, गुस्सा भड़काने और हिंसा को बढ़ावा देने का दुष्प्रचार बताया।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा कि विवेक अग्निहोत्री की फिल्म, जो घाटी से कश्मीरी पंडितों के पलायन पर आधारित है, को अत्यधिक समीक्षा मिली है, जिसमें प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का समर्थन भी शामिल है। दूसरी ओर, आलोचकों ने फिल्म निर्माता पर चेरी-पिकिंग की घटनाओं और सभी को एक चित्रित करके मुस्लिम समुदाय और वामपंथी विचारधारा के खिलाफ नफरत भड़काने की कोशिश करने का आरोप लगाया है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने ट्विटर पर लिखा, कुछ फिल्में परिवर्तन को प्रेरित करती हैं। द कश्मीर फाइल्स नफरत को उकसाती हैं।

सत्य न्याय, पुनर्वास, सुलह और शांति की ओर ले जा सकता है। लेकिन ये फिल्म तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करता है, क्रोध को भड़काने और हिंसा को बढ़ावा देने के लिए इतिहास को विकृत करता है।

इससे पहले शुक्रवार को, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने द कश्मीर फाइल्स पर अपनी चुप्पी तोड़ी, कहा कि यह फिल्म सच्चाई से बहुत दूर है क्योंकि फिल्म निर्माताओं ने उन मुसलमानों और सिखों के बलिदानों की अनदेखी की, जो घाटी में आतंकवाद से पीड़ित थे।

कुलगाम जिले के दमल हांजी पोरा में पत्रकारों से बात करते हुए, अब्दुल्ला ने कहा कि उनके पिता, पार्टी प्रमुख फारूक अब्दुल्ला, कश्मीरी पंडितों के पलायन के समय जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री नहीं थे। उमर अब्दुल्ला ने दावा किया कि उस वक्त कश्मीर में जगमोहन राज्यपाल थे। जबकि केंद्र में वीपी सिंह की सरकार थी जिसे भाजपा ने बाहर से समर्थन दिया था।

उधर, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सभी राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए आधे दिन के विशेष अवकाश की घोषणा इस बात पर दी है कि अगर वो चाहें तो इस वक्त पर द कश्मीर फाइल्स फिल्म देख सकते हैं। सरमा ने कहा कि आधे दिन की छुट्टी का लाभ उठाने के लिए कर्मचारियों को अपने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करना होगा और अगले दिन टिकट जमा करना होगा। गौरतलब है कि इस फिल्म को उत्तर प्रदेश, त्रिपुरा, गोवा, हरियाणा, गुजरात और उत्तराखंड सहित अधिकांश भाजपा शासित राज्यों में टैक्स फ्री घोषित किया गया है।

## जम्मू कश्मीर : घाटी में रातभर रुकरुक कर बारिश हुई

श्रीनगर। केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में श्रीनगर सहित घाटी के कई हिस्सों में कल रात रुकरुक कर बारिश होती रही। मौसम विभाग ने शनिवार को यह जानकारी दी।

कश्मीर में पिछले कुछ दिनों में गर्मी और सामान्य से अधिक तापमान रिकॉर्ड किया गया है।

विभाग ने बुलेटिन में बताया कि श्रीनगर सहित घाटी के अधिकांश हिस्सों में रात भर रुक-रुक कर बारिश होती रही। बुलेटिन में कहा गया कि रातभर कश्मीर और केन्द्रशासित प्रदेश के ऊंची चोटियां में गरज के साथ बारिश हुई।

विभाग ने कहा कि श्रीनगर में 6.0 मिमी बारिश हुई और न्यूनतम तापमान 10.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो सामान्य से छह डिग्री अधिक रहा। प्रदेश के कुपवाड़ा जिले में अधिकतम बारिश 18.5 मिमी हुई। जिले का न्यूनतम तापमान 8.1 डिग्री दर्ज किया गया। उत्तर कश्मीर के पर्यटक रिसॉर्ट गुलमर्ग में 14.2 मिमी वर्षा हुई। यहां न्यूनतम तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

दक्षिण कश्मीर के पर्यटक रिसॉर्ट पहलगाम में न्यूनतम तापमान पिछले दिन के 2.0 डिग्री के तुलना में 6.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

दक्षिण कश्मीर के काजीगुंड में बारिश नहीं हुई और न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस रहा।

शुक्रवार को पहलगाम और काजीगुंड ने मार्च में सर्वाधिक तापमान का सर्वकालिक रिकॉर्ड तोड़ टूट गया।

पहलगाम में अधिकतम तापमान 24.3 डिग्री और काजीगुंड में 27.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जो औसत से 12.1 डिग्री सेल्सियस ऊपर रहा।

इससे पहले 30 मार्च 2018 को अधिकतम तापमान 23.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था।

## बैतूल में दो आरोपियों से पांच करोड़ का पकड़ाया नशीला पदार्थ मेथाडोन

बैतूल। मध्यप्रदेश के बैतूल जिले के बैतूल बाजार थाना क्षेत्र के भोपाल-नागपुर राजमार्ग पर एक टोल नाके के पास दो लोगों के पास से करीब पांच करोड़ रूपए मूल्य का नशीला पदार्थ मेथाडोन जब्त किया गया है।

थाना प्रभारी ए बी मर्सकोले ने आज बताया कि एटीएस इंदौर से कल सूचना मिली थी कि असम के तेजपुर से अफीम समान दिखने वाला नशीला पदार्थ मेथाडोन लेकर कुछ लोग ट्रक से मध्यप्रदेश के मंदसौर जा रहे हैं। एटीएस की टीम भी मुलताई से ट्रक का पीछा कर रही है। इस सूचना पर विभिन्न थानों की पुलिस ने भोपाल मार्ग पर स्थित मिलानपुर के पास मोर्चा संभाल लिया। एक संदिग्ध ट्रक को रोककर उसकी तलाशी लेने पर ट्रक खाली मिला, लेकिन केबिन के अंदर बाल्टी में करीब पांच किलो नशीला पदार्थ मेथाडोन बरामद किया गया जिसकी बाजार मूल्य पांच से साढ़े पांच करोड़ रूपए है।

पुलिस ने इस मामले में मंदसौर निवासी आसिफ मोहम्मद एवं शहनवाज को एनडीपीसी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर ट्रक को भी जब्त कर लिया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में जानकारी मिली कि मेथाडोन बहुत ज्यादा नशीला होता है और इसके सूघने मात्र से ही नशा हो जाता है। पुलिस दोनों आरोपियों से और पूछताछ कर रही है।

## मौत के 3 सप्ताह बाद घर पहुंचेगा भारतीय छात्र नवीन का शव, पिता ने किया देहदान का फैसला



बेंगलुरु। रूस-यूक्रेन युद्ध में जान गंवाने वाले भारतीय छात्र नवीन शेखरप्पा ज्ञानगौदार का पार्थिव शरीर सोमवार को भारत लाया जाएगा। यूक्रेन के प्रमुख शहरों में से एक खारकीव में जारी संघर्ष में नवीन की 1 मार्च को मौत हो गई थी। कर्नाटक के हावेरी जिले में रहने वाले नवीन खारकीव नेशनल मेडिकल यूनिवर्सिटी में MBBS के छात्र थे। छात्र के पिता ने बताया कि उन्होंने बेटे का देहदान करने का फैसला किया है। राज्य के मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई ने परिवार को 25 लाख रुपये का चेक सौंपा है। साथ ही एक सदस्य को नौकरी देने का वादा किया है।

खारकीव में गोलीबारी का शिकार हुए नवीन का पार्थिव शरीर सोमवार को बेंगलुरु पहुंचेगा। इस बात की जानकारी उनके पिता शेखरप्पा ने दी। उन्होंने कहा, मेरे बेटे का शव 21 तारीख को सुबह 3 बजे बेंगलुरु पहुंचेगा। वहां से शरीर हमारे गांव सुबह 9 बजे आएगा। इसके बाद हम वीर शैव परंपरा के अनुसार पूजा करेंगे और बाद में शव को लोगों के दर्शन के लिए रखा जाएगा और इसके बाद हम मेडिकल स्टडीज के लिए एसएस हॉस्पिटल देवनगरी को शरीर दान कर देंगे।

समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में उन्होंने कहा, %मेरा बेटा मेडिकल क्षेत्र में कुछ हासिल करना चाहता था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कम से कम उसके शरीर का इस्तेमाल अन्य छात्र मेडिकल स्टडीज के लिए कर सकेंगे। इसलिए घर पर हम लोगों ने मेडिकल रिसर्च के लिए शव दान करने का फैसला किया है। इससे पहले सीएम बोम्मई ने साफ किया था कि नवीन का शव बेंगलुरु एयरपोर्ट पर रविवार नहीं सोमवार को पहुंचेगा।

नवीन के पिता ने कहा, हमें हावेरी जिला कलेक्टर से संदेश मिला और अमीरात उड़ान सेवा से भी मैसेज मिला। हम कम से कम खुश हैं कि हमारे बेटे का शव वापस लाया जा रहा है। सीएम ने मुझसे बात की और आभार जताया। उन्होंने यह भी कहा कि वे बेंगलुरु एयरपोर्ट और गांव भी पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि वे मुझसे शाम में चर्चा करेंगे।

## कर्नाटक में हिजाब पर नया विवाद, अनुमति नहीं दी तो 231 छात्रों ने किया परीक्षा देने से इनकार



बेंगलुरु। कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले के बाद राज्य में फिर हिजाब विवाद से जुड़ा मामला सामने आया है। यहां उप्पिनंगाडी में 231 मुस्लिम छात्रों ने शासकीय पीयू कॉलेज की परीक्षा में बैठने से इनकार कर दिया। खबर है कि शुक्रवार को कॉलेज ने कुछ छात्राओं को कहा था कि वे हिजाब पहनकर परीक्षा में शामिल नहीं हो सकते। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने कैंपस में जमकर प्रदर्शन किया।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कॉलेज ने हाईकोर्ट के आदेश का हवाला दिया था। पीयू शइक्षा के उप निदेशक ने कहा कि कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करने वाला परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेगा। मंगलवार को उच्च न्यायालय ने शैक्षणिक संस्थानों में राज्य सरकार के आदेश को बरकरार रखा था। कोर्ट ने हिजाब प्रतिबंध के खिलाफ खड़ी हुई 6 छात्राओं की याचिका को खारिज कर दिया था।

#### क्या था मामला

मंगलुरु से 50 किमी दूर मौजूद उप्पिनंगाडी में कन्नड़ परीक्षा आयोजित हुई थी। यहां कुछ मुस्लिम महिलएं हिजाब पहनकर पहुंची थी और कॉलेज ने उन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी।

इसके चलते कैंपस में तनाव शुरू हो गया और यहां करीब 250 लोगों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन करने वालों में पुरुष भी शामिल थे और महिलाओं को हिजाब पहनकर परीक्षा में बैठने की अनुमति देने की मांग कर रहे थे।

#### याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट तैयार

कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दे रही याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट बुधवार को तैयार हो गया है। खबर है कि होली की छुट्टी के बाद इन याचिकाओं पर सुनवाई की जाएगी।

मुख्य न्यायाधीश एनवी रमण की अगुवाई वाली बेंच ने छात्रों की तरफ से पेश हुए वकील संजय हेगड़े की इस दलील पर गौर किया कि आगामी परीक्षाओं के चलते मामले में तत्काल सुनवाई की जरूरत है।

## आरएएस 113 परीक्षा केंद्रों पर 20371 अभ्यर्थी बैठेंगे परीक्षा में

अजमेर। राजस्थान लोक सेवा आयोग 20 एवं 21 मार्च को आरएएस मुख्य परीक्षा आयोजित करने जा रहा है।

अजमेर मुख्यालय पर सचिव एच.एल. अटल ने आज बताया कि प्रदेश के समस्त संभागीय मुख्यालयों पर 113 परीक्षा केंद्रों पर 20371 अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा दो पारियों में प्रात: नौ से बारह व दोपहर दो से पांच बजे तक आयोजित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए अजमेर आयोग कार्यालय पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है जिसका नंबर 0145-2635255 है। इसके अलावा संभाग मुख्यालयों अजमेर, भरतपुर, बीकानेर, जयपुर, जोधपुर, कोटा व उदयपुर में भी कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मेटल डिटेक्टर के जरिए जांच होगी और एक कक्ष में दो विक्षको की तैनाती की गई है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि मूल फोटो युक्त पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केंद्र पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा और अभ्यर्थी को एक घंटा पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा। लिखित परीक्षा में चार प्रश्न पत्र सामान्य अध्ययन-1, सामान्य अध्ययन-2, सामान्य अध्ययन-3, तथा सामान्य हिंदी व सामान्य अंग्रेजी के प्रश्न पत्र होंगे। अभ्यर्थी को चारों प्रश्न पत्र देने अनिवार्य होंगे। प्रश्न पत्र के लिए तीन घंटे का समय निर्धारित है।

## पंजाब के पुनर्निर्माण के लिए ठोस फैसले लेने की जरूरत : बीबी राजविंदर कौर

चंडीगढ़। महिला किसान यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष बीबी राजविंदर कौर राजू ने शनिवार को पंजाब के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान से कहा कि राज्य से टेलीफोन या गपशप से भ्रष्टाचार खत्म नहीं होगा और राज्य का विकास नहीं होगा। इसलिए आप पार्टी द्वारा प्रचारित क्रांति के लिए बड़े सुधार लाने के लिए राज्य सरकार को ठोस निर्णय लेने होंगे। बीबी राजविंदर कौर राजू ने यहां जारी बयान में कहा कि पिछली सरकारों ने भी भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए बड़ी-बड़ी घोषणाएं की थीं और पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए ऑडियो,वीडियो और लिखित शिकायतें भेजने के लिए आम जनता को टोल फ्री फोन नंबर,मोबाइल नंबर और ई-मेल भी उपलब्ध कराए गए और यह सुविधा अभी भी चालू है जहां हर शिकायतकर्ता का नाम भी गोपनीय रखा जाता है लेकिन फिर भी राज्य में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी का बोलबाला है। आम आदमी पार्टी द्वारा चुनाव के दौरान किए गए वादों और किसानों से किए गए वादों को तुरंत लागू करने की मांग करते हुए बीबी राजविंदर कौर राजू ने कहा कि परिवर्तन की गारंटी से सत्ता में आई पार्टी से पंजाबियों और विदेशों में रहने वाले समुदाय को सरकार से बहुत उम्मीदें हैं इसलिए उन्हें लार से खाना बनाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए बल्कि सरकार को व्यावहारिक प्रदर्शन दिखाना चाहिए। महिला किसान नेता ने भगवंत मान को आगाह किया कि वे भविष्य में कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी की तरह उद्घोषणा न करें बल्कि क्रांतिकारी नारों, चुटकुलों या झूठी घोषणाओं के बजाय राज्य की आर्थिक स्थिति में सुधार करने, बेरोजगारी को खत्म करने, ड्रग्स का पूर्ण उन्मूलन करने, गुरु ग्रन्थ साहिब जी की अपवित्रता करने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करें, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाएं और रेत, शराब, केबल, परिवहन आदि से सभी प्रकार के माफिया शासन को खत्म कर पार्टी द्वारा दी गई इन गारंटियों को लागू करें। बीबी राजू ने कहा कि आप को किसानों से किए गए सभी वादों को तत्काल पूरा करने का प्रयास करना चाहिए और किसान आंदोलन के दौरान शहीद हुए सभी किसानों को अनुदान और उनके आश्रितों को रोजगार प्रदान करें और हाल के दिनों में प्राकृतिक आपदाओं के कारण फसलों के नुकसान की भरपाई की जानी चाहिए।

## मंत्रिमंडल की पहली बैठक में 25 हजार सरकारी नौकरियों को मंजूरी



चंडीगढ़। पंजाब मंत्रिमंडल की पहली बैठक में राज्य के विभिन्न विभागों, बोर्डों और निगमों में नौजवानों को 25 हजार सरकारी नौकरियाँ देने को आज मंजूरी दे दी गई।

इस आशय का फैसला आज मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की पहली बैठक के दौरान लिया गया। इससे सरकारी क्षेत्र में नौजवानों को पारदर्शी और मेरिट के आधार पर नौकरियां मुहैया करवाने से नौजवानों के लिए रोज़गार के नये आयाम स्थापित होंगे। इन 25 हजार सरकारी नौकरियों में से 10 हजार पद पंजाब पुलिस में भरे जाएंगे जबकि 15 हजार नौकरियां अन्य विभागों में दी जाएंगी। इन नौकरियों का इश्तिहार और नोटिफिकेशन की प्रक्रिया एक महीने के अंदर पूरी होगी।

बैठक में विधानसभा सत्र के दौरान सोमवार को साल 2021-22 के लिए ग्रांटों के लिए अनुपूरक मांगें पेश करने की मंजूरी दे दी है। इस फ़ैसले से साल 2021-22 के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा ख़र्च किये गए अतिरिक्त खर्चे के लिए बजट मुहैया करवाना है जिससे बकाया देनदारियों को निपटाया जा सके।

इसी तरह संविधान की धारा 203 की उप धारा (3) के उपबंधों के अनुसार पंजाब सरकार के साल 2021-22 के खर्चे किए के लिए ग्रांटें देने के लिए अनुपूरक माँगें विधान सभा में पेश की जानी ज़रूरी हैं जिस कारण मंत्रीमंडल द्वारा यह माँगें पेश करने की मंजूरी दी गई।

बैठक में पंजाब विधानसभा में कार्य-विधि और कार्य संचालन के नियमों के 164 नियम अनुसार साल 2022-23 के लिए राज्य के एक अप्रैल, 2022 से 30 जून 2022 तक के अनुमानित खर्चे के विवरण (लेखा अनुदान) विधानसभा में पेश करने की मंजूरी दे दी है।

## बोचहां विधानसभा सीट को लेकर भाजपा और वीआईपी के बीच बढ़ सकती है और तल्खी

पटना। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रमुख घटक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बिहार में मुजफ्फरपुर की बोचहां (सुरक्षित) विधानसभा सीट के उप चुनाव के लिए अपने प्रत्याशी के नाम की आज घोषणा किए जाने के बाद इस सीट पर दावा ठोक रही पहले से नाराज घटक विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) एवं भाजपा के बीच तल्खी और बढ़ने की संभावना प्रबल हो गई है ।

भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने शुक्रवार को इस सीट से पूर्व विधायक बेबी कुमारी को अपना प्रत्याशी बनाया है। वहीं, राजग गठबंधन से मंत्री मुकेश सहनी के नेतृत्व वाली वीआईपी ने इस सीट पर पहले ही अपना प्रत्याशी उतार दिया है। ऐसे में राजनीतिक गलियारों में बड़ा सवाल उठना शुरू हो गया है कि क्या एक सीट पर हो रहे उपचुनाव में मंत्री श्री सहनी राजग से अलग हो जाएंगे। श्री सहनी ने पहले ही घोषणा कर दी है कि वह इस सीट से पीछे हटने वाले नहीं है, चाहे उन्हें राजग गठबंधन से अलग ही क्यों न होना पड़ जाए।

सहनी ने बोचहां में होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए इस सीट से उनकी पार्टी के विधायक रहे स्वर्गीय मुसाफिर पासवान के पुत्र को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, इस सीट पर भाजपा से बेबी कुमारी ने पहले से ही चुनाव लड़ने की घोषणा कर रखी थी। अब भाजपा ने इस सीट से बेबी कुमारी को अपना प्रत्याशी बनाया है। ऐसे में भाजपा और श्री सहनी के बीच तल्खियां और बढ़ सकती है।

## शार्ट न्यूज

### दिल्ली विश्वविद्यालय में फिजिकल एजुकेशन शिक्षकों के खाली पद भरे जाएंगे, सर्कुलर जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय में फिजिकल एजुकेशन के शिक्षकों के रिक्त पद जल्द भरे जाएंगे। डीयू के असिस्टेंट रजिस्ट्रार (कॉलेजिज) ने कॉलेजों के प्रिंसिपलों, निदेशकों को सर्कुलर जारी करते हुए फिजिकल एजुकेशन तथा स्पोर्ट्स साइंस के विभागों में असिस्टेंट प्रोफेसर, निदेशक डायरेक्टर फिजिकल एजुकेशन के पद भरने का निर्देश दिया है। इस सर्कुलर के आने से फिजिकल एजुकेशन व स्पोर्ट्स साइंस विभागों में असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति प्रक्रिया के लिए रास्ता आसान हुआ है। आप के शिक्षक संगठन दिल्ली टीचर्स एसोसिएशन (डीटीए) ने फिजिकल एजुकेशन टीचर्स को रोस्टर रजिस्टर में शामिल करने संबंधी मांग कुछ समय पहले की थी। डीटीए के अध्यक्ष डॉ. हंसराज सुमन ने बताया है कि विश्वविद्यालय की ओर से भेजे गए सर्कुलर में लिखा है कि फिजिकल एजुकेशन की समस्या से संबंधित प्रश्न समय-समय पर विश्वविद्यालय द्वारा उठाए गए और यह तय किया गया कि जहां कहीं भी सेवानिवृत्त अथवा किसी अन्य कारणों से वह पद खाली हैं वहां जल्द भरे जाएं।

### दुजाना गांव में दादी सत्ती मंदिर का मेला शुरू

नोएडा। दुजाना गांव में शनिवार को दादी सत्ती मंदिर में मेले का आयोजन किया गया। साथ ही, गांधी इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव मनाया गया। मेले में सैकड़ों दुकानें और स्टाल लगाए गए। मेले में मंदिर समिति के 130 वोलिएंटर्स और 200 पुलिसकर्मी व्यवस्था में तैनात रहे। मेले में बड़े झूले व ऊंट की सवारी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। राजस्थान व हरियाणा के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। यह मंदिर क्षेत्र के लोगों की आस्था का केंद्र है। इसी दिन गांव के लोग पुरानी परंपरा को बनाए रखते हुए बम्ब और नगाड़े बजाते हैं। मास्टर भूपेंद्र नागर ने बताया कि दादी सत्ती के मेले व कॉलेज के वार्षिकोत्सव मे बड़े बड़े नेता आते रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू, अटल बिहारी वाजपेयी और राजेश पायलट भी इस मेले में आए थे। दुजाना गांव के गांधी इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुर्जर विद्यासभा के अध्यक्ष राधाचरण भाटी ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दादरी विधायक तेजपाल नागर रहे। उन्होंने दुजाना गांव के लोगों को दोबारा विश्वास जताने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज का विकास का एक मात्र रास्ता केवल शिक्षा से होकर जाता है इसलिए अपने बच्चों को शिक्षा से वंचित बिल्कुल न करे। उन्होंने कहा कि हमारे जिले में संशाधनों की कोई कमी नहीं है। बच्चों को तकनीकी शिक्षा से जोड़ें जिससे उनके लिए रोजगार के नए विकल्प खुलें। इस मौके पर मास्टर भूपेंद्र नागर, हरेंद्र नागर, मुकेश नागर एडवोकेट, अशोक नागर, ऋषिपाल नागर, इलमचंद, जयपाल सिंह, राज नागर, मनवीर नागर, प्रेम सिंह, महेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

### रोजगार प्रशिक्षण मेला 22 को लगेगा

ग्रेटर नोएडा। युवाओं को प्रशिक्षण देकर हुनरमंद बनाने के लिए 22 मार्च को रोजगार प्रशिक्षण मेला आयोजित किया जाएगा। ग्रेटर नोएडा के एनआईएमटी कॉलेज परिसर में इसका आयोजन होगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और आधार हाउसिंग फाइनेंस की तरफ से आयोजित होने वाले इस मेले में चयनित युवाओं को दो माह का प्रशिक्षण देकर रोजगार के काबिल बनाया जाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण ने बीते दिनों आधार हाउसिंग फाइनेंस के साथ बैठक कर सीएसआर (कार्पोरेट सोशल रेस्पोंसबिलिटी) फंड के जरिए युवाओं को विशेष प्रशिक्षण प्रोग्राम व कौशल प्रशिक्षण मेला आयोजित कराने को कहा था। इसी कड़ी में 22 मार्च को ग्रेटर नोएडा के एनआईएमटी कॉलेज में आधार कौशल ग्रेटर नोएडा स्किलिंग इनॉग्रेशन एंड रजिस्ट्रेशन मेला आयोजित होने जा रहा है। इस मेले के जरिए युवकों का भी चयन किया जाएगा, लेकिन प्राथमिकता लड़कियों को दी जाएगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी सचिन कुमार सिंह ने बताया कि इस मेले के जरिए चयनित युवाओं को प्रशिक्षण देकर हुनरमंद बनाया जाएगा। इस विशेष प्रशिक्षण प्रोग्राम के लिए पांच बैच से करीब 250 लड़कियों को दो माह का प्रशिक्षण दिया जाना है। एक माह के लिए कैंपस ट्रेनिंग और एक माह कंपनियों में प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। लड़कियों को इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों में मैनुअल इनसरसन (मैनुअल प्रविष्टि) और युवकों को असिस्टेंट ऑपरेटर का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान हॉस्टल की भी सुविधा दी जाएगी। उसके बाद रोजगार दिलाने की भी कोशिश की जाएगी। यह पूरा ट्रेनिंग प्रोग्राम निशुल्क होगा।

### कोरोना के सात नए मरीज मिले, 12 लोग स्वस्थ

**नोएडा।** स्वास्थ्य विभाग ने शनिवार को कोरोना संक्रमित सात नए मरीजों की पुष्टि की। पिछले 24 घंटे में 12 मरीज स्वस्थ हुए। अब भी जिले में 95 मरीजों का इलाज चल रहा है। कोविड अस्पताल में दो-तीन मरीज ही भर्ती हैं। बाकी का इलाज होम आइसोलेशन में चल रहा है। दो साल में 98471 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई जिनमें से 97886 स्वस्थ हो चुके हैं। इलाज के दौरान 490 संक्रमितों की मौत हुई। होली के दिन महज 142 संदिग्धों की ही जांच हुई। इस लिहाज से संक्रमण दर करीब पांच है। वहीं होली की छुट्टी के कारण पिछले चार दिनों तक ओपीडी बंद है। शनिवार को सिर्फ 11 बजे तक ओपीडी में मरीजों को परामर्श दिया गया। अब सोमवार से सभी सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों पर 2 बजे तक ओपीडी चलेगी।

### तेज रफ्तार कार ने पुलिस वैन में टक्कर मारी

गुरुग्राम। सेक्टर-85 इलाके में गश्त कर रही पुलिस की गाड़ी में एक तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पुलिस की गाड़ी का पीछे का एक हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और गाड़ी पेड़ों के बीच जा फंसी। गनीमत रही की गाड़ी में बैठे पुलिसकर्मियों को चोटें नहीं आईं। पुलिस ने आरोपी कार चाल के खिलाफ खेड़कीदौला थाना में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, बाद में जमानत पर छोड़ दिया गया। पुलिस को दी शिकायत में एएसआई चरण सिंह ने बताया कि वह स्टाफ के साथ शुक्रवार शाम को सेक्टर-86 स्थित सती चौक से बामडौली चौक की तरफ गश्त कर रहे थे। जब वह सरकारी अर्टिगा गाड़ी से सेक्टर-85 के पास पहुंचे तो पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी गाड़ी में टक्कर मार दी। कार चालक की पहचान लक्ष्मण विहार निवासी दुष्यंत के रूप में हुई।

### 88 वर्षीय बुजुर्ग ने बच्ची से किया दुष्कर्म, एफआईआर दर्ज होने के बाद की खुदकुशी

गुरुग्राम। गुरुग्राम के बिलासपुर थाना क्षेत्र स्थित एक गांव में 88 वर्षीय बुजुर्ग द्वारा चौथी कक्षा में पढ़ने वाली बच्ची से कथित तौर पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने बच्ची की मां की शिकायत पर बिलासपुर थाने में मामला दर्ज कर लिया, मगर गुरुवार को बुजुर्ग ने सुबह नौ बजे के आसपास बैठक में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। हालांकि, पुलिस को बुजुर्ग के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिवार की तरफ से मामले में कोई शिकायत नहीं दी गई है। बच्ची की मां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह परिवार के साथ बिलासपुर थाना क्षेत्र स्थित गांव में रहती है। उसकी दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी की उम्र 11 साल है और वह चौथी कक्षा में पढ़ाई करती है। उनकी बेटी ने बुधवार रात को बताया कि उनके घर के पास रहने वाले 88 वर्षीय बुजुर्ग ने मिठाई के बहाने बैठक में बुलाया और बच्ची के साथ गलत काम किया। आरोप लगाया कि बच्ची के साथ पहले भी गलत काम किया गया था और जान से मारने की धमकी दी थी।

### हरियाणा के मानेसर में एनएसजी के हेड कॉन्स्टेबल ने दी जान

गुरुग्राम। हरियाणा के मानेसर स्थित एनएसजी शिविर में शुक्रवार को राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के एक हेड कॉन्स्टेबल ने कथित तौर पर अपनी सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने कहा कि मृतक की पहचान विक्रम के रूप में हुई है। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि उसने यह कदम क्यों उठाया। पुलिस ने कहा कि घटना की सूचना मिलने के बाद मृतक की पत्नी सदमे में है और उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।


## राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद आज करेंगे दिल्ली के नए 'हेरिटेज पार्क' का उद्घाटन

नई दिल्ली। पुरानी दिल्ली में जामा मस्जिद के पास एक खुली जगह में बनाया गया हेरिटेज पार्क मुगल शैली की 'बारादरी' और विभिन्न प्रकार के फूलों से गुलजार हो रहा है। इससे पहले यह इलाका गंदगी और अतिक्रमण का शिकार था और असामाजिक तत्व यहां मौजूद रहते थे, लेकिन अब तस्वीर पूरी तरह से बदल चुकी है।

विरासत की विषय-वस्तु पर बने नए हेरिटेज पार्क का उद्घाटन 20 मार्च रविवार शाम को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद करेंगे। यह पार्क जामा मस्जिद के पास बना है, जिसे नगर निकाय के कोष से बनाया गया है जिसमें विभिन्न सांसदों ने भी योगदान दिया है। इनमें राज्यसभा सदस्य विजय गोयल भी शामिल हैं, जो पुरानी दिल्ली इलाके में हैरिटेज पार्क बनाए जाने की कोशिश कर रहे थे।

यह इलाका कई महीनों की कड़ी मेहनत और सावधानीपूर्वक योजना के बाद एक खूबसूरत विरासत विषय-वस्तु आधारित एक पार्क में तब्दील हो गया है।

मुगल काल के लाल किले के सामने बने हेरिटेज पार्क की योजना और क्रियान्वयन से जुड़े लोग इस शहरी परिदृश्य परिवर्तन को लेकर बेहद उत्साहित हैं और अन्य क्षेत्रों में भी ऐसे पार्क बनाए जाने की वकालत कर रहे



हैं। पार्क का खाका और इसका डिजाइन तैयार करने वाले आर्किटेक्ट कपिल अग्रवाल ने कहा कि यह जगह आज एक सुंदर पार्क में तब्दील हो चुकी है, लेकिन जिन लोगों को इसकी जानकारी नहीं है, वे यह विश्वास नहीं कर सकते हैं कि एक समय यह जगह पूरी तरह से गंदगी से भरी हुई थी और इस जगह पर विभिन्न असामाजिक तत्वों का अतिक्रमण था। पड़ोसी क्षेत्रों से नशा करने वाले अक्सर यहां इकट्ठा होते थे। अभी भी इस पार्क की बाड़ के पार ऐसे असामाजिक तत्व देखे जा सकते हैं।

इस हेरिटेज पार्क की कल्पना 2017 में की गई थी। पार्क का निर्माण नगर निगम के धन और विभिन्न सांसदों और पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल के योगदान से किया गया है, जो पुरानी दिल्ली के इस क्षेत्र में हेरिटेज पार्क के विकास के लिए लंबे समय कड़ी मेहनत कर रहे थे। गोयल, जो विरासत संरक्षण के लिए अपनी रुचि के लिए जाने जाते हैं और पुरानी दिल्ली के एक विरासत होटल, धरमपुरा की हवेली के मालिक हैं। उन्होंने कहा कि यह पार्क एक ऐसे क्षेत्र में विकसित किया गया है जो पहले गंदगी से भरा हुआ था और पूरी तरह से जर्जर था। उन्होंने कहा कि अब, यह एक सुंदर, जीवंत मनोरंजक स्थान में तब्दील हो गया है जो दिल्ली की विरासत का एक प्रतीक है।

इस पार्क का नाम चरती लाल गोयल के नाम पर रखा गया है कि जो अविभाजित दिल्ली नगर निगम के पूर्व उपमहापौर थे और दिल्ली विधानसभा के पहले अध्यक्ष थे। यह हेरिटेज पार्क 8650 वर्ग मीटर में फैला है और लाल किले के पास परेड ग्राउंड के सामने स्थित है।

अधिकारियों ने बताया कि पार्क में लाल पत्थरों और सफेद संगमरमर के ढांचे हैं और मुगल शैली की बारादरी हैं।

इस पार्क को दो चरणों में विकसित किया जा रहा है, जिसका पहला भाग बनकर तैयार हो चुका है।

पहले चरण में 7.65 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से लगभग 1.75 एकड़ क्षेत्र का विकास किया गया है। दूसरे चरण में शेष 2.25 एकड़ को 10.03 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से विकसित किया जाना है।

## दिल्ली में प्रतिरोपित किए गए पेड़ों का ऑडिट कराएगी केजरीवाल सरकार, एफआरआई से किया संपर्क

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार राजधानी में एक जगह से उखाड़कर दूसरी जगह लगाए गए सभी पेड़ों के बचे रहने की दर का आकलन कराने वाली है और इसके लिए उसने देहरादून स्थित वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआई) से संपर्क किया है।

वन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल के अंत तक शहर के 23 स्थानों पर 12,852 पेड़ लगाए जा चुके हैं। विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि लगाए गए पेड़ों के बचने की दर का आकलन करने के लिए एफआरआई की एक टीम प्रतिरोपित पेड़ों के संबंध में चयन मानदंड, गड्ढों के आकार, पेड़ों



के स्वास्थ्य और बढ़ने तथा रख-रखाव के बारे में विश्लेषण करेगी।

संस्थान से प्राप्त एक प्रस्ताव के अनुसार, एफआरआई वैज्ञानिक सिंचाई आवृत्ति, मिट्टी में नमी, बनाए गए गड्ढों, बाड़ लगाने के उपायों, जैविक और अजैविक अवरोधों के खिलाफ सुरक्षा रणनीतियों का भी जायजा लेंगे।

अधिकारी ने कहा कि अध्ययन संबंधित मंत्री की मंजूरी के बाद छह महीने की अवधि में किया जाएगा। एफआरआई के निदेशक ए.एस. रावत उस टीम का नेतृत्व करेंगे, जिसमें करीब सात सदस्य होंगे, जो वन विज्ञान, नर्सरी और वन प्रबंधन में विशेषज्ञता रखते हैं।

दिसंबर 2020 में दिल्ली सरकार ने पेड़ प्रतिरोपण नीति को अधिसूचित किया था, जिसके तहत संबंधित एजेंसियों को अपने विकास कार्यों से प्रभावित पेड़ों का न्यूनतम 80 प्रतिशत प्रतिरोपण करना आवश्यक है।

पिछले साल, एफआरआई ने 2016 से 2019 तक दिल्ली में किए गए वार्षिक पौधरोपण का ऑडिट किया था। इस महीने की शुरुआत में जारी ऑडिट रिपोर्ट के मुताबिक, 2016 से 2019 के बीच दिल्ली में लगाए गए 72 फीसदी से 81 फीसदी पौधे बच गए हैं।

उत्तरी डिवीजन में जीवित रहने की दर 80.21 प्रतिशत थी। पश्चिमी डिवीजन में अलीपुर रेंज में 78.5 फीसदी और नजफगढ़ रेंज में 75.68 फीसदी पौधे बचे हैं। दक्षिणी डिवीजन में, महरौली में जीवित रहने की दर 72 प्रतिशत, असोला भट्टी चरण-I में 76 प्रतिशत और चरण-2 में 81.33 प्रतिशत थी।

## पेट्रोल बम फेंककर दुकान में आग लगाई

नई दिल्ली। शाहदरा के मानसरोवर पार्क इलाके में शुक्रवार को रंजिश में एक युवक ने दुकान में पेट्रोल बम फेंककर आग लगा दी। दुकानकार ने अग्निशामक यंत्र से आग बुझाई। आग से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है लेकिन दुकान का कुछ सामान जल गया। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पीड़ित 46 वर्षीय मंजीत सिंह मानसरोवर पार्क के रामनगर एक्सटेंशन इलाके में रहते हैं। वह मकान के भूतल पर किराने की दुकान चलाते हैं। मंजीत सिंह के अनुसार, शुक्रवार दोपहर 12:45 बजे वह घर में थे तभी इलाके के चौकीदार अनिल ने दरवाजा खटखटाया और बताया कि बाइक सवार एक युवक उनकी दुकान पर पेट्रोल बम फेंककर गया है। मंजीत तुरंत नीचे आए तो दुकान में आग लगी थी। मंजीत ने अग्निशामक यंत्र और पानी की मदद से आग पर काबू पाया लेकिन तब तक दुकान का कुछ सामान जलकर राख हो गया था। मंजीत का आरोप है कि इलाके में रहने वाले एक युवक से उनकी रंजिश चल रही है। कुछ समय पहले उन्होंने उस युवक के माध्यम से एक व्यक्ति को एक लाख रुपये दिए थे, जिससे उन्होंने रुपये वापस ले लिए।

## कार की टक्कर से उछलकर बुजुर्ग ट्रक में गिरा, मौत

नई दिल्ली। चाणक्यपुरी में गुरुवार देर रात एक तेज रफ्तार कार 60 वर्षीय मजदूर को टक्कर मारते हुए ट्रक में जा घुसी। कार की टक्कर से मजदूर उछलकर ट्रक में गिरा। हादसे में उसकी मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। चाणक्यपुरी थाना पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर कार चालक 24 वर्षीय नमन को हिरासत में लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हादसे में मारे गए शख्स की पहचान 60 वर्षीय अब्दुल रसीद के रूप में हुई है। पुलिस को दी शिकायत में 53 वर्षीय राम चन्द्र ने बताया कि वह मिंटो रोड इलाके में रहता है और सीपीडब्ल्यूडी के ठेकेदार के अधीन काम करता है।

ठेकेदार को वीवीआईपी रूट पर झंडे और पाइप लगाने का ठेका मिला है। राम चन्द्र के अनुसार, 17 मार्च को वह ट्रक चालक मोहम्मद कालम अंसारी और तीन मजदूरों अब्दुल रसीद, इसराइल व करीम के साथ वीवीआईपी रूट पर पाइप डालने के लिए निकला था।

## जीआईएमएस मे की गई बच्चे की टीएमजे एंकिलोसिस सर्जरी

**ग्रेटर नोएडा।** जीआईएमएस डॉक्टर ने 8 वर्षीय रोगी की सफलतापूर्वक सर्जरी की है जो अपना मुंह ठीक से नहीं खोल सका और पिछले 5 वर्षों से चबाने में कठिनाई हो रही है। उन्हें टीएमजे एंकिलोसिस नामक समस्या थी जो एक दुर्लभ स्थिति है जिसमें निचले जबड़े को खोपड़ी के आधार के साथ फ्यूज पाया जाता है जिसके कारण वह पिछले 5 वर्षों से अपना मुंह नहीं खोल सका। TMJ संयुक्त है जो निचले जबड़े को खोपड़ी की हड्डी से जोड़ता है और यह निचले जबड़े के आंदोलन को ऊपर और नीचे और एक तरफ मुंह खोलने के लिए साइड की अनुमति देता है। 3 साल की उम्र में, उनके पास ऊंचाई से गिरने का इतिहास




था जो उनके निचले जबड़े के फ्रैक्चर का कारण बना जो चोट के समय निदान नहीं किया गया था और धीरे-धीरे उनका निचला जबड़ा खोपड़ी के आधार के साथ जुड़ गया जो शून्य मुंह खोलने की ओर जाता है। उसके माता-पिता उसे दांतों के बीच के अंतराल के माध्यम से जालीदार भोजन खिला रहे थे क्योंकि वह ठीक से चबा नहीं सकता था और इस समस्या के कारण बच्चे में कुपोषण हो गया था। वह ठीक से बोल भी नहीं पा रहा था। खोपड़ी की हड्डी के साथ जबड़े की हड्डी के संलयन के कारण उनके चेहरे की उपस्थिति असममित थी।

इस समस्या के लिए उनके माता-पिता कई डॉक्टरों और अस्पतालों में गए थे लेकिन उन्हें कोई राहत नहीं मिली। अंत में, उन्होंने मदद के लिए अगस्त 2021 में ग्रेटर नोएडा के गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में दंत चिकित्सा विभाग का दौरा किया था और डॉ संदीप पांडे (मैक्सिलोफेशियल सर्जन और दंत चिकित्सा विभाग के प्रमुख) द्वारा अपने दाहिने टीएमजे एंकिलोसिस के लिए एक जटिल सर्जरी की थी जिसमें खोपड़ी की हड्डी के साथ निचले जबड़े के जोड़ के संलयन को हटा दिया गया था, रोगी को 5 मिमी से 40 मिमी तक अपना मुंह खोलने में मदद करना। सर्जरी के बाद, वह अपना मुंह खोल सकता है, ठीक से चबा सकता है, उसने आत्मविश्वास हासिल किया है और एक सामान्य जीवन जी रहा है। शून्य मुंह खुलने के कारण एनेस्थीसिया भाग कठिन और चुनौतीपूर्ण था, लेकिन एनेस्थीसिया विभाग की डॉ नाजिया नजीर और डॉ अनुप्रिया ने फाइबरऑप्टिक तकनीक का उपयोग करके विशेष संज्ञाहरण के साथ सफलतापूर्वक इसका प्रबंधन किया था।

## बड़ा हादसा, हुड़दंग काट रहे 3 दोस्तों की बाइक फ्लाईओवर से गिरी, 2 की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** होली के दिन ग्रेटर नोएडा में बड़ा हादसा हुआ है। तीन दोस्त बुलेट मोटरसाइकिल पर हुड़दंग काटे गए थे। तभी इनकी बुलेट मोटरसाइकिल दादरी रेलवे फ्लाईओवर से टकराई और पुल से नीचे गिर गई। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। जिसका इलाज ग्रेटर नोएडा के कैलाश अस्पताल में किया जा रहा है। मृतक एक युवक ग्रेटर नोएडा का रहने वाला है, जबकि दूसरे का पता लगाया जा रहा है।

### बाइक पर काट रहे थे हुड़दंग

गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया



कि 18 मार्च 2022 दिन शुक्रवार (होली के दिन) की दोपहर सूरजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक बड़ा हादसा हुआ है। उन्होंने बताया कि बुलेट मोटरसाइकिल नंबर (यूपी 16 सीएस 5234) पर तीन युवक हुड़दंग काट रहे थे। तभी इनकी बाइक दादरी रेलवे फ्लाईओवर के डिवाइडर से टकराकर पुल से नीचे गिर गई।

### एक की हालत नाजुक

उन्होंने बताया कि इस हादसे में बाइक पर सवार 21 साल के विकास निवासी कुलेसरा ग्रेटर नोएडा और उसके दोस्त मास की मौत हो गई है। जबकि बाइक पर सवार तीसरे युवक देवा (25 वर्षीय) निवासी सलारपुर की हालत नाजुक है।

जिसको इलाज के लिए ग्रेटर नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

## दिल्ली में होली और शब-ए-बारात पर उड़ीं ट्रैफिक नियमों की धज्जियां, करीब 2500 लोगों के कटे चालान

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने होली और शब-ए-बारात के मौके पर शराब पीकर वाहन चलाने समेत ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने को लेकर 2,450 से अधिक लोगों पर जुर्माना लगाया है।



एक अधिकारी ने कहा कि विभिन्न ट्रैफिक नियमों के उल्लंघनों को लेकर कुल 2,456 चालान काटे गए जिनमें ज्यादातर बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने को लेकर थे। शुक्रवार शाम को एक दुर्घटना में 13 साल के एक लड़के की मौत हो गई थी और चार अन्य घायल हो गए थे। इस हादसे में बारापुला फ्लाईओवर पर एक तेज रफ्तार कार ने एक ऑटोरिक्शा को टक्कर मार दी थी। पुलिस के आंकड़े के अनुसार 1,921 लोगों पर बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने, 314 पर दोपहिया वाहन पर तीन लोगों के सवार होने, 196 लोगों पर नशे में गाड़ी चलाने एवं 25 लोगों पर खतरनाक ढंग से वाहन चलाने को लेकर जुर्माना लगाया गया था। संयुक्त पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक) विवेक किशोर ने इससे पहले कहा था कि दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने व्यापक इंतजाम किए हैं। ट्रैफिक पुलिस के कर्मियों को प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर तैनात किया जाएगा। ट्रैफिक टीम विभिन्न इलाकों में लगाई जाएंगी। हम आप सभी से ट्रैफिक नियमों का पालन करने का अनुरोध करते हैं। शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाएं, दोपहिया वाहनों पर तीन लोग सवार न हों और बिना हेलमेट के दोपहिया वाहनों से न चलें।

## 35वें सूरजकुंड मेले का हुआ शानदार आगाज, पेटीएम से ऑनलाइन ले सकेंगे टिकट

फरीदाबाद। सूरजकुंड हस्तशिल्प मेला शनिवार से शुरू हो गया। दोपहर साढ़े 12 बजे मेले को दर्शकों के लिए खोल दिया गए। हालांकि, पहले दिन मेले में आने वालों की भीड़ कम रही, लेकिन रविवार से दर्शकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। इस बार मेले का थीम स्टेट जम्मू-कश्मीर है। कोविड के चलते साल 2021 में मेले का आयोजन नहीं किया गया था, इसलिए इस बार इसे भव्य बनाने की पूरी तैयारी की गई है।

35वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड हस्तशिप मेले का समापन 04 अप्रैल को होगा। मेले में आने वाले दर्शकों को जाम का सामना न करना पड़े, इसके लिए सूरजकुंड-अनखीर रोड पर भारी व्यावसायिक वाहनों के चलने पर शनिवार से पाबंदी लगा दी गई है। इसके अलावा अतिरिक्त पार्किंग की भी व्यवस्था की गई है। मेले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मेले में शरारती तत्वों पर नजर रखने के लिए ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है।

गत वर्षों में हुए मेलों के पार्किंग



स्थल में लाइट की व्यवस्था नहीं होती थी। इस बार मेला रात 10:30 बजे तक चलेगा। इसके लिए लाइट की व्यवस्था रहेगी। आम दर्शकों के लिए मेले में आठ पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। सप्ताहांत (वीकेंड) या छुट्टी वाले दिन मेले में तीन अतिरिक्त पार्किंग की सुविधा रहेगी। सात वीआईपी और मीडिया पार्किंग रहेंगी।

350 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे - मेला परिसर में सुरक्षा इंतजाम के लिए 350 से ज्यादा कैमरे लगाए गए हैं। इनमें रात्रि में काम करने वाले कैमरे भी शामिल हैं। मेला परिसर को आठ सेक्टर में बांटा गया है। प्रत्येक सेक्टर की जिम्मेदारी एक एसीपी को दी गई है। वहीं ढाई हजार से ज्यादा पुलिसकर्मियों की मेले में ड्यूटी लगाई गई है। मेले में मोबाइल जैमर, बम निरोधक दस्ता, ऑटोमेटिक मशीनगन से लैस स्वेट कमांडो की टीम तैनात रहेगी। मेले में मिनी पुलिस कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। आगजनी से बचाव के लिए फायर ब्रिगेड की टीम भी यहां तैनात रहेगी। 250 अपराध जांच शाखा के पुलिसकर्मियों के साथ-साथ 150 महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। मेले में प्रवेश द्वार पर मेटल डोर



फ्रेम और हाथ से जांच करने के बाद दर्शकों को अंदर जाने दिया जा रहा है।

### ऑनलाइन ले सकेंगे टिकट

मेले में टिकट की बुकिंग के लिए पेटीएम को साथ जोड़ा गया है। इसकी जानकारी दर्शकों को देने के लिए मेला परिसर की टिकट विंडो पर भी बोर्ड लगाए गए हैं। मेला घूमने आने वाले दर्शक घर बैठए ही पेटीएम पर टिकट बुक करा सकेंगे। साथ ही मेला परिसर में पार्किंग की बुकिंग भी ऑनलाइन कर सकेंगे। पेटीएम पर बुकिंग के साथ ही मेले तक आने के लिए डिजिटल मैप भी पा सकते हैं।

### दर्शकों की संख्या जान सकेंगे

मेला परिसर में इस बार कोविड के चलते भीड़भाड़ कम करने को विशेष इंतजाम किए गए हैं। इसके तहत दर्शक सूरजकुंड मेले के ऐप पर मेले में मौजूद दर्शकों की संख्या घर बैठे ही देख सकेंगे। मेले में भीड़ की जानकारी के हिसाब से लोग मेले आने का कार्यक्रम बना सकें यही मकसद है, ताकि भीड़ होने की स्थिति में लोगों को परिवार के साथ मेला आकर परेशान नहीं होना पड़े।

### माचिस-बीड़ी पर रोक

मेला पुलिस अधिकारी डीसीपी नीतीश अग्रवाल ने बताया कि सुरक्षा को देखते हुए दर्शक अपने साथ माचिस, बीड़ी, सिगरेट व अन्य जवलनशील पदार्थ अपने साथ लेकर न आएं। ऐसे लोगों को मेले में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। चार अप्रैल तक सूरजकुंड रोड पर भारी वाहनों की नो एंट्री रहेगी। बाकी वाहन चालक इस अवधि में सूरजकुंड रोड, शूटिंग रेंज रोड, प्रहलादपुर रोड का प्रयोग न करें।

### ड्रोन के जरिए भी की जाएगी निगरानी

मेले में 24 नाके लगाए जाएंगे। छह नाके मेला परिसर के अंदर और बाकी नाके मेला परिसर के बाहर लगाए जाएंगे। मेले में ड्रोन के जरिए शरारती तत्वों पर नजर रखी जाएगी। मेले में मनचलों पर नजर रखने के लिए दूरबीन प्रयोग में लाई जाएगी। पुलिसकर्मी मचान पर खड़े होकर दूरबीन से नजर रखेंगे।

## संपादकीय

## पंजाब की सत्ता में अब शायद कांग्रेस और अकाली लंबे समय तक वापसी नहीं कर सकें

पंजाब विधानसभा चुनाव के नतीजे काफी चौंकाने वाले रहे। यह तो तय माना जा था कि कांग्रेस की सत्ता जा रही है और आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार बनने वाली है। कांग्रेस में पिछले दो-तीन वर्षों से जिस तरह से पार्टी नेताओं के बीच आपस में सिर-फुटव्वल चल रहा था, उसकी यह परिणति होनी ही थी, इसमें किसी को कोई संदेह नहीं था। लेकिन आप की इतने शानदार तरीके से वापसी होगी, इसका अनुमान तो बड़े से बड़ा राजनैतिक पंडित नहीं लगा पाया था। कांग्रेस ने एक दलित को मुख्यमंत्री बनाकर जो सियासी दांव चला था, वह भी काम नहीं आया। कांग्रेस की हार के सबसे बड़े खलनायक की बात की जाए तो सबसे पहला नाम कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू का आता है, जो पहले सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह की नाक में दम करे रहे और बाद में उनकी जगह बनाए गए सीएम चरणजीत सिंह चन्नी को भी सिद्धू ने काम नहीं करने दिया। इससे भी बड़ी बात यह थी कि सिद्धू के सिर पर गांधी परिवार का हाथ था, जो सब कुछ जानते-समझते और देखते हुए भी चुप्पी साधे रहा। गांधी परिवार की तरफ से कभी यह प्रयास ही नहीं किया गया कि पंजाब कांग्रेस का विवाद सुलझ सके।

पंजाब में कांग्रेस की बुरी हार पर उसके सांसद रवनीत सिंह बिट्टू ने हार का ठीकरा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू पर फोड़ते हुए उन्हें आत्मघाती हमलावर बताया। वह यहीं नहीं रुके, उन्होंने यहां तक कह दिया कि पंजाब की हार नेताओं की नाकामी है। इस दौरान उन्होंने सिद्धू की नाराजगी पर भी कहा कि कांग्रेस के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ कि जब केंद्रीय नेतृत्व (प्रियंका गांधी) एक मंच पर बैठी हों और प्रदेश अध्यक्ष (नवजोत सिद्धू) लोगों को संबोधित करने से इनकार कर दें।

कांग्रेस की दुर्दशा की घंटी तभी से बजने लगी थी जब नवजोत सिद्धू भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आए थे। उसी समय से राजनीतिक विश्लेषकों ने चेतावनी देनी शुरू कर दी थी कि विधानसभा चुनावों के बीच कांग्रेस के भीतर पंजाब की राजनीति में कैप्टन अमरिंदर सिंह की जगह किसी और को देना एक नासमझी भरा फैसला होगा, लेकिन इन आवाजों को सुना ही नहीं गया। थोड़ा पीछे मुड़ कर देखें तो पता चलता है कि पंजाब में एक स्वतंत्र नेता के रूप में राज कर रहे कैप्टन अमरिंदर सिंह को रोकने के लिए राहुल गांधी और प्रियंका ने नवजोत सिंह सिद्धू को लगभग खुली छूट दे रखी थी। सिद्धू ने कैप्टन अमरिंदर सिंह पर लगभग एक साल तक बिना किसी रोक-टोक, अधूरे वादों और भ्रष्टाचार को लेकर हमला बोला। यहां तक कि सिद्धू ने एक यूट्यूब चैनल तक लॉन्च कर दिया और उस पर कैप्टन अमरिंदर सरकार की आलोचना करने लगे। उन्होंने कैप्टन अमरिंदर सरकार के खिलाफ़ सत्ता विरोधी लहर का माहौल बनाया और फिर चरणजीत सिंह चन्नी के मुख्यमंत्री के रूप में पदोन्नत होने के बाद भी इसे आगे बढ़ाया। इतना ही नहीं सिद्धू के पाकिस्तानी नेताओं से संबंध और उनके पक्ष में दिए गए बयानों को भी गांधी परिवार ने कभी गंभीरता से नहीं लिया।

उधर पंजाब विधानसभा चुनाव 2022 में कांग्रेस की हार के बाद सोनिया गांधी का बड़ा बयान सामने आया है। सोनिया गांधी ने कहा कि कैप्टन अमरिंदर सिंह का बचाव करना उनकी गलती थी। बता दें कि अमरिंदर सिंह ने चुनाव से ठीक पहले पंजाब सीएम के पद से इस्तीफा दे दिया था और कांग्रेस पार्टी भी छोड़ दी थी। इसके बाद उन्होंने नई पार्टी (पंजाब लोक कांग्रेस) बनाई और बीजेपी संग गठबंधन करके पंजाब विधानसभा चुनाव 2022 लड़ा, हालांकि, पार्टी कोई कमाल नहीं कर सकी। कांग्रेस की ष्ठङ्घष्ट मीटिंग में रविवार को बात उठी थी कि अगर कैप्टन को पद से हटाया जाना था तो पहले हटाना था। इस पर सोनिया गांधी ने कहा कि मैं कैप्टन साहब को बचाती रही, यह मेरी गलती थी।

# रोशनी एक्ट : अब्दुल्ला ने बनाया, मुफ्ती-आजाद ने बढ़ाया, भ्रष्टाचार के सबसे बड़े गठबंधन की कहानी

अभिनय आकाश

**रोशनी जमीन घोटाले में 25 हजार करोड़ रुपये की जमीन का बंदरबाट हुआ है। 25 हजार करोड़ रुपये का घोटाला कितना बड़ा लगता है आपको? वो भी राष्ट्र के नहीं बल्कि राज्य के स्तर पर।**

आये थे हरिभजन को ओटन लगे कपास उक्त कहावत मतलब काम कुछ और करना था करने लगे कुछ और। जम्मू कश्मीर का रोशनी जमीन घोटाला इसी कहावत का नायाब नमूना है। जो कानून सरकार ने गरीबों को सस्ती जमीन और राज्य में बिजली लाने के लिए बनाया। उससे ही राज्य के इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला हो गया। बताया जा रहा है कि रोशनी जमीन घोटाले में 25 हजार करोड़ रुपये की जमीन का बंदरबाट हुआ है। 25 हजार करोड़ रुपये का घोटाला कितना बड़ा लगता है आपको ? वो भी राष्ट्र के नहीं बल्कि राज्य के स्तर पर। राज्य के स्तर के घोटालों की बात करें तो लालू प्रसाद यादव का चारा घोटाला 950 करोड़ रुपये का था लेकिन उसकी बदनामी वो आज तक झेल रहे हैं और फिलहाल जमानत पर रिहा हैं। ऐसे में 25 हजार करोड़ रुपये का आंकड़ा तो बहुत बड़ा हो जाता है। आज हम बात करेंगे एक ऐसे एक्ट की जिसे आज से 21 साल पहले मुख्यमंत्री रहते हुए फारूख अब्दुल्ला लाते हैं। 19 साल पहले महबूबा मुफ्ती के पिता सीएम रहते उसी एक्ट को आगे बढ़ाते हैं। 15 साल पहले कांग्रेस के मुख्यमंत्री रहते गुलाम नबी आजाद उसी एक्ट को और आगे ले जाते हैं। फिर 2020 में एक लिस्ट आती है। आरोप लगता है जम्मू कश्मीर में सरकारी जमीन को कौड़ियों में हड़पने की लूट मची थी। आज हम बात करेंगे रोशनी एक्ट की यानी जम्मू कश्मीर राज्य भूमि अधिनियम जिसे फारुख अब्दुल्ला द्वारा साल 2001 में लाया गया था। जो कहता था कि यदि कोई सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर बैठा है तो उसे वो भूमि हस्तांतरित कर दिए जाएंगे और बदले में उससे कुछ पैसे वसूल किए जाएंगे। लेकिन जमीन को औने-पौने दाम पर नेताओं और नौकरशाहों को दे दिया गया और सरकार के हाथ आई कौड़ी।

### रोशनी अधिनियम क्या था?

सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा ये लाइन आपने कई बार पढ़ी या सुनी होगी। जो लोग सरकारी जमीन पर कब्जा करके सालों साल रह रहे होते हैं और हटने का नाम नहीं लेते हैं। इन लोगों को हटाने और फिर रहने के लिए दूसरी जगह देने में प्रशासन का काफी वक्त जाया होता है। इसी के समाधान के तौर पर जम्मू कश्मीर में रोशनी एक्ट आया। औपचारिक रूप से जम्मू और कश्मीर राज्य भूमि (अधिभोगियों के स्वामित्व का अधिकार) अधिनियम, 2001, इसे फारूक अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली तत्कालीन नेशनल कॉन्फ्रेंस सरकार द्वारा 1990 के कट-ऑफ के साथ राज्य की भूमि के कब्जे वाले लोगों को स्वामित्व देने के लिए पारित किया गया था। चूंकि इसका उद्देश्य जल विद्युत परियोजनाओं के लिए संसाधन उत्पन्न करना था, इसलिए इसे रोशनी (प्रकाश) अधिनियम कहा गया। 2005 में मुफ्ती मोहम्मद सईद के नेतृत्व वाली पीडीपी-कांग्रेस गठबंधन सरकार ने इस समय सीमा को बढ़ाकर वर्ष 2004 कर दिया। बाद के संशोधन में गुलाम नबी आजाद सरकार ने बाजार दर के 25त्न पर प्रीमियम निर्धारित किया और जमीन पर कब्जे की सीमा बढ़ाकर वर्ष 2007 कर दी। मतलब जो भी सरकार में आया उसने अपने फायदे के लिए या अपने लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए एक्ट में संशोधन किया। सरकार ने कृषि भूमि पर कब्जा करने वाले किसानों को मुफ्त स्वामित्व अधिकार दिया, जिन्हें केवल 100 रुपये प्रति कनाल भूमि दस्तावेज शुल्क के रूप में भुगतान करने की आवश्यकता थी।

### कितना ट्रांसफर हुआ और सरकार को क्या मिला?

जिस समय इसने अधिनियम पारित किया, सरकार को - जम्मू क्षेत्र में 16.02 लाख कनाल और कश्मीर में 4.44 लाख कनाल यानी कुल मिलाकर 20.46 लाख कनाल (1.02 लाख हेक्टेयर) राज्य भूमि के स्वामित्व को हस्तांतरित करने की उम्मीद थी। सरकार ने 25,000 करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा।

हालांकि, स्वामित्व के हस्तांतरण को केवल 6.04 लाख कनाल के लिए मंजूरी दी गई थी और केवल 3.48 लाख कनाल भूमि वास्तव में हस्तांतरित की गई थी। सरकार ने अपने लक्ष्य को संशोधित कर 317.55 करोड़ रुपये कर दिया और केवल 76.46 करोड़ रुपये कमाए। जिसमें से कश्मीर से 54.05 करोड़ रुपये (123.49 करोड़ रुपये का लक्ष्य) और जम्मू क्षेत्र से 22.40 करोड़ रुपये (लक्ष्य 194.06 करोड़ रुपये आए। कश्मीर में 33,000 कनाल के मुकाबले जम्मू क्षेत्र में 3 लाख कनाल (17,500 हेक्टेयर) का स्वामित्व निहित है। कश्मीर में, इस भूमि का अधिकांश भाग व्यावसायिक घरानों और आवासीय उद्देश्यों के लिए कुछ मामलों में लगभग 100 वर्षों के लिए पट्टे पर दिया गया था।

### जम्मू-कश्मीर रोशनी अधिनियम विवादास्पद क्यों रहा?

कैग ने 2014 की अपनी रिपोर्ट में इस योजना को 25,000 करोड़ रुपये का घोटाला करार दिया था। इसने अनियमितताओं को चिह्नित किया और कहा कि राजनेताओं और प्रभावशाली लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए एक स्थायी समिति द्वारा कीमतों में मनमानी कमी की गई।

वर्ष 2013-14 में कैग् की रिपोर्ट में ये खुलासा हुआ था कि जम्मू कश्मीर सरकार ने इससे कमाई का 25 हजार करोड़ रुपए का जो लक्ष्य रखा था, उससे सरकार को सिर्फ 76 करोड़ रुपये की कमाई हुई। सरकार द्वारा अधिनियम को मंजूरी दिए जाने के कुछ समय बाद ऐसे लोग जो मानदंडों को पूरा नहीं करते थे, लेकिन योजना के तहत भूमि के स्वामित्व में कामयाब रहे के खिलाफ तत्कालीन राज्य सतर्कता संगठन ने कुछ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की।

एक प्रमुख मामला गुलमर्ग भूमि घोटाले के रूप में जाना गया, जिसमें कई शीर्ष नौकरशाहों पर गुलमर्ग विकास प्राधिकरण की भूमि को निजी पार्टियों को अवैध रूप से स्थानांतरित करने का आरोप है। इस मामले के मुख्य आरोपियों में से एक आईएएस अधिकारी बसीर अहमद खान जिन्हें मार्च 2020 में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल का सलाहकार नियुक्त किया गया था। जम्मू क्षेत्र में इसी तरह के मामलों में शीर्ष नौकरशाहों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। 17 प्राथमिकी के आधार पर अधिनियम के उल्लंघन की जांच के लिए उच्च न्यायालय में एक याचिका भी दायर की गई।

### रोशनी अधिनियम कब समाप्त किया गया था?

अक्टूबर 2018 में तत्कालीन राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने रोशनी अधिनियम को संभावित रूप से निरस्त कर दिया।

उनके आदेश में कहा गया है, अधिनियम के तहत सभी लंबित कार्यवाही तुरंत रद्द कर दी जाएगी। सितंबर 2019 में मलिक ने राज्य के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा रोशनी योजना के तहत सभी सौदों की जांच का आदेश दिया। इसके बाद, उच्च न्यायालय में एक और याचिका दायर कर जांच को सीबीआई को स्थानांतरित करने की मांग की गई।

### कोर्ट ने क्या कहा?

अक्टूबर 2020 में उच्च न्यायालय ने रोशनी अधिनियम को अवैध, असंवैधानिक और अस्थिर घोषित किया और अधिनियम के तहत आवंटन को शुरू से ही शून्य घोषित कर दिया। इसने स्वामित्व के हस्तांतरण की सीबीआई जांच का आदेश दिया, इसमें शामिल नौकरशाहों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की और सरकार से आवंटित भूमि के प्रमुख लोगों के नाम सार्वजनिक करने को कहा गया। रोशनी घोटाले में जम्मू-कश्मीर प्रशासन जैसे जैसे नाम सार्वजनिक कर रहा है वैसे वैसे नेशनल कॉफ्रेंस, पीडीपी, और कांग्रेस के नेताओं और उनके रिश्तेदारों के नाम सामने आने लगे। अब तक सार्वजनिक की गई लाभार्थियों की सूची में राजनेताओं, नौकरशाहों और व्यवसायियों के नाम माता-पिता के नाम, निवास, नौकरी प्रोफ़ाइल और संबद्धता के साथ शामिल थे।

### जम्मू में समूहों ने रोशनी अधिनियम के खिलाफ अभियान चलाया गया

जम्मू में कुछ दक्षिणपंथी समूहों ने आरोप लगाया है कि रोशनी अधिनियम हिंदू बहुल जम्मू जिले की जनसांख्यिकी को बदलने के लिए था। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा था कि अदालत के अवलोकन ने साबित कर दिया है कि जनसांख्यिकीय परिवर्तन हुआ था।

राज्य सरकार के आदेश में भूमि हस्तांतरण के तीस हजार मामले दर्ज किए गए, जिनमें से 25,000 से अधिक मामले जम्मू से और केवल 4,500 कश्मीर से थे। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि जम्मू जिले में 44,912 कनाल के स्वामित्व अधिकार हस्तांतरित किए गए हैं - जो कि पूरी कश्मीर घाटी में हस्तांतरित भूमि से अधिक है।

## चिंतन नहीं करेगी कांग्रेस तो शून्य पर ही स्थिर होकर रह जायेगी

सुरेश हिंदुस्थानी

**जहां तक उत्तर प्रदेश की बात है तो वहां भी कांग्रेस पतन की ओर ही तेज गति से अग्रसर हुई है। चुनाव से पूर्व कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा की ओर से महिलाओं को प्रमुखता देने की बात जोर शोर से की गई, लेकिन यह मात्र शिगूफा बनकर ही रह गया।**

पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद निश्चित ही कांग्रेस पार्टी के भविष्य के लिए एक ऐसा प्रश्नचिन्ह स्थापित हो गया है, जिसका जवाब फिलहाल न तो कांग्रेस नेतृत्व के पास है और न ही अब इसका जवाब आसान ही रह गया है। कांग्रेस में ऐसी स्थितियों के पीछे क्या कारण हैं? क्यों कांग्रेस निरंतर अपने अस्तित्व को खोती जा रही है? इसके पीछे के कारण तलाश किए जाएं तो कहीं और जाने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि गाहे बगाहे कांग्रेस के अंदर ही अंदर जिस प्रकार के स्वर मुखरित हो रहे हैं, उसका यही सही जवाब है, लेकिन ऐसा लगता है कि कांग्रेस इन स्वरों से इत्तेफाक नहीं रखती। कांग्रेस की दुर्गति के बारे में कहा जाए तो यह कहना भी तर्कसंगत ही होगा कि इसके बारे में उसकी नीतियां ही जिम्मेदार हैं। तर्कों के माध्यम से भले ही सत्य को झुठलाने का प्रयास किया जाए, लेकिन एक दिन सत्य सामने आता ही है। बस इसी सत्य को कांग्रेस के नेताओं को समझने की आवश्यकता है। इस सत्य को जब तक कांग्रेस नहीं समझेगी, तब तक उसका उत्थान संभव ही नहीं है।

पिछले दो बार के लोकसभा चुनावों के बाद कांग्रेस की जो राजनीतिक स्थिति बनी, वह कांग्रेस के लिए एक स्पष्ट चेतावनी भी थी, इस बारे में कई कांग्रेस के नेताओं ने अपने नेतृत्व को आत्ममंथन के लिए आगाह भी किया था, लेकिन कांग्रेस ने इन बातों को सुनने की बजाय अपने कानों को लगभग बंद ही कर लिया। हालांकि नेतृत्व परिवर्तन के लिए कवायद भी प्रारंभ हुई थी, लेकिन परिणाम जो निकला, वह ढाक के तीन पात जैसा ही था। गांधी परिवार से बाहर का अध्यक्ष बनाए जाने की बात हवा में ही उड़ गई। कहने के बाद भी अगर गांधी परिवार के बाहर का अध्यक्ष नहीं बना तो इसके पीछे केवल यही कारण था कि इस परिवार के अलावा कांग्रेस का कोई भी नेता ऐसा नहीं है जो पार्टी को एक रख सके।

अब कांग्रेस में सुधार की गुंजाइश की संभावना में मंथन करने वाला समूह एक बार फिर राष्ट्रीय नेतृत्व पर ठीकरा फोड़ने की कवायद करता हुआ दिखाई दे रहा है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री शशि थरूर बहुत पहले से नेतृत्व परिवर्तन पर मंथन करने पर जोर देते रहे हैं, अब भी कुछ इसी प्रकार की आवाज उठा रहे हैं। इसी प्रकार जी-23 में शामिल नेता भी दो वर्ष पूर्व से अपनी आवाज मुखर कर रहे हैं, लेकिन उनकी आवाज को भी कोई महत्व नहीं दिया जा रहा है।

जब से कांग्रेस ने पराभव की ओर कदम बढ़ाने प्रारंभ किए हैं, उस दिन के बाद न तो कांग्रेस में अपनी स्थिति सुधारने की दिशा में कोई प्रयत्न हुए हैं और न ही ऐसा कोई प्रयास ही किया गया है।

इसको लेकर कांग्रेस में अंदर ही अंदर लावा सुलग रहा है, जिसकी हल्की सी चिंगारी ने ही कांग्रेस को कमजोर किया है, लेकिन अब भविष्य में कांग्रेस के अंदर बड़े विस्फोट की भी आशंका भी निर्मित होने लगी है। आज कांग्रेस के दिग्गज नेता असहज महसूस करने लगे हैं। वरिष्ठ नेता के रूप में पहचान बनाने वाले आज मायूस हैं। वे कभी खुलकर बगावत करने की स्थिति में दिखाई देते हैं तो कभी अपने प्रति होने वाली उपेक्षा से दुखी दिखाई देते हैं।

## अम्बरनाथ गवर्नमेंट आय टी आय द्वारा एन एस एस (राष्ट्रीय सेवा योजना) कार्यक्रम सम्पन्न



गवर्नमेंट आय टी आय द्वारा पांच दिवसीय एन एस एस (राष्ट्रीय सेवा योजना) कार्यक्रम सम्पन्न। भारत सरकार के एन एस एस योजना के अन्तर्गत आय टी आय (इंडस्ट्रलियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट) के अलग अलग ट्रैड के विद्यार्थियों का पांच दिवसीय कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इन पांच दिवस में विद्यार्थियों ने नवली चिंचोली गांव के स्कूल, मंदिर, स्मशान भूमि तथा अनेक जगहों पर 100 से अधिक पेड़ लगा कर गांव का कायापलट किया। जो अत्यंत सराहनीय है। गांव के लोग भी इस कार्य से अति प्रसन्न है।

14 मार्च 2022 से इसकी शुरुवात की गई। श्रमसंस्कार के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, एक दूसरे को जानना तथा अपने आप की खोज करना मुख्य उद्देश्य था। Not me but You के तर्ज पर विद्यार्थियों ने बहुत कुछ सीखा।

एन एस एस के अंतिम शाम को प्रो डॉ दिनेश गुप्ता आमंत्रित थे। जिन्होंने अपने व्याख्यान से विद्यार्थियों का दिल जीत लिया। सभी मे एक नया उत्साह, नई प्रेरणा का संचार हुआ। अपने वक्तव्य में उन्होंने माइंडसेट, रेनबो जेब्रा, रोज नया सीखे और धन्यवाद का नजरिया सिखाया। जिससे सभी जन प्रभावित और प्रेरित हुए। आज के इस कार्यक्रम में प्राचार्य अजित शिंदे सर, गांव के सरपंच श्री निलेश म्हात्रे, एन एस एस ग्रुप ऑफिसर सानप सर, युनियन अध्यक्ष श्री विनोद पाटील सर, मंत्री महोदय के स्वीय साहाय्यक श्री अरिफजी मुजावर, बारगल सर, गांगुर्डे सर तथा जनसंपर्क अधिकारी श्री भोपी सर उपस्थित थे।

## कोई हिजाब पहनने पर अड़ा है तो पहनने दीजिये, कक्षा में खुद उसका मजाक बन जायेगा

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

**पैगंबर मोहम्मद के जमाने में श्रेष्ठी महिलाओं को दुष्कर्मियों से बचाने के लिए और चालू औरतों से अलग दिखाने के लिए हिजाब का चलन शुरू किया गया था। अब उसी परंपरा को डेढ़ हजार साल बाद दुनिया के सभी देशों की मुसलमान औरतों पर थोप देना कहां तक उचित है?**




कर्नाटक उच्च न्यायालय ने स्कूल-कालेजों में हिजाब पर प्रतिबंध को सही ठहरा दिया है। मेरी राय में हिजाब पहनना और हिजाब पर प्रतिबंध, दोनों ही गैर-जरूरी हैं। हमें उससे आगे की सोचना चाहिए। मुसलमान औरतें हिजाब पहनें, हिंदू चोटी-जनेऊ रखें, सिख पगड़ी-दाढ़ी-मूंछ रखें और ईसाई अपने गले में क्रास लटकाएं- ये निशानियां धर्म का अनिवार्य अंग कैसे हो सकती हैं? धर्म तो शाश्वत और सर्वकालिक होता है और इस तरह की ये बाहरी निशानियाँ देश-काल से बंधी होती हैं। आप जिस देश में जिस काल में रहते हैं, उसकी जरूरतों को देखते हुए इन बाहरी चीज़ों का प्रावधान कर दिया जाता है। इन्हें सार्वकालिक और सार्वदेशिक बना देना तो बड़ा ही हास्यास्पद है। यदि कनाडा की भयंकर ठंड में कोई पुरोहित सिर्फ धोती या लुंगी पहनकर पूजा-पाठ कराए या विवाह-संस्कार करवाए तो उसे ढेर होने से उसका परमात्मा भी नहीं बचा सकता। कनाडा में सिख पगड़ी पहनें तो वहां के मौसम में वह धक सकती है लेकिन अरब देशों में वह आरामदेह रहेगी क्या? इसी तरह पैगंबर मोहम्मद के जमाने में श्रेष्ठी महिलाओं को दुष्कर्मियों से बचाने के लिए और चालू औरतों से अलग दिखाने के लिए हिजाब का चलन शुरू किया गया था। अब उसी परंपरा को डेढ़ हजार साल बाद दुनिया के सभी देशों की मुसलमान औरतों पर थोप देना कहां तक उचित है? दुनिया के कई मुस्लिम और यूरोपीय देशों ने हिजाब पर प्रतिबंध लगा रखा है, क्योंकि चेहरे को छिपाने के पीछे दो गलत कारण काम करते हैं। एक तो अपराधियों को शै मिलती है और दूसरा सामूहिक अलगाव प्रकट होता है। सांप्रदायिकता पनपती है। मैं तो सोचता हूं कि हिंदू पर्दा और मुस्लिम हिजाब, दोनों ही औरतों के अधिकारों का हनन भी है। ऐसी असामयिक और अनावश्यक प्रथाओं का त्याग करवाने का अभियान धर्मध्वजियों को आगे होकर चलाना चाहिए। स्कूल-कालेजों में यदि विशेष वेश-भूषा का प्रावधान है तो उसे सबको मानना चाहिए लेकिन यदि कोई छात्रा हिजाब पहनकर कक्षा में आना चाहती है तो वह अपने आप को खुद मजाक का केंद्र बनाएगी। उसका हिजाब अपने आप उतर जाएगा। उसकी अक्ल पर पड़े हिजाब को आप अपने आप क्यों नहीं उतरने देते? तीन-चार हजार छात्र-छात्राओं के कालेज में पांच-छह लड़कियां हिजाब पहनकर आती रहें तो उससे क्या फर्क पड़ना है? यह हिजाबबाज़ी घोर सांप्रदायिकता, घोर अज्ञान और घोर पोंगापंथ के कारण भी हो सकती है। हमारी मुसलमान माँ-बहनें स्कूलों में ही नहीं, सर्वत्र इससे बचें, इसके लिए कानून से भी ज्यादा जिम्मेदारी है, हमारे मुल्ला मौलवियों की। वे यदि इस्लाम को आधुनिक बनाने और उसके बुनियादी सर्वहितकारी सिद्धांतों को मुसलमानों में लोकप्रिय करने का जिम्मा ले लें तो किसी कानून की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।

## 30 साल पहले हुए एक दर्दनाक हादसे के दर्द हुए ताजा



आशी पाराशर गौड़

आज कल सभी एक फिल्म की चर्चा मे लगे है सभी उस दर्द को आज महसूस कर रहे है जो आज से तकरीबन 30 साल पहले हुए एक दर्दनाक हादसे के दर्द को ताजा कर दिया है। सोशल मीडिया का प्रमोशन अपने स्तर पर जारी है, फिल्म के निर्देशक जी का देश के प्रधानमंत्री से मिलना और फोटो सोशल मीडिया द्वारा सभी के रूबरू कराना यह हम सभी ने देखा। सिनेमाघर से कई महिलायें उस दर्द को महसूस कर रोते हुये निकली। ऐसा माना जा रहा है की फिल्म के निर्देशक ने इतिहास रचा है सच्चाई को सबके सामने ला कर। यह बहुत बड़ी बात है तो, परंतु बॉलीवुड मे कई बार इस प्रकार की फिल्म बनी है पर उन फिल्मों को इतनी प्रसिद्द नहीं मिली। या यू भी कह सकते है की किसी ने इस प्रकार प्रमोशन नहीं किया होगा। सबका अपना सत्य है सब अपनी तरह उसे प्रस्तुत भी करते है।

आज मैं सविधान द्वारा दिये गए अपने बोलने ओर लिखने के आधिकार का प्रयोग करते हुये यह पूछना चाहती हूँ, उन चुनन्दा राजनीतिज्ञो से की आज ही क्यू ? भारत के नागरिक होने के नाते मैं यह कहना चाहती हु की आज ही क्यू ? कही यह सब 2024 की तैयारी तो नहीं। 1990 मे हुयी चूक के लिए विपक्ष को घेरने की तैयारी तो नहीं है। समय के साथ यह भी साफ हो जाएगा, पर उस दर्द का क्या जिस को ताजा कर के आप अपने कदमो से उसे कुचल रहे है। कही इसकी बड़ी भरपाई हम मे से किसी को देनी ना पड़े। आज मुझे ऐसा एहसास हुआ क्यूकी आज भी सिर्फ चर्चा है काम नहीं। चर्चाओ का बाजार गरम है। काम का नहीं।

बता देना चाहती हूँ की 1990 मे जब यह पलायन हुआ था तब भी चंद लोग कुर्सी पर बैठे उन चुनिन्दा लोगो की कटपुटली थे और आज भी वही हालत है। देश तो तब भी देख रहा था और आज भी देख रहा है। परंतु मेरी समझ यह समझने से कायल है की 1990 मे हुये नरसंहार में आज तक कोई पकड़ा क्यो नहीं गया तब से अब तक कुछ मजबूत कदम क्यो नहीं उठे ? तब यह मुद्दा संसद मे क्यो नहीं गरमाया आज इतने समय बीत जाने के बाद हमारी माननीय वित मंत्री संसद मे मर्दो की सभा मे औरतो के दर्द की बात की। तब भी निर्वस्त एक औरत ही हुयी मर्दो के बीच और आज फिर मर्दो की सभा मे राजनीति के खेल के लिए फिर निर्वस्त औरत ही हुयी। आज से पहले भी आवाज उठी, सब को जगाने की कोशिश की गयी, पर इतना वक्त लग गया कश्मीरी पंडितो के दर्द को महसूस करने मे। बता दे की मुझे इस फिल्म से कोई परेशानी नहीं है, मुझे तो उन से परेशानी है जो इस मुद्दे पर राजनीति कर रहे है।

या ये कहा जाए की कोई मुदा नहीं है पार्टी पर राजनीति करने के लिए तो क्यू न पंडित वादी राजनीति की जाए। सब के अपने विचार है और उन विचारो मे मेरा ये विचार है की ¬गलत हुआ, बहुत गलत हुआ पर शायद अब इन बातो को उठा कर हम उनके घावो को हारा कर रहे है जो इस दर्द को भूल चुके है या कहे की भूलने की कोशिश कर रहे है। एक मूवी बनाके आप ये तो बता सकते है की बहुत दर्द है लेकिन आप उस दर्द के लिए कुछ कर नहीं पाये तब भी 1990 और आज भी 2022। सब अपनी अपनी राजनीति करने मे व्यस्त है वित मंत्री सीता रमन ने संसद मे इस मुदे पर कांग्रेस से कई सवाल पूछे पर कोई मंत्री जी से भी तो पूछे की आप क्या कर रही है सिर्फ चर्चा या कुछ काम। क्या कुछ ज्यादा देर नहीं हो गयी इस मुदे पर राजनीति के लिए। सब जानते है की 19 जनवरी 1990 को जगमोहन मल्होत्रा जी को कश्मीर के गवर्नर का चार्ज सौंपा गया था। वह तारीख भी वही थी 19 जनवरी 1990 वह सीधे जम्मू पहुचे घाटी मे नहीं क्योकि सर्दी की राजधानी जम्मू थी। लगभग सभी बड़े सैन्य ओर सिविल आधिकारी उनके स्वागत के लिए जम्मू गए हुये थे और फिर उस सर्द भरी रात मे कुछ ऐसा हुआ जिसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता। ऐसा भी नहीं है की एक रात मे ही पलायन की दस्ता लिख दी गयी। 4 जनवरी को अखवारों मे यह फरमान निकाला गया था की कश्मीरी पंडित कश्मीर छोड़ दे वरना धर्म परिवर्तन करवा ले, और ये सिलसिला चलता गया। बता दें कि कश्मीर में साल 1990 में हथियारबंद आंदोलन शुरू होने के बाद से अब तक लाखों कश्मीरी पंडित अपना घर-बार छोड़ कर चले गए थे, उस वक्त हुए नरसंहार में सैकड़ों पंडितों का कत्लेआम हुआ था। कैसे टूटा था कश्मीरी पंडितों पर कहर यह तो शब्दो मे व्यक्त भी नहीं किया जा सकता। महिलाओ की अबुरु बाजार मे उछली थी। रातो रात अपना बसा बसाया आशिया छोड़ चल दिये थे वो पंडित, जो आज भी मन मे वापस जाने का सपना तो देखते है पर कुछ दर्दनाक किस्से उस मन को बदल देते है।

पलायन कर जम्मू में रहने वाले और रिसर्चर, डॉ रमेश तामिरी उस दौर को याद करते हुए टाइम्स नाउ नवभारत डिजिटल से कहते हैं 1981-82 में जब राज्य में आतंकवाद शुरू हुआ, उसके बाद से कश्मीरी पंडितों के खिलाफ एक अभियान शुरू हो गया। आतंक फैलाने के लिए 1986 में अनंतनाग में टारगेटेड हमला किया गया। लोगों के घर जलाए गए, हत्याएं की गई। उस वक्त जो सरकारें थी और उनके तहत काम करने वाले एक तबके में भी भारत विरोधी माहौल बन गया था। कानून व्यवस्था की गंभीर स्थिति को देखते हुए केंद्र में मौजूद इंदिरा गांधी सरकार ने फारूख अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली राज्य सरकार को 1984 में बर्खास्त कर दिया। लेकिन साल 1989 आते-आते कश्मीरी पंडित सीधे तौर पर निशाने पर आ गए। इस बीच 14 सितंबर 1989 को प्रमुख हिंदू नेता टीका लाल टपलू की हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद से पलायन तेजी शुरू हो गया। कश्मीरी पंडित इसीलिए टपलू की हत्या के दिन को शहीद दिवस के रूप में मनाते हैं।

अंत मे बस मैं यही कहना चहुंगी फिल्मे आती है आती रहेगी पर कुछ दर्द ऐसे होते है जो सोचने पर भी डर लगता है जिसने कोई अपना खोया है उस पलायन मे उस से जा के पूछो की क्या वो फिल्म देखना चाहता है, वो उस दर्द को उस कमी को दुबारा महसूस करने जैसा होगा। परेशानी से निकलें के लिए कुछ करे ना की बढ़ाने के लिए।

## आ जाए चैन!



थम जाए युद्ध ।
आ जाए चैन ।।
रही निहार दुनिया ।
खुले सबके नैन ।।
हो जाए अब शांति ।
है गंदा माहौल ।।
शायद अब सभी का ।
खून रहा है खौल ।।
रह कर डर के साए में ।
हो गए मजबूर ।।
समाधान तो चाहिए ।
त्वरित अब जरूर ।।
ना सुधरे हालात ।
त्रासदी का दौर ।।
कर रहे हैं सारे ।
दिल से इस पर गौर ।।

कृष्णेन्द्र राय

## शार्ट न्यूज

### पति की हत्या कर महिला ने किया आत्मसमर्पण

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश में मुरादाबाद के मैनाठेर क्षेत्र में जीजा के इश्क में दीवानी महिला ने अपने पति की ईट से कुचल कर हत्या कर दी और महिला पुलिस थाने में जाकर आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि क्षेत्र के गांव बघी का निवासी रवि ( 32 ) यहां किराए के मकान पर पत्नी क्रांति ( 28 ) और चार साल की बेटी सिद्धी के साथ रहता था। रवि यहां एक पीतल फैक्ट्री में काम करता था। मृतक के परिजनों का कहना है कि रवि और क्रांति का विवाह चार वर्ष पूर्व हुआ था। कांता ही रवि को जिद्द करके गांव से शहर लेकर आई थी ।परिजनों का आरोप है कि अक्सर वह दिल्ली में रह रहे अपने जीजा महिपाल के पास ही रहने की रट लगाए रहती थी। आरोप है कि दिल्ली निवासी जीजा के साथ उसके अवैध संबंध रहे हैं, जिसका रवि बार-बार विरोध किया करता था ।होली से दो दिन पहले ही वह दिल्ली से आई थी और आज 11 बजे पुलिस से जानकारी मिली कि रवि की हत्या हो गई है। रवि के भाई भूपेंद्र सिंह ने बताया कि करीब डेढ़ साल पहले रवि को पता चला कि उसकी बीवी का जीजा महिपाल के साथ नाजायज रिश्ता है। पिछले छह माह से अपने जीजा के साथ दिल्ली में ही रह रही थी। भूपेंद्र ने बताया कि क्रांति का जीजा महिपाल मुरादाबाद में ही छजलैट थाना क्षेत्र के गांव राजीपुर का निवासी है ।चार साल की मासूम सिद्धी इस कत्ल की एकमात्र चश्मदीद गवाह है।

### सहारनपुर में होली के दौरान झड़पों में एक मरा,15 घायल

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में रंगोत्सव के मौके पर कई स्थानों पर संघर्ष की घटनाओं में दर्जनों लोग घायल हो गए। नानौता थाने के ढाकादेई गांव में कल शाम मामूली बात को लेकर दो पक्षों में जमकर पथराव और लाठी-डंडे चले। गांव के 26 वर्षीय युवक बिंदुराज कश्यप की मौत हो गई। एक महिला समेत 15 लोग घायल हो गए। गांव में पीएसी तैनात कर दी गई। पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना फतेहपुर क्षेत्र की शिव विहार कालोनी में कल दोपहर कार बैक करने के दौरान होली खेल रहे बच्चों से टकरा गई। इस बात को लेकर वहां कार मालिक सतीश पुंडीर से कहासुनी का मामला इतना बढा कि दो पक्षों के बीच जबरदस्त संघर्ष हो गया। बीच-बचाव करने के प्रयास में प्रमोद शर्मा, कुलदीप शर्मा, दिनेश पुंडीर, ब्रहमदत्त आदि घायल हो गए। हुडदंगियों ने मौके पर खडी दो गाडियों को क्षतिग्रस्त कर दिया। एसपी देहात अतुल शर्मा ने बताया कि ढाकादेई संघर्ष के मामले में 15 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने शनिवार सुबह सात लोगों रजनीश, सोनू, ओमवीर, प्रताप, नीटू, जसबीर और अनिल को गांव ढाकादेई स्थित पहल सिंह के आम के बाग से गिरफ्तार कर लिया।

### डीजे पर गाने को लेकर दो पक्षों में पथराव

अमरोहा। उत्तर प्रदेश के अमरोहा में होली के जुलूस के दौरान डीजे पर गाने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर पथराव हुआ। इसके बाद क्षेत्र में एहतियात के तौर पर पीएसी के अलावा भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार को हुये बवाल के सिलसिले में पुलिस ने आज सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि अन्य की घटना के वीडियो के आधार पर पहचान की जा रही है ।उन्होने बताया कि नमाज के वक्त डीजे बजाने को लेकर दो संप्रदाय के लोग आमने-सामने आ गए थे, एक-दूसरे पर दोनों ओर से पथराव हुआ जिससे दो लोग चोटिल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा मामला शांत कराया। सुरक्षा के लिहाज से भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई। गौरतलब हो कि नगर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला छंगा दरवाजा में शुक्रवार सुबह से दलित समाज के लोग रंग खेलने में जुटे थे। दोपहर आते आते हुरियारों का उल्लास अपने चरम पर पहुंच गया था। आएंगे योगी जी डीजे बजाकर हुरियारों ने डांस करना शुरू कर दिया। एक-दूसरे पर रंग-गुलाल भी उड़ाया। नमाज के वक्त डीजे पर तेज आवाज में चल रहे गाने का दूसरे संप्रदाय के लोगों ने विरोध जताया। कुछ ही देर में देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। मौके पर जमकर पथराव भी किया गया। पथराव की चपेट में आकर दो लोग चोटिल भी हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर शुक्ला व पुलिस क्षेत्राधिकारी विजय कुमार राणा भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा मामला शांत कराया। तनाव के मद्देनजर पीएसी जवानों की तैनाती की गई है। घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### नारेबाजी से नाराज समुदाय विशेष के लोगों ने किया चाकू से हमला

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में फाजिलनगर कस्बे के एक सिनेमा हाल के लगे कश्मीर फाइल फिल्म देखने के बाद बाहर निकल रहे युवकों की नारेबाजी से नाराज एक समुदाय विशेष के लोगों ने चाकू से हमला कर दिया जिसमें तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। फाजिलनगर नगर पंचायत के एक सिनेमाघर में कश्मीर फाइल फिल्म चल रही है। शुक्रवार को अंतिम शो में विकास खण्ड के जोकवा बाजार निवासी कुछ युवक उस फिल्म को देखने पंहुचे। फिल्म देखने के दौरान युवक जोश में आकर नारे लगाने लगे जो एक धर्म विशेष के युवकों को नागवार लगा। शो समाप्त होने के बाद बाहर निकलने के बाद उनके बीच इसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गयी। इसी बीच एक धर्म विशेष के युवकों ने उन पर चाकू से हमला कर दिया जिसमे साहुल, कृष्णा और सचिन गंभीर रूप से घायल हो गये। तीनों को सीएचसी फाजिलनगर पहुचाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के तीनों मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया।

### जौनपुर में बीएससी छात्र समेत दो की नदी में डूबने से मौत

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में शुक्रवार को अलग-अलग स्थानों पर स्नान करते समय बीएससी के छात्र समेत दो युवकों की सई नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार जिले में सुजानगंज थाना क्षेत्र के फरीदाबाद (बालवरगंज बाजार) निवासी 25 वर्षीय आनंद गुप्ता उर्फ ललऊ होली खेलने के बाद करीब साढ़े तीन बजे कुछ मित्रों के साथ नारीपुर ( डीह गड़वार) स्थित कारूवीर घाट पर स्नान करने गया था। स्नान करते समय आनंद गहरे पानी में चले जाने से डूबने लगा। साथियों के शोर मचाने पर घाट पर मौजूद अन्य लोगों ने बचाने की भरसक कोशिश की, मगर नाकाम रहे। पुलिस ने मल्लाहों को तलाश के काम में लगाया। करीब शाम सवा छह बजे शव मिल गया। मृत युवक के पिता रोजी-रोटी के सिलसिले में सूरत ( गुजरात) रहते हैं। वह घर मां व छोटे भाई के साथ रहता था। इसी तरह जिले में मछलीशहर कोतवाली क्षेत्र के सकरा गांव निवासी चंद्र प्रकाश पांडेय का 18 वर्षीय पुत्र प्रशांत पांडेय प्रयागराज से बीएससी की पढ़ाई कर रहा था, वह होली की छुट्टी में घर आया था। होली खेलने के बाद प्रशांत कुछ साथियों के साथ गांव में ही नदी में नहाने गया था। गहरे पानी में जाने से वह डूब गया। साथियों के शोर मचाने पर पहुंचे ग्रामीणों ने खोजबीन के दौरान करीब 45 मिनट बाद प्रशांत को खोज निकाला। बेहोशी की हालत में मछलीशहर स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। डाक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया।

### ललितपुर में ट्रक से टकरायी बाइक, दो मरे

ललितपुर। उत्तर प्रदेश में ललितपुर के तालबेहट कोतवाली क्षेत्र में एक तेज रफ्तार बाइक के सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराने से दो लोगों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर स्थित ग्राम कडेसरा कलां के निकट बीती देर रात्रि तेज गति से झांसी से ललितपुर की ओर आ रही बाइक सड़क किनारे ट्रक से पीछे से जा टकराई। इस हादसे में दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए जिन्हे उपचार के लिये उच्चीकृत स्वास्थ केन्द्र तालबेहट लायी। दोनों की हालत गम्भीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज रैफर कर दिया, लेकिन झांसी ले जाते समय रास्ते में ही दोनों की मौत गई। मृतकों की शिनाख्त कोतवाली तालबेहट के मोहल्ला चोबयाना निवासी राजकिशोर नामदेव व ग्राम बरीखुर्द निवासी नत्थू सिंह यादव के रूप में की गई।

# इटावा में सड़क हादसे में पिता पुत्री समेत तीन मर

**एजेंसी**

**इटावा।** उत्तर प्रदेश में इटावा जिले फ्रेंड्स कालोनी थाना क्षेत्र में साई कोल्ड स्टोरेज के पास कार और डंपर की हुई जोरदार भिड़ंत में कारोबारी पिता और उनकी पुत्री समेत तीन लोगों की मौत हो गई है जबकि पत्नी,बेटी और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिनको उपचार के लिए सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में भर्ती करा दिया गया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि कारोबारी परिवार स्विफ्ट डिजायर कार से मथुरा वृंदावन से होली समारोह में शामिल होने के बाद अपने जिले जालौन वापस जा रहा था । इटावा से निकलते ही आगरा कानपुर हाईवे पर फ्रेंड्स कालोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत साईं कोल्ड स्टोरेज के सामने एक बेकाबू




डंपर ने स्विफ्ट डिजायर गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी । टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौका ए वारदात पर तीन लोगों की मौत हो गई ।

उन्होने बताया कि यह हादसा शुक्रवार और शनिवार देर रात करीब दो बजे का है।

सभी घायलों को लेकर पुलिस करीब 3 बजे डा भीमराव अंबेडकर राजकीय संयुक्त चिकित्सालय पहुंची। जहां डाक्टरों ने कारोबारी दिलीप पोरवाल निवासी मोहल्ला चौधरान कोतवाली जालौन उनकी बेटी आरुषि पोरवाल और ड्राइवर डब्बू को मृत घोषित कर दिया।

जबकि प्राथमिक उपचार के बाद कारोबारी की पत्नी अंजलि पोरवाल उनकी दूसरी बेटी शिवानी और उनके साथी अजय राठौर को बेहतर उपचार के लिए सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी भेज दिया है।

### मामा भांजे की हत्या के मामले में दो दारोगा निलंबित

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में दो दिन पूर्व सुमेरपुर क्षेत्र में मामा,भांजे की हत्या के मामले में पुलिस अधीक्षक ने सुमेरपुर के थाना निरीक्षक व चौकी इंचार्ज को कार्य में शिथिलता बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया है। पुलिस अधीक्षक के के दीक्षित ने शनिवार को बताया कि 16 मार्च को कानपुर निवासी मयंक शर्मा (19) व उसके भांजे बिपुल शर्मा (17) की हत्या कर शव पत्योरा गांव के एक कुएं मे फेक दिया गया था।

## सोनभद्र में सड़क हादसे में दंपत्ति और पुत्री की मौत

सोनभद। उत्तर प्रदेश में सोनभद्र के कोन क्षेत्र में शनिवार को कार की टक्कर से बाइक सवार दंपत्ति और उनकी पुत्री की मौत हो गयी जबकि ढाई साल का बेटा गम्भीर रुप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ग्राम पंचायत बरवाडिह के टोला कोलडिहवा निवासी मुस्तकीम अंसारी पत्नी व दो बच्चो के साथ विंढमगंज की ओर बाइक से जा रहे थे कि कोन-विंढमगंज मार्ग पर कुड़वा मोड़ पर विंढमगंज की ओर से आ रही क्रेटा कार से जोरदार टक्कर हो गयी। इस हादसे में मुस्तकीम, उसकी पत्नी व एक बच्चे की मौके पर मौत हो गयी जबकि ढाई वर्ष का बच्चा गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज हेतु अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। बच्चे की स्थिति भी नाजुक बनी हुयी है।

## गोरखपुर में दरोगा ने खुद को गोली से उड़ाया

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश में गोरखपुर जिले के तिवारीपुर थाने में तैनात एक दरोगा ने अपने सरकारी आवास में गोली मारकर खुदकुशी कर ली।

पुलिस अधीक्षक नगर सोनल कुमार ने बताया कि 30 वर्षीय हरेंद्र प्रताप सिंह की ड्यूटी शनिवार को होली पर्व पर निकलने वाली नरसिंह यात्रा के लिये लगी थी। गोली चलने की आवाज सुनकर थाने के लोग उनके आवास में गए। हरेंद्र जमीन पर खून से लथपथ पड़े थे और उन्हें तत्काल मेडिकल कालेज उपचार के लिए लाया गया जहां डॉक्टर ने मौत की पुष्टि कर दी। मृतक दरोगा अयोध्या जिले के रहने वाले थे। एक साल से उनकी तैनाती तिवारीपुर थाने में बतौर सेकेंड अफसर थी।

थाना परिसर में स्थित सरकारी आवास में ही हरेंद्र रहते थे। शनिवार सुबह छह बजे बजे थाने में तैनात पुलिसकर्मी घंटाघर से निकलने वाली भगवान नरसिंह की शोभायात्रा में ड्यूटी करने के लिए निकल रहे थे।

इसी दौरान सरकारी आवास की तरफ गोली चलने की आवाज सुनाई दी। सिपाहियों के साथ थानेदार राजेन्द्र प्रताप सिंह पहुंचे तो देखा कि दारोगा हरेंद्र प्रताप सिंह अपने आवास की फर्श पर खून से लथपथ पड़े थे। बगल में ही उनकी सरकारी पिस्टल पड़ी थी। सरकारी जीप से ही अचेतावस्था में हरेंद्र को थानेदार मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

घटना की जानकारी होते ही गोरापुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ विपिन ताडा, एसपी सिटी सोनम कुमार फोर्स के साथ मेडिकल कालेज पहुंच गए और थानेदार से घटना की जानकारी ली। प्रभारी निरीक्षक तिवारीपुर राजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि दारोग़ा को गोली कैसे लगी इसकी जांच चल रही है। थाने में तैनात पुलिसकर्मी चर्चा कर रहे थे कि पारिवारिक विवाद में दरोगा ने खुद को गोली मारी है। पिछले कई दिनों से हरेंद्र परेशान दिख रहे थे वहीं यह भी चर्चा है कि वह छुट्टी न मिलने से भी परेशान थे। जिस कमरे में घटना हुई है उसे सील कर दिया गया है। फोरेंसिक टीम मामले की जांच कर रही है।

# योगी सरकार 2.0 पर महिला उत्थान पर होगी खास नजर

**एजेंसी**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में दूसरी बार सरकार बनाने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार अगले पांच वर्षों में गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाली महिलाओं पर विशेष फोकस रखेगी।

अधिकृत सूत्रों ने शनिवार को बताया कि सरकार अपने दूसरे कार्यका में महिलाओं को रोजगार देने और स्वरोजगार के अवसर से जोड़ने के प्रयास तेजी से शुरू करेगी। इसके लिए उसने आटा-मसाला चक्की योजना के प्रारूप को अंतिम रूप दे दिया है। सरकार बनने के तत्काल बाद अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास



निगम अपनी इस योजना का लाभ युद्ध स्तर पर महिलाओं को देने का शुभारंभ करेगा।

प्रदेश सरकार ने बीते पांच वर्षों में गरीबी रेखा से नीचे निवास करने वाली महिलाओं को स्वावलंबी बनाने और रोजगार से जोड़ने, उनके ग्रह उद्योग स्थापित करने के लिए बड़े कार्य किये हैं। अब नई सरकार बनने पर इस प्रयासों को और तेजी से जिलों में गांव-गांव तक लागू किया जाएगा। योजना के तहत महिलाओं को आटा और मसाला चक्की की इकाई स्थापित करने के लिए अनुदान दिया जाएगा।

गौरतलब है कि सरकार का प्रयास महिलाओं को सशक्त बनाने का है। इस कड़ी में आटा-मासाला चक्की स्थापित करने की योजना भी महिलाओं को संबल प्रदान करेगी। उनको रोजगार का अवसर देने के साथ ही परिवार का पालन-पोषण करने के लिए मजबूत बनाएगी।

सरकार की योजना के तहत सबसे पहले प्रदेश के 18 मण्डलीय मुख्यालयों के जनपदों में प्रति जिला 125 महिलाओं को लाभान्वित किया जाएगा। कुल 2250 महिलाए योजना से जुड़कर अपने आटा-मसाला चक्की की इकाई स्थापित कर सकेंगी। इकाई की स्थापना के लिए प्रति महिला को 20 हजार रुपये दिया जाएगा। इसमें 10 हजार रुपये अनुदान के रूप में और बाकी राशि ब्याज मुक्त ऋण के रूप में विशेष केन्द्रीय सहायता से दी जाएगी। सरकार ने इस योजना को पाइलेट प्रोजेक्ट के रूप में 02 जनपदों से शुरू करते हुए 17 महिला लाभार्थियों को चयनित भी किया है। बाकी जनपदों में महिलाओं को योजना से जोड़ने की तैयारी अब और तेजी से शुरू की जाएगी।

## अमरोहा में होली के जुलूस पर पथराव से तनाव, कई घायल

अमरोहा। उत्तर प्रदेश के अमरोहा में शुक्रवार को होली के हुड़दंग में निकाले गये जुलूस में समुदायों के लोग आपस में भिड़ गये और इस दौरान हुए पथराव में दो लोगों के घायल होने से इलाके में तनावपूर्ण माहौल हो गया।

घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गयी। पुलिस ने बताया कि अमरोहा शहर के मोहल्ला छंगा दरवाजा में होली के त्योहार पर डीजे की धुनों पर थिरक रहे योगी समर्थकों पर दूसरे समुदाय के लोगों ने जमकर पथराव कर मारपीट भी की। इसमें कम से कम दो लोग घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मामले की जानकारी मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर शुक्ला ने मौके पर पहुंच कर डीजे को कब्जे में ले लिया और इस मामले में वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी। इस दौरान होली के पर्व पर जिलाधिकारी बालकृष्ण त्रिपाठी के आवास पर अधिकारियों का होली मिलन समारोह चल रहा था। उसी समय होली के जुलूस पर पथराव की सूचना अधिकारियों को दे दी गयी।

बाद में विवाद बढ़ने पर पुलिस मौके पर पहुंची।

## पुलिस ने अधिशाषी अभियंता की शिकायत पावर कारपोरेशन की

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में विद्युत चोरी के चार हजार मुकदमों का निस्तारण नही हो पाया है। मुकदमों में सहयोग न करने पर स्थानीय विद्युत चोरी निरोधक थाना इंचार्ज ने राठ के अधिशासी अभियंता की शिकायत पावर कारपोरेशन से की है।

थाना इंचार्ज संजय कुमार ने शनिवार को बताया कि जिले में प्रवर्तन दल जांच के दौरान विद्युत चोरी के मुकदमे थाना मे कायम करा देते है जिसका निस्तारण थाना इंचार्ज को करना पड़ता है।

जिले में लंबित 4000 मुकदमो में तीन हजार मुकदमे तो राठ क्षेत्र के लंबित है, राठ के अधिशासी अभियंता जांच में पुलिस टीम का कोई सहयोग नही करते है न ही कभी पुलिस टीम को गाड़ी उपलब्ध कराते है। आरोपी जो चोरी करने की पेनाल्टी विद्युत विभाग में जमा करता है मगर राठ के अधिशासी अभियंता थाने में कोई सूचना नही देते है। जिससे मुकदमों के निस्तारण की जानकारी शासन को नही जा पाती है।

न नही निरोधक टीम को जानकारी हो पाती है कि किस आरोपी ने कितना राजस्व जमा कर दिया है।

इसके लिये राठ के अधिशासी अभियंता को इस मामले में कई बार पत्र लिखा गया है मगर कोई सुधार नही हो रहा है इस मामले मे लिखित शिकायत उन्होने लखनऊ पावर कारपोरेशन के उच्चाधिकारियो से की है।

थाना प्रभारी का कहना है कि राठ के अधिसाशी अभियंता की लापरवाही से शासन का राजस्व का नुकसान हो रहा है। यही कारण है कि सबसे ज्यादा विद्युत चोरी राठ क्षेत्र में हो रही है।

### सपा विधायक ने ब्लाक प्रमुख को बनाया बधंक, पुलिस ने छुड़ाया

बस्ती। उत्तर प्रदेश मे बस्ती जिले के सदर विधानसभा से नवनिर्वाचित विधायक एंव समाजवादी पार्टी (सपा) के जिलाध्यक्ष महेन्द्र नाथ यादव के घर पर कथित रूप से बधंक बनाये गये ब्लाक प्रमुख को पुलिस ने सकुशल मुक्त करा लिया है। पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने शनिवार को बताया कि 18 मार्च को ओम प्रकाश ने कलवारी थाने मे तहरीर देकर कहा था कि उनके जीजा रामकुमार (ब्लाक प्रमुख) विकास खण्ड बहादुरपुर को 23 अक्टूबर 2021 को महेन्द्र नाथ यादव अपने साथ ले गये थे और अपने आवास पर बन्दी बना कर रखा है। इस मामले को गम्भीरता से लेते हुए पुलिस ने महेन्द्रनाथ यादव के घर से रामकुमार को सकुशल मुक्त करा कर उनके परिवार वालो को सौंप दिया गया है।

## बरेली में मुर्गियों के कृत्रिम गर्भाधान की सस्ती तकनीक की खोज

**बरेली।** केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान (सीएआरआई) ने मुर्गियों में कृत्रिम गर्भाधान के लिए स्वदेशी सीमेन डाइलुएंट तैयार करने में सफलता हासिल की है।

देश में अब तक विदेशी डाइलुएंट इस्तेमाल किया जाता था जिसकी तुलना में स्वदेशी डाइलुएंट सौ गुना सस्ता ही नहीं बल्कि इसे आठ गुना ज्यादा समय तक स्टोर भी किया जा सकता है। उम्मीद जताई जा रही कि स्वदेशी सीमेन डाइलुएंट चलन में आने से मुर्गियों के कृत्रिम गर्भाधान में खर्च बेहद कम हो जायेगा, बल्कि मुनाफा भी बढ़ जाएगा। सीएआरआई की टीम ने करीब 15 साल की रिसर्च के बाद स्वदेशी सीमेन डाइलुएंट विकसित करने में कामयाब हुए।

सीएआरआई के एसोसिएटस वैज्ञानिक डॉ. जगमोहन के मुताबिक स्वदेशी सीमेन डाइलुएंट जरिए एक मुर्गे से 1 सप्ताह में करीब 80 मुर्गियों में कृत्रिम गर्भाधान किया जा सकता है. इससे प्रजनन की दर 90 फ़ीसदी बढ़ जाती है ,स्वदेशी केरी पोल्ट्री सीमेंट डाइलुएंट विदेशी से 100 गुना से भी ज्यादा सस्ता हैऊ


श्री जगमोहन ने बताया कि विदेशी डाइल्यूएंट के 100 मिलीलीटर की कीमत 12 से 14 सौ रुपया है जबकि स्वदेशी डाइल्यूएंट की कीमत महज 10 से 12 रुपया हो तक होगी। विदेशी डाइल्यूएंट को अधिकतम 8 घंटे तक स्टोर किया जा सकता है ,इसके बाद यह उपयोग के लायक नहीं रहता लेकिन स्वदेशी डाइल्यूएंट का स्टोरेज 48 घंटे तक किया जा सकता है।

उन्होने बताया कि कृत्रिम गर्भाधान के लिए उत्तम नस्ल के मुर्गों से सीमेन लेकर मुर्गियों में डाला जाता है। कुक्कुट समेत अन्य पक्षियों का सीमेन बेहद गाढ़ा और कम होता है। प्राकृतिक गर्भाधान में एक बार में पूरा सीमेन इस्तेमाल होता है। इससे सिर्फ एक मुर्गी में प्रजनन होता है। मुर्गे के सीमेन की एक बूंद में खरबों शुक्राणु होते हैं जबकि प्रजनन के लिए महज 20 हज़ार शुक्राणु काफी है। शेष शुक्राणु अधिकतम दस मिनट में मर जाते हैं। डाइलुएंट के जरिए सीमेन को पतला किया जाता है। इस तकनीक से सीमेन से जरूरत के मुताबिक शुक्राणु निकालकर शेष को डाइलुएट में 48 घंटे स्टोर कर सकते हैं।

# योगी लेंगे 25 मार्च को मुख्यमंत्री पद की शपथ

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में योगी आदित्यनाथ अपनी दूसरी पारी का आगाज 25 मार्च को शपथ ग्रहण करने के साथ करेंगे।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उच्च पदस्थ सूत्रों ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि करते हुए यहां बताया कि पांच साल के सफल कार्यकाल के बाद उत्तर प्रदेश की सत्ता में वापसी कर 37 साल पुराना मिथक तोड़ने वाले योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार का दूसरा शपथ ग्रहण समारोह 25 मार्च को लखनऊ के शहीद पथ स्थित इकाना स्टेडियम में होगा। शपथ ग्रहण समारोह में योगी के साथ नवगठित सरकार के अन्य मंत्री भी शपथ लेंगे। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में सात चरण में सम्पन्न हुए विधानसभा चुनाव के 10 मार्च को हुयी मतगणना में भाजपा ने 255 सीट जीत कर स्पष्ट



बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया था। राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भी शपथ ग्रहण समारोह की तारीख तय किये जाने की पुष्टि करते हुए यूनीवार्ता को बताया कि मंत्रिमंडल में महिलाओं और युवाओं को खास तवज्जो मिलेगी। शपथ ग्रहण समारोह दोपहर बाद आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह का समय अभी तय नहीं हुआ है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित केंद्र सरकार के कई मंत्री और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के अलावा राष्ट्रीय स्वयं संघ और पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगे। इकाना स्टेडियम में प्रस्तावित शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

मंत्रिमंडल के स्वरूप को लेकर कार्यवाहक मुख्यमंत्री योगी की पार्टी नेतृत्व के साथ मंत्रणा हो चुकी है। उत्तर प्रदेश सरकार के गठन को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पर्यवेक्षक और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को सह पर्यवेक्षक बनाया गया है। शपथ लेने वाले मंत्रियों की सूची को मुख्यमंत्री के गोरखपुर से लखनऊ पहुंचने पर अंतिम रूप दे दिया जाएगा। गौरतलब है कि होली के पर्व पर योगी इन दिनों अपने गृह जनपद गोरखपुर में चार दिन के प्रवास पर हैं।

सूत्रों ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती, समाजवादी पार्टी (सपा) के संरक्षक मुलायम सिंह यादव, सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव, कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की प्रभारी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा सहित विपक्षी दलों के विभिन्न नेताओं को भी आमंत्रित किया जाएगा। इसके अलावा केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थी भी शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किये जायेंगे। इन लाभार्थियों में महिलाओं की भी पर्याप्त भागीदारी होगी।

## आगरा में डाक्टरों ने की फिर लापरवाही, गर्भपात की जगह कर दी नसबन्दी

आगरा। उत्तर प्रदेश के आगरा में डाक्टरों की एक बार फिर बड़ी लापरवाही सामने आई है। इस बार शहर के रेलवे अस्पताल में डाक्टरों ने गर्भपात कराने के लिए भर्ती हुई महिला की नसबंदी कर दी। गौरतलब है कि करीब दस-बारह दिन पहले ही यमुना पार के डॉक्टरों की लापरवाही का मामला सामने आया था, जिसमें एक मरीज के बाएं पैर में फ्रैक्चर था, लेकिन ऑपरेशन उसके दायें पैर का कर दिया गया था। प्राप्त जानकारी के मुताबिक आगरा छावनी स्थित रेलवे अस्पताल में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) में कॉन्स्टेबल योगेश बघेल की पत्नी को गर्भपात के लिये भर्ती कराया गया था। डाक्टरों ने गर्भपात करने की जगह उसकी नसबंदी कर दी। परेशान परिजनों को इसकी पुलिस में शिकायत करनी पड़ी। पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू कर दी है। पीड़िता के पति योगेश का कहना है कि उसकी पत्नी का काफी समय से निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। पत्नी लगभग तीन माह की गर्भवती थी, लेकिन चिकित्सकीय कारणों से गर्भ ठहर नहीं पाने की वजह से निजी अस्पताल के चिकित्सकों ने उसे गर्भपात कराने की सलाह दी। योगेश ने पत्नी को इसके लिए स्थानीय रेलवे अस्पताल में भर्ती करा दिया, जहां डाक्टरों ने उसका गर्भपात कराने की जगह नसबंदी कर दी। योगेश ने चिकित्सकों से इस बारे में जब पूछताछ की तो वे कोई भी जवाब नहीं दे पाए।

योगेश का आरोप है कि रेलवे के दोषी चिकित्सकों ने खुद को बचाने के लिये उसकी पत्नी की फाइल तक गायब कर दी है। उसने बाद में इसकी शिकायत थाना सदर में दर्ज करा दी।

## उत्तर प्रदेश में होली में जम कर उड़ा अबीर गुलाल

लखनऊ। धार्मिक नगरी वाराणसी,अयोध्या और मथुरा समेत समूचे उत्तर प्रदेश में रंगों का त्योहार होली शुक्रवार को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में तो समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने गृहनगर सैफई में होली का त्योहार मनाया।

अधिसंख्य क्षेत्रों में भद्रा की समाप्ति के बाद मध्य रात्रि करीब एक बजे होलिका दहन का कार्यक्रम संपन्न हुआ जहां लोगों ने पूरे विधिविधान के साथ पूजा अर्चना की और बाद में गुलाल लगा कर एक दूसरे को होली की बधाई प्रेषित की। इस बीच ढोल नगाड़ों की थाप पर लोगबाग झूमते नाचते नजर आये। आज सुबह से रंग और गुलाल की बारिश हर गली मोहल्ले पर होती दिखायी दी। लोगों ने गिले शिकवे भुलाकर गले लग कर रंग और गुलाल जम कर उड़ाया और मीठी गुझियों से मुंह मीठा कराया। होली के मौके पर काशी,मथुरा के अलावा गोरखपुर और इटावा में सैफई विशेष आकर्षण का केन्द्र रहे। गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरक्षनाथ मंदिर में लोगों को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनायें दी वहीं सैफई में मुलायम सिंह यादव ने पूरे परिवार के साथ मिल कर फूलों की होली खेली। मथुरा में मंत्री श्रीकांत शर्मा ने अपने आवास पर होली खेली और जमकर थिरके वहीं लखनऊ में डा दिनेश शर्मा ऐतिहासिक होली बारात में शामिल हुये।

गौरतलब है कि पिछले दो सालों में यह पहला मौका है जब होली का त्योहार कोरोना संक्रमण के कारण लगी पाबंदियों के हटने के बाद मनाया जा रहा है। पिछले करीब एक सप्ताह से होली की खुमारी में डूबी कान्हा नगरी मथुरा में आज होली का त्योहार पूरे शवाब पर दिखायी पड़ा। वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर में विशेष तौर पर होली उत्सव मनाया गया वहीं वाराणसी में तंग गलियों से लेकर गंगा के घाटों तक होली का जश्न जम कर मनाया गया।

संगम नगरी प्रयागराज में दिन चढ़ने के साथ युवाओं की टोली पिचकारी और गुलाल के साथ सड़कों पर नजर आयी वहीं दोपहर बाद संगम में डुबकी लगाने वालों से त्रिवेणी के तट गुलजार हो गये। उन्होंने कहा कि भाजपा की जीत से तो होली का उत्साह और भी बढ़ गया है। कानपुर, मेरठ,मुजफ्फरनगर,शामली,बरेली,देवरिया, बस्ती समेत राज्य के अधिसंख्य इलाकों में रंगों का त्योहार पूरे हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है।

## शार्ट न्यूज

### भारतीय उद्यमियों के साथ बैठक में भाग लेंगे आस्ट्रिया के मंत्री शालेनबर्ग

नयी दिल्ली। आस्ट्रिया के अंतरराष्ट्रीय एवं यूरोपीय मामलों के संघीय मंत्री एनलेक्सन्डर शालेनबर्ग एक उच्चस्तरीय व्यावसायिक प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत की यात्रा पर आ रहे हैं। वह यहां सरकार के प्रतिनिधियों के साथ वार्ता करने के साथ-साथ भारतीय उद्यमियों से भी मिलेंगे।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने शनिवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि शालेनबर्ग के साथ वहां के व्यवसायियों का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल भी होगा। व्यावसायिक प्रतिनिधियों का नेतृत्व आस्ट्रिया के संघीय उद्योगमंडल- आस्ट्रियन फेडरल इकोनामिम चैम्बर (एफईसी) की उपाध्यक्ष कारमेन गोबी करेंगी। सीआईआई ने कहा है कि वह श्री शालेनबर्ग और उनके साथ आ रहे व्यवसायियों के साथ अपने चुनिंदा सदस्यों की एक बैठक 22 मार्च को आयोजित करने जा रहा है। उद्योगमंडल का कहना है कि इस कार्यक्रम में दोनों देशों के उद्यमियों को आपस में भागीदारी की संभावनाओं पर चर्चा करने का अवसर मिलेगा। शालेनबर्ग की यह यात्रा ऐसे समय पर हो रही है जबकि यूरोप में रूस के साथ यूक्रेन का युद्ध चौथे सप्ताह में पहुंच गया है।

### टाटा 1एमजी ने की पहली उन्नत स्वास्थ्य जांच प्रयोगशाला दिल्ली में

नयी दिल्ली। भारत के सबसे बड़े डिजिटल स्वास्थ्य मंच टाटा 1एमजी ने शुक्रवार को दिल्ली में एक उन्नत जांच प्रयोगशाला की शुरूआत की जिसमें एक घंटे में 4000 तक नमूनों की जांच हो सकती हैं। है। टाटा 1एमजी ने विज्ञप्ति में बताया कि 24000 वर्ग फुट में फैली इस डाक्टरी जांच प्रयोगशाला में बाहर से भेजे गए नमूनों की जांच होगी। इस प्रयोगशाला से कंपनी की देशभर में नौ प्रयोगशालाएं हो गयी हैं जिनके माध्यम से हर वर्ष 30 शहरों के दस लाख से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान की जाती है। पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ इंदु भूषण ने कहा, समयबद्ध और उच्च गुणवत्ता वाले डायग्नोस्टिक जांचें, मरीजों के स्वास्थ्य प्रबंधन में निर्णय प्रक्रिया के आधार हैं। टाटा 1एमजी जैसे निजी संगठनों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे देश भर में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल की लगातार पहुंच को सुनिश्चित करने में दृढ़ता से भाग लें। टाटा 1एमजी के सह-संस्थापक गौरव अग्रवाल ने कह,हम अपने मौजूदा स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति लाखों ग्राहकों द्वारा प्रदर्शित विश्वास से खुश हैं और हम देश भर में उपभोक्ताओं, डॉक्टरों और देखभाल करने वालों के लिए स्वास्थ्य ब्रांड की पहली पसंद बनने के लिए अपनी पेशकशों को और मजबूत करने और अपने नेटवर्क एवं विशेषज्ञता को बढ़ाना जारी रखेंगे।

### होंडा ने लॉन्च की 2022 अफ्रीका ट्विन एडवेंचर स्पोर्ट्स, बुकिंग शुरू

नयी दिल्ली। एडवेंचर राइडिंग कम्युनिटी का उत्साह बढ़ाते हुए होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने भारत में होंडा के एक्सक्लुज़िव बिगविंग टॉपलाईन शोरूमों में नई 2022 अफ्रीका ट्विन एडवेंचर स्पोर्ट्स की बुकिंग शुरू कर दी है। नई मोटरसाइकल (सीकेडी) कम्प्लीटली नॉक डाउन के माध्यम से भारतीय बाज़ार में अपनी जगह बनाएगी। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि 2022 अफ्रीका ट्विन एडवेंचर स्पोर्ट्स मॉडल 2 वेरिएन्ट्स में उपलब्ध होगा- ड्यूल क्लच ट्रांसमिशन (डीसीटी)- मैट बैलिस्टिक ब्लैक मैटेलिक कलर में और मैनुअल ट्रांसमिशन- पर्ल ग्लेयर व्हाईट ट्राई कलर स्कीम में आकर्षक स्ट्राइप्स के साथ उपलब्ध होगा। भारत में नई 2022 अफ्रीका ट्विन एडवेंचर स्पोर्ट्स की बुकिंग शुरू करने की घोषणा करते हुए कंपनी के विक्रय एवं विपणन निदेशक यदविंदर सिंह गुलेरिया ने कहा, ''भारत में ऐसे बहुत से स्थान हैं, जिन्हें ऑफ-रोडिंग के लिए एक्सप्लोर किया जा सकता है, खास बात यह है कि एडवेंचर राइडिंग कम्युनिटी का उत्साह भी इस दिशा में लगातार बढ़ रहा है। डकार रैली डीएनए के साथ अफ्रीका ट्विन ट्राइब भारत में तेज़ी से बढ़ रही है, और अपनी बेजोड़ क्षमता का आनंद उठा रही है। अब 2022 अफ्रीका ट्विन के साथ, एडवेंचर का जोश और अधिक बढ़ने के लिए तैयार है।''

### होली पर बाजार में कारोबार के 30 प्रतिशत उछलने का अनुमान : कैट

नयी दिल्ली। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने कोरोना की पाबंदियां खत्म होने के बाद इस वर्ष होली के त्योहार पर व्यापार में पिछले वर्ष के मुकाबले लगभग 30 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है। कैट ने शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि होली के मौसम में 20 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का व्यापार हुआ और चीनी सामान का न केवल व्यापारियों ने बल्कि आम जनता ने भी पूर्ण बहिष्कार किया। होली से जुड़े सामान का लगभग 10 हजार करोड़ रुपए का आयात होता है, जो इस वर्ष न के बराबर है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि इस वर्ष होली की त्यौहारी बिक्री में चीन निर्मित सामान का व्यापारियों एवं ग्राहकों ने बहिष्कार किया और केवल भारत में बने हर्बल रंग एवं गुलाल, पिचकारी, गुब्बारे, चंदन, पूजा सामग्री, परिधान सहित अन्य सामानों को जमकर खरीदा है। इसके अलावा मिठाइयां, सूखे मेवे, उपहार, फूल एवं फल, कपड़े किली एफएमसीजी उत्पाद समेत अन्य अनेकों उत्पादों का भी बड़ा व्यापार हुआ। कैट ने बताया कि होली पर हुए कारोबार से उत्साहित व्यापारी शादी के सीजन की तैयारियों में जुट गए हैं। उन्हें उम्मीद है कि कोरोना की पाबंदियों के खत्म होने से उनका व्यापार फिर से पटरी पर लौट आयेगा।

### ड्रोन की मदद से खनिजों की खोज के लिए एनएमडीसी-आईआईटी खड़गपुर के बीच समझौता

नयी दिल्ली। इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम राष्ट्रीय खनिज विकास निगम लि (एनएमडीसी) ने ड्रोन की मदद से खनिजों की खोज के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), खड़गपुर के साथ एक समझौता किया है। इस दौरान एनएमडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सुमित देब, निदेशक (वित्त) अमिताव मुखर्जी, निदेशक (तकनीकी) सोमनाथ नंदी, निदेशक (उत्पादन) डी के मोहंती तथा संस्थान के प्रोफेसर उपस्थित थे। मंत्रालय ने शनिवार को विज्ञप्ति जारी कर बताया कि एनएमडीसी पिछले छह दशकों से व्यापक किस्म के खनिजों की खोज करता रहा है, जिनमें अन्य खनिजों के साथ-साथ तांबा, रॉक फास्फेट, चूना पत्थर,मैग्नेसाइट, हीरा, टंगस्टन और समुद्री तट रेत शामिल है। एनएमडीसी और आईआईटी खड़गपुर के बीच सहयोग से खनिज उत्खनन और खनन प्रौद्योगिकी में क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के लिये सॉफ्टवेयर स्पेक्ट्रल टूल्स का विकास होगा। एनएमडीसी के मुख्य प्रबंध निदेशक (सीएमडी) सुमित देब ने कहा, एनएमडीसी भारत का पहला केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम होगा, जो देश में खनिजों के अन्वेषण के लिये ड्रोन-आधारित भू-भौतिकी सर्वेक्षण और हाइपर-स्पेक्ट्रिकल अध्ययन करेगा आईआईटी खड़गपुर के साथ एनएमडीसी के समझौते से नया अध्याय खुलेगा तथा देश के लिये खनिज अन्वेषण के क्षेत्र में मानक स्थापित होंगे।

### ग्राहकों के लिए खुशखबरी, बुकिंग के सिर्फ 2 घंटे में घर पहुंच जाएगा एलपीजी गैस

नई दिल्ली। एलपीजी गैस ग्राहकों के लिए एक अच्छी खबर है। अब आप एलपीजी बुकिंग के 2 घंटे के भीतर अपने घर मंगा सकते हैं। मतलब ये हुआ कि आपको एलपीजी गैस के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। क्या है नई सुविधा : सरकारी ऑयल मार्केटिंग कंपनी इंडियन ऑयल ने एक तत्काल सेवा की शुरुआत की है। इसके जरिए उपभोक्ताओं को महज 2 घंटे में गैस सिलेंडर दिया जा रहा है। ग्राहक बहुत ही मामूली प्रीमियम पर आईवीआरएस, इंडियनऑयल वेबसाइट या इंडियनऑयल वन ऐप के माध्यम से सेवा का लाभ उठा सकते हैं। इसकी शुरुआत हैदराबाद में हो चुकी है। आपको बता दें कि इंडियन ऑयल समय-समय पर अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए इस सुविधा के बारे में बताता है। अब देखना अहम है कि देशभर में एलपीजी की ये सुविधा कब तक लागू होगी।

# डिजिटल कॉमर्स के लिए ओपन नेटवर्क ई-कॉमर्स का लोकतंत्रीकरण करेगा

नयी दिल्ली। केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि डिजिटल कॉमर्स के लिए ओपन नेटवर्क (ओएनडीसी) ई-कॉमर्स का लोकतंत्रीकरण करेगा और छोटे व्यवसायों को समान अवसर देकर उनकी सुरक्षा करेगा। श्री गोयल के पास उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण और कपड़ा मंत्रालय का भी प्रभार है।

ओएनडीसी की घोषणा उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवधर्न विभाग (डीपीआईआईटी) ने इस वर्ष स्टर्टअप इंडिया सप्ताह (10-16 जनवरी ) के दौरान किया था। यह ऑनलाइन वित्तीय लेन के यूपीआई (यूनीफाइन पेमेंट इंटरफेस) की तरह ई-कामर्स का एक खुला मंच होगा।

श्री गोयल ने बिट्स पिलानी द्वारा आयोजित वार्षिक लॉन्चपैड-द एंटरप्रेन्योरशिप सम्मेलन के पांचवें संस्करण को आनलाइन वीडियो-सम्मेलन से संबोधित करते हुए नए विचारों के साथ शुरू की जाने वाली स्टार्टअप इकाइयों को नवोन्मेष का इंजन बताया। उन्होंने कहा, ''हम दुनिया में स्टार्टअप का तीसरा सबसे बड़ा परितंत्र हैं। उल्लेखनीय है कि पांच वर्षों में, डीपीआईआईटीके साथ पंजीकृत स्टार्टअप की संख्या 500 से बढ़कर 65,000 से अधिक हो गई और देश में 90 से अधिक यूनिकॉर्न (एक अरब डालर से अधिक मूल्य की नयी इकाइयां) हैं।

इस अवसर पर उन्होंने बिट्स पिलानी के पूर्व छात्र स्वर्गीय श्री नानाजी देशमुख को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका जीवन और कार्य कई लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत रहा है।

श्री गोयल ने कहा कि स्वस्थ स्टार्टअप परितंत्र के लिए प्रयोगशालाएं, परामर्श, इन्क्यूबेटर और वित्त पोषण चार आवश्यक तत्व हैं। उन्होंने कहा कि बिट्स में सेंटर ऑफ इनक्यूबेशन,




इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप (सीआईआईई) ये चारों उपलब्ध कराता है।

फिनटेक, एग्रीटेक और मार्केटप्लेस जैसे क्षेत्रों में भारत द्वारा की जा रही बड़ी उलब्धियों के बारे में उल्लेख करते हुए, श्री गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के भविष्य के लिए आईटी+आईटी= आईटी (इन्फो टेक्नोलॉजी + इंडियन टैलेंट = इंडिया टुमारो) का मंत्र दिया है। उन्होंने कहा कि हमें आईटी और संबद्ध क्षेत्र को एक हजार अरब डालर डॉलर (75 हजार अरब रुपए) का उद्योग बनाने की आकांक्षा करनी चाहिए।

श्री गोयल ने कहा कि भारत डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के निर्माण में अग्रणी रहा है और स्मार्टफोन की पैठ और डेटा की कम लागत ने व्यापक रूप से नवोन्मेष की नींव रखने में सहायता की है।

उन्होंने कहा कि इंडियास्टैक, हेल्थस्टैक, लॉजिस्टिक्स स्टैक, कोविन जैसे डिजिटल बुनियादी ढांचे के साथ, हजार अरब -डॉलर की कंपनियों का भारत में निर्माण किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि आज दुनिया भर के विकसित देश हमसे डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के निर्माण के बारे में सीखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में जिस आकार में और जिस गति से डिजिटलीकरण हो रहा है वह शोध का विषय हो सकता है।

श्री गोयल ने कहा कि सरकार पहले की तरह रुकावटें पैदा करने की बजाय हमारे युवाओं की बड़ा सोचने और बड़े सपने देखने के लिए सक्रिय रूप से आरंभिक सहायता कर रही है। उन्होंने इसी संदर्भ में स्टार्टअप परितंत्र को सुदृढ़ करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कई कदमों का उल्लेख किया जिसमें स्टार्टअप्स के लिए फंड ऑफ फंड्स, तीन साल के लिए आयकर छूट, सीड फंड स्कीम तथा नए ट्रेडमार्क पंजीकरण के लिए जांच अवधि में कटौती जैसे कदम शामिल हैं।

उन्होंने भावी उद्यमियों से स्टार्टअप्स में विविधता बढ़ाने, नए व्यवसायों की खोज करने, एग्री-प्रेन्योर्स (कृषि क्षेत्र के उद्यमियों), टेक्स-प्रेन्योर्स (कपड़ा), एडु-प्रेन्योर्स (शिक्षा) को बढ़ावा देने और उभरती तकनीकों जैसे कि मेटावर्स, वेब-3, एआई, 5जी और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में नवोन्मेषों को बढ़ावा देने को कहा।

श्री गोयल ने कहा कि स्वस्थ विकास की चुनौती एक तरह से जलवायु परिवर्तन, टिकाऊ गतिशीलता, जल प्रबंधन आदि के समाधान खोजने में व्यापक व्यापारिक विचारों के अगले समूह का निर्माण करेगी।

# इलेक्रमा 2023 की तारीखों की घोषणा

नयी दिल्ली, 19 मार्च (वार्ता) बिजली के उपकरण और उससे जुड़े इलेक्ट्रानिक सामान बनाने वाले उद्यमों के संगठन आईईईएमए ने कहा है कि देश में इस उद्योग की सबसे बड़ी प्रदर्शनी 'इलेक्रमा' के 15वें संस्करण का आयोजन अगले वर्ष 18-22 फरवरी के बीच इंडिया एक्सपो मार्ट, ग्रेटर नोएड़ा में किया जाएगा। इंडियन इलेक्ट्रिक एंड इलेक्ट्रानिक्स मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईईईएमए ) ने एक बयान में कहा कि इलेक्रमा-2023 का विषय 'रीइमेजिन एनर्जी - फॉर सस्टेनेबल फ्यूचर' (स्वस्थ्य भविष्य के लिए ऊर्जा की पुनर्कल्पना ) है। इसमें ऊर्जा की संचय, हरित हाइड्रोजन, ईंधन बिक्री, एआई और आईओटी सहित कई क्षेत्रों में नवप्रवर्तन और भविष्य की तकनीकों की प्रदर्शनी लगेगी।

ieema
your link to electricity

इलेक्रमा के इस संस्करण में ऊर्जा संरक्षण, कार्बन उत्सर्जन शून्य और आधुनिक खपत के माध्यम से स्थिरता पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा। वर्ष 1990 में अपनी स्थापना के बाद से इलेक्रमा पिछले 14 संस्करणों में 250 प्रदर्शकों से बढ़कर 1350 प्रदर्शकों तक पहुंच गया है और 2023 में लगभग 1500 से ज्यादा प्रदर्शकों के शामिल होने की उम्मीद है।

इलेक्रमा, भारतीय इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग की प्रमुख प्रदर्शनी है जिसमें बिजली के सामन बनाने क्षेत्र का पूरा परिवेश तंत्र जुड़ा होता है। यह प्रदर्शनी सभी पक्षों को एक साथ मंच पर लाती है।

आईईईएमए के अध्यक्ष विपुल रे ने कहा,वर्तमान में चल रहा ऊर्जा बदलाव बिजली को ऊर्जा के एक प्रमुख रूप के तौर पर इतना आगे बढ़ा रहा है कि बहुत जल्द ही ऊर्जा बिजली का पर्याय बन जाएगी। बैटरी से चलने वाले वाहन, बैटरी चार्ज करने के स्टेशनों का ढांचा, आरई और हरित हाइड्रोजन, और ऊर्जा संचय की बढ़ती प्रासंगिकता से उद्योग व्यवसाय की बड़ी संभावनाएं जुड़ी हैं।'

उन्होंने कहा, देश में खनिज ईन्धन से चलने वाले क्षेत्र से स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में परिवर्तन ऊर्जा लक्ष्यों की कुंजी होगी। इलेक्रमा 2023 का 15वां संस्करण मुख्य रूप से ऐसे अवसरों पर ध्यान केंद्रित करेगा और भारत को सतत विकास प्राप्त करने के लिए आवश्यक भविष्य की प्रौद्योगिकी और समाधानों के आधार के रूप में स्थापित करेगा।

इलेक्रमा के चेयरमैन जितेंद्र के अग्रवाल ने कहा, 'इलेक्रमा का 15 वां संस्करण मुख्य रूप से विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और भविष्य की तकनीकों को प्रदर्शित करने पर केंद्रित होगा। उद्योग के विकास और सफलता के लिए, कुछ क्षेत्रों में स्टार्ट-अप और नए व्यवसायों सहित भविष्य में असीमित व्यावसायिक अवसर मौजूद हैं, जहां बड़े पैमाने पर पूंजी निवेश किया जा रहा है जैसे रेलवे, मेट्रो, हवाई अड्डे, रक्षा, स्मार्ट शहर, भवन और ईवी से संबंधित इकोसिस्टम। साथ ही छोटे, मध्यम और सूक्ष्म व्यवसायों को भी वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भाग लेने में सक्षम होना चाहिए; ट्रांसमिशन और वितरण के मूल को सुदृढ़ करने के लिए, विद्युत उत्पाद और उपकरण विश्वसनीय, उच्च गुणवत्ता वाले और सुरक्षित होने चाहिए।

विज्ञप्ति में बताया गया कि भारत की प्रति व्यक्ति बिजली की खपत 1200 यूनिट से आठ गुना बढ़ने और 2047 तक 10,000 यूनिट तक पहुंचने की उम्मीद है।

भारत की ऊर्जा आवश्यकता 1,954 एमटीओई से अधिक होने का अनुमान है, जिसमें बिजली का योगदान कुल मांग के 53 से 55 फीसदी से अधिक होगा।

## क्लियर ने फिनटेक कंपनी एक्सपेडाइज का किया अधिग्रहण

नयी दिल्ली। फिनटेक एसएएएस कंपनी क्लियर ने सप्लाई चेन फाइनेंसिंग टेक्नोलॉजी कंपनी एक्सपेडाइज का अधिग्रहण किया है। एक अन्य बी2बी भुगतान प्लेटफॉर्म्स वाई बैंक के अधिग्रहण के बाद यह क्लियर का दूसरा अधिग्रहण है। इस अधिग्रहण के साथ ही क्लियर एसएमई क्रेडिट और बी2बी भुगतान में प्रवेश करने की अपनी योजना के साथ एक कदम और आगे बढ़ गया है। एक्सपेडाइज प्लेटफॉर्म, जिसे अब क्लियर इनवॉयस डिस्काउंटिंग के रूप में रीब्रांड किया जाएगा, आपूर्तिकर्ताओं को तत्काल कार्यशील पूंजी और तरलता तक पहुंच प्रदान करता है। वित्त वर्ष 2012 के अंत तक सालाना 1,000 करोड़ जीएमवी के संसाधित होने की उम्मीद है। स्मार्ट एआई/एमएल-आधारित प्लेटफॉर्म ईआरपी से जुड़ता है और आपूर्तिकर्ताओं को छूट दर का चयन करने में सक्षम बनाता है जो आपूर्तिकर्ताओं और उनके एसएमई ग्राहकों के लिए पारस्परिक रूप से स्वीकार्य है। उद्यम न केवल अपने ट्रेजरी कैश पर एक अतिरिक्त प्रतिफल अर्जित करेंगे, बल्कि सहज ईआरपी एकीकरण के साथ आपूर्तिकर्ता भुगतानों को डिजिटल रूप से प्रबंधित करते हुए वित्तपोषण विकल्पों की एक श्रृंखला का उपयोग करके जल्दी भुगतान कर सकते हैं, जिसमें ट्रेजरी कैश, बैंक क्रेडिट लाइन, या ट्रेड्स मार्केटप्लेस शामिल हैं।

क्लियर के संस्थापक और सीईओ अर्चित गुप्ता ने कहा, भारतीय व्यवसायों को तेजी से भुगतान और कुशल वित्तपोषण तक पहुंच की आवश्यकता है। यूपीआई की बदौलत उपभोक्ता भुगतान वास्तविक समय में हो गया है, लेकिन हमारा मानना है कि बड़ी कंपनियों के आपूर्तिकर्ताओं के लिए बहुत कुछ किया जा सकता है। यह अधिग्रहण भारतीय व्यवसायों के लिए इन दो जीवनरेखाओं को सक्षम करने की दिशा में हमारी यात्रा को गति देता है।

एक्सपेडाइज प्लेटफॉर्म पहले से ही कई बड़े उद्यमों के साथ चल रहा है और उन्हें अपने आपूर्तिकर्ताओं को तेजी से भुगतान करने की अनुमति देता है।

# लगातार 2 दिन कर्मचारियों की हड़ताल, इस बैंक में कामकाज प्रभावित होने की आशंका




नई दिल्ली। आगामी 28-29 मार्च को बैंक कर्मचारी यूनियंस की दो दिवसीय हड़ताल है। इस हड़ताल की वजह से आरबीएल बैंक की कुछ शाखा में कामकाज प्रभावित होने की आशंका है। ये बात आरबीएल बैंक की ओर कही गई है।

आरबीएल बैंक ने शेयर बाजार से कहा है कि उसके रत्नाकर बैंक अधिकारी संगठन और रत्नाकर बैंक कर्मचारी संघ क्रमशः ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन (एआईबीओए) और ऑल इंडिया बैंक एम्प्लाइज एसोसिएशन (एआईबीईए) से संबद्ध हैं।

बैंक की ओर फाइलिंग में कहा गया है, उपरोक्त यूनियनों से जुड़े बैंक के कर्मचारी हड़ताल में भाग ले सकते हैं। विषय बैंक स्तर के मुद्दों से संबंधित नहीं है।

### 4 रुपए के शेयर की हर दिन बढ़ रही खरीदारी, 52 हफ्ते का सबसे तगड़ा परफॉर्मेंस

आरबीएल बैंक के मुताबिक वह हड़ताल के दिनों में अपनी शाखाओं/कार्यालयों के सुचारू कामकाज के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा, लेकिन संभावना है कि हड़ताल के पूरा होने पर उसकी कुछ शाखाएं भी प्रभावित होंगी। हड़ताल की वजह- दो दिवसीय हड़ताल सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण का विरोध करने और निजी कंपनियों को आईडीबीआई बैंक की बिक्री को रोकने के लिए है। इसके अलावा, यूनियंस जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और बैंकों के बीच पांच दिवसीय सप्ताह, चाइल्ड केयर लीव, ?? नेशनल पेंशन सिस्टम को खत्म करने और पुरानी पेंशन योजना की बहाली के अलावा महंगाई भत्ते में विसंगति को दूर करने की भी मांग कर रही हैं।

# किफायती हाउसिंग को बढ़ावा से देश में पटरी पर आ रहा संपत्ति बाजार

नयी दिल्ली। सरकार द्वारा नीतिगत समर्थन से देश में किफायती घरों को बढ़ावा मिल रहा है जिससे इससे फ्लैटों की वार्षिक बिक्री के साथ ही आपूर्ति में भी बढोतरी दर्ज की गयी है। ऑनलाइन रियल एस्टेट ब्रोकरेज फर्म प्रॉपटाइगर डॉटकॉम ने आंकड़ों का हवाला देते हुये कहा है कि भारत के आठ प्रमुख हाउसिंग बाजारों में कुल घरों की बिक्री का 43 प्रतिशत हिस्सा 45 लाख रुपये के मूल्य वर्ग के अंतर्गत था, जो कि भारत में कुछ घरों की खरीद पर सरकार द्वारा मिल रही सब्सिडी का लाभ उठाने के लिए आवश्यक है। कंपनी की रिपोर्ट रियल इनसाइट रेजिडेंशियल - एनुअल राउंड-अप 2021 के अनुसार, भारत के आठ प्रमुख रिहायशी बाजारों में घरों की बिक्री 2020 में कुल बिक्री की तुलना में 2021 में 13 प्रतिशत बढ़ी।

आयकर कानून की धारा 80ईईए के तहत, भारत में अपना पहली बार घर खरीदने वालों को 1.50 लाख रुपये की अतिरिक्त कर कटौती की पेशकश करता है यदि घर की कीमत 45 लाख रुपये तक है। खरीदार कर्ज पर प्रधानमंत्री आवास योजना कार्यक्रम (पीएमएवाई)ग्रामीण के तहत सब्सिडी का दावा भी कर सकता है। ऐसे देश में जहां घरों का स्वामित्व पारंपरिक रूप से परिवारों के लिए महत्वपूर्ण रहा है, इस अवधारणा को कोरोनोवायरस महामारी के बाद और अधिक बल मिला है। महामारी के दौरान, यहां तक कि युवा सहस्राब्दी और जेनरेशन-जेड, जो किराये के घरों या संपत्तियों की ओर अधिक झुकाव रखते हैं उन्होंने भी घर के स्वामित्व के मूल्य को जाना।

प्रॉपटाइगर के अनुसार 45 लाख रुपये तक के ब्रैकेट ने भी 2021 में इन आठ बाजारों में वार्षिक नई आपूर्ति में 41 प्रतितशत का योगदान दिया। पिछले वर्ष में 1.22 लाख इकाइयों की तुलना में इन बाजारों में 2021 में कुल 2.14 लाख इकाइयाँ लॉन्च की गईं, जो 75 प्रतिशत अधिक है।

विश्लेषण में शामिल रिहायशी बाजारों में अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता, दिल्ली-एनसीआर (गुरुग्राम, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद), एमएमआर (मुंबई, नवी मुंबई और ठाणे) और पुणे शामिल हैं। कंपनी के समूह सीईओ ध्रुव अग्रवाला के कहा सरकारी सब्सिडी के अलावा, होम लोन पर ब्याज की कम दरें भी 2021 में देश में घरों की बिक्री का एक बड़ा कारक रही हैं, यहां तक कि अर्थव्यवस्था भी धीरे-धीरे वर्ष के दौरान महामारी की दूसरी लहर के झटके से उबर गई। हम 2022 में आवासीय बाजार में और अधिक तीव्र गतिविधियां देखने की उम्मीद करते हैं।

# रिकॉर्ड स्तर पर डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन, सीबीडीटी ने बताई वजह

नई दिल्ली। केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन जेबी मोहपात्रा ने कहा कि सरकार के आयकर विभाग में सुधार और घरेलू अर्थव्यवस्था को %मजबूत% करने के निणर्यों से रिकॉर्ड डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन हुआ है।

उन्होंने कोविड-19 से प्रभावित अर्थव्यवस्था संबंधित आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा कि कंपनियों ने (करों का भुगतान करने के लिहाज से) चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया। मोहपात्रा ने कहा, यह कहना बहुत मुश्किल होगा कि अगले साल स्थिति कैसी होंगी लेकिन यह कहने के लिए कोई जगह नहीं है कि अच्छा समय केवल चार तिमाहियों तक रहता है। उन्होंने बातचीत के दौरान रिकॉर्ड कर संग्रह के कारणों का भी




जिक्र किया। जेबी मोहपात्रा ने कहा, सबसे पहले भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। अर्थव्यवस्था जितनी अच्छी होगी, कर संग्रह उतना ही अच्छा होगा, जो अभी हो रहा है। उन्होंने कहा कि कर संग्रह पर प्रभाव डालने वाले विभागों में किए गए सुधारों से भी संग्रह बढ़ा है।

मोहपात्रा ने कहा कि ऐसे कई नीतिगत उपाय हैं, जो बजट में या बजट के बाहर उठाये गए हैं और अब इन उपायों का %प्रभाव% या %लाभ% अब दिख रहा है। उन्होंने कहा, कर संग्रह में वृद्धि का तीसरा कारण विभाग के भीतर सुधार की दिशा में पिछले चार वर्ष से उठाए जा रहे कदम हो सकते हैं।

महापात्र ने कहा, चौथा कारण छोटा लेकिन महत्वपूर्ण है और यह आयकर विभाग में प्रौद्योगिकी शामिल करने से संबंधित है। उन्होंने बताया कि 13.63 लाख करोड़ रुपये से अधिक के कर संग्रह (16 मार्च को) में से केवल 54,000-55,000 करोड़ रुपये ही नियमित निर्धारण कर से आया है (जिसके तहत कर का भुगतान करदाता द्वारा विभाग द्वारा नोटिस जारी किए जाने के बाद किया जाता है)।

सीबीडीटी चेयरमैन ने कहा शेष संग्रह स्वैच्छिक अनुपालन के माध्यम से आ रहा है और ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि करदाता उन्हें मिल रही वित्तीय जानकारी से सशक्त हो रहे हैं। सीबीडीटी आयकर विभाग के लिए नीति बनाता है।

## विदेशी मुद्रा भंडार में फिर आई गिरावट, गोल्ड रिजर्व में हुई बढ़ोतरी

नई दिल्ली। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 11 मार्च को समाप्त सप्ताह में 9.646 अरब डॉलर घटकर 622.275 अरब डॉलर पर आ गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पूर्व चार मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 39.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 631.92 अरब डॉलर हो गया था। इससे पूर्व तीन सितंबर, 2021 को समाप्त सप्ताह में विदेशीमुद्रा भंडार 642.453 अरब डॉलर के रिकार्ड स्तर पर जा पहुंचा था।

आरबीआई के शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट, विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों (एफसीए) के घटने की वजह से आई जो कुल मुद्राभंडार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है।

आंकड़ों के अनुसार 11 फरवरी को समाप्त सप्ताह में एफसीए 11.108 अरब डॉलर घटकर 554.359 अरब डॉलर रह गया।



डॉलर में अभिव्यक्त विदेशी मुद्रा भंडार में रखे जाने वाले विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पौंड और येन जैसे गैर अमेरिकी मुद्रा के मूल्यवृद्धि अथवा मूल्यह्रास के प्रभावों को शामिल किया जाता है। आलोच्य सप्ताह में स्वर्ण भंडार 1.522 अरब डॉलर बढ़कर 43.842 अरब डॉलर हो गया।

समीक्षाधीन सप्ताह में, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास जमा विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 5.3 करोड़ डॉलर घटकर 18.928 अरब डॉलर रह गया। आईएमएफ में रखे देश का मुद्रा भंडार 70 लाख डॉलर घटकर 5.146 अरब डॉलर रह गया।

## शार्ट न्यूज

### उदित कंबोज ने एआईटीए चैंपियनशिप में एकल खिताब जीता

**चंडीगढ़।** तीसरी वरीयता प्राप्त उदित कंबोज ने यहां शनिवार को सीएलटीए-एआईटीए राष्ट्रीय रैंकिंग टेनिस चैंपियनशिप में पुरुष एकल खिताब जीता। उदित ने पांचवीं वरीयता प्राप्त नीरज यशपॉल को सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से हराया। दोनों खिलाड़ियों के बीच मुकाबला काफी चुनौतीपूर्ण रहा। उदित ने पूरे मैच में लय बनाए रखी और महत्वपूर्ण समय पर कुछ शानदार शॉट खेले और कुछ महत्वपूर्ण बड़े बिंदुओं पर नेट में भी पहुंचे। इस बीच सैम चावला और दीपेंद्र ग्रेवाल ने पुरुष युगल का खिताब जीता। उन्होंने शुभ नेगी और टोरस रावत को सीधे सेटों में 6-3, 6-2 से हराया। इस मौके पर भारतीय परिवहन निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक अतुल कुमार जैन बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

### चोटिल मार्क वुड आईपीएल 2022 से हुए बाहर

**लंदन।** वेस्टइंडीज़ के ख़िलाफ़ पिछले हफ़्ते पहले टेस्ट मैच के दौरान कोहनी की चोट से ग्रस्त होने वाले इंग्लैंड के तेज़ गेंदबाज़ मार्क वुड इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 में लखनऊ सुपर जायंट्स का हिस्सा नहीं बन पाएंगे। क्रिकइंफ़ो को पता चला है कि सुपर जायंट्स को इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) द्वारा मिली मेडिकल अपडेट में वुड को गेंदबाज़ी से बाहर कर दिया गया है। फ़्रैंचाइज़ी ने इस समय किसी रिप्लेसमेंट खिलाड़ी की घोषणा नहीं की है। सुपर जायंट्स ने फ़रवरी में मेगा आईपीएल नीलामी में वुड को 7.5 करोड़ रुपये में ख़रीदा था। हालांकि कोहनी की चोट लगने के बाद वुड का आईपीएल खेलना संदिग्ध हो गया था।शुक्रवार को ईसीबी से वुड की चोट की विस्तृत समीक्षा की उम्मीद है। सुपर जायंट्स को वुड के बाहर होने से काफ़ी नुक़सान पहुंच सकता है। उनके पास मार्कस स्टॉयनिस, जेसन होल्डर और दुष्मंत चमीरा के रूप में तेज़ गेंदबाज़ी के अन्य विकल्प हैं लेकिन होल्डर और स्टॉयनिस अंतर्राष्ट्रीय सीरीज़ के कारण शुरुआती मैचों में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। इंग्लैंड के ख़िलाफ़ वेस्टइंडीज़ की टेस्ट सीरीज़ 28 मार्च को समाप्त होनी है जिस दिन सुपर जायंट्स को गुजरात टाइटंस के विरुद्ध अपना पहला मैच खेलना है। पाकिस्तान के ख़िलाफ़ ऑस्ट्रेलिया की सीरीज़ अप्रैल के पहले सप्ताह तक चलेगी। चमीरा टखने की चोट के कारण भारत के ख़िलाफ़ दो मैचों की टेस्ट से बाहर रहे थे लेकिन अब वह पूरी तरह से फ़िट हो चुके हैं और चयन के लिए उपलब्ध हैं। सुपर जायंट्स के दल में क्विंटन डिकॉक, काइल मेयर्स और एविन लुइस अन्य विदेशी खिलाड़ी हैं जिनमें से मेयर्स इंग्लैंड के ख़िलाफ़ सीरीज़ के लिए वेस्टइंडीज़ टीम में शामिल किए गए हैं।

### एसीसी अध्यक्ष के रूप में जय शाह का कार्यकाल बढ़ा

कोलंबो। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह का एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष के रूप कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है। एसीसी की शनिवार को यहां हुई वार्षिक आम बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। एसीसी ने ट्वीट में लिखा, एसीसी सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि एसीसी अध्यक्ष के रूप में जय शाह का कार्यकाल और कार्यकारी बोर्ड के साथ-साथ उसकी समितियों का कार्यकाल 2024 तक जारी रहेगा। उल्लेखनीय है कि शाह को पिछले साल जनवरी में एसीसी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

### पाकिस्तान-ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवर मैच लाहौर स्थानांतरित

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे और एक टी-20 मैच को रावलपिंडी से लाहौर स्थानांतरित कर दिया है, हालांकि मैचों की तारीखें वहीं हैं। 29 मार्च, 31 मार्च और दो अप्रैल को तीन वनडे और पांच अप्रैल को टी-20 मैच होगा। पीसीबी ने एक विज्ञप्ति में कहा, पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड पहले घोषित तारीखों पर रावलपिंडी से लाहौर में सफेद गेंद मैचों को स्थानांतरित करने के लिए सहमत हुए हैं। दोनों बोर्डों के बीच चर्चा के बाद शनिवार सुबह यह निर्णय लिया गया। मूल योजना के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया के सफेद गेंद टीम के खिलाड़ी 24 मार्च को लाहौर पहुंचेंगे और एक दिन के क्वारंटीन के बाद टीम के अन्य सदस्यों से जुड़ेंगे। पाकिस्तान के सफेद गेंद टीम के खिलाड़ी 22 मार्च को इकट्ठा होने वाले हैं और 25 मार्च को फिर से प्रशिक्षण शुरू करेंगे। उल्लेखनीय है कि दोनों टीमों के बीच तीन वनडे मैच आईसीसी क्रिकेट विश्व कप सुपर लीग का हिस्सा होंगे, जिसमें ऑस्ट्रेलिया वर्तमान में सातवें स्थान पर है, जबकि पाकिस्तान नौवें स्थान पर है। इस बीच ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क के साथ-साथ डेविड वार्नर और ग्लेन मैक्सवेल को व्हाइट-बॉल मैचों के लिए आराम दिया गया है। वहीं स्टार्क के अलावा जो खिलाड़ी टेस्ट सीरीज का हिस्सा हैं, वे टेस्ट सीरीज के तुरंत बाद भारत के लिए रवाना होंगे और छह अप्रैल से आईपीएल के लिए उपलब्ध होंगे। दरअसल क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की नीति के कारण केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम के क्रिकेट एक्शन में होने के वक्त किसी अन्य टूर्नामेंट में शामिल नहीं हो सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया की सीमित ओवर टीम में मिचेल मार्श, मार्कस स्टॉयनिस, जेसन बेहरेनडॉर्फ, सीन एबॉट और नाथन एलिस सहित आईपीएल के अन्य खिलाड़ी शामिल हैं। यात्रा और क्वारंटीन आवश्यकताओं के कारण वे कम से कम एक और सप्ताह तक आईपीएल से चूकेंगे।

### अंडर-25 कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी की मेजबानी करेगा एसीए

विजयवाड़ा। आंध्र क्रिकेट संघ (एसीए) 22 मार्च से आठ अप्रैल तक विजयवाड़ा मुलपाडु मैदान में प्रतिष्ठित सीनियर पुरुष अंडर-25 कर्नल सीके नायडू क्रिकेट ट्रॉफी की मेजबानी करेगा। शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि प्रतियोगिता में विदर्भ, चंडीगढ़, महाराष्ट्र और रेलवे स्पर्धा करेंगी। सभी टीमें पहले ही विजयवाड़ा पहुंच चुकी हैं और कोरोना नियमों के तहत क्वारंटीन में हैं, क्योंकि मैच बायो-बबल (जैव-सुरक्षित वातावरण) में खेले जाने हैं। एसीए ने वर्तमान क्रिकेट कैलेंडर के दौरान अध्यक्ष पी सरथ चंद्र रेड्डी के नेतृत्व में विशाखापत्तनम में महिला अंडर-19 वनडे टूर्नामेंट और सीनियर महिला वनडे टूर्नामेंट, विजयवाड़ा में सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी और विशाखापत्तनम में पुरुष अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी का सफलतापूर्वक आयोजन किया है। वहीं एसीए अब 12 जून को विशाखापत्तनम में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी-20 मैच की भी मेजबानी करेगा और इसके बाद पुरुष और महिला दोनों वर्ग में एपीएल (आंध्र प्रीमियर लीग) का आयोजन होगा।

### बांग्लादेश ने दक्षिण अफ़्रीका को पहले वनडे में हराकर रचा इतिहास

सेंचुरियन। बांग्लादेश को अब हर देश में जाकर वनडे जीत हासिल हो गई है। शुक्रवार की रात बांग्लादेश ने एक और इतिहास रच दिया, दक्षिण अफ़्रीका के ख़िलाफ़ दक्षिण अफ़्रीका में इस टीम की ये पहली वनडे जीत है। बांग्लादेश को दक्षिण अफ़्रीकी सरज़मीं पर वनडे में जीत का स्वाद चखने में 20 साल लग गए। सेंचुरियन में खेले गए इस मैच में बांग्लादेश ने 314/7 रन बनाए और फिर मेज़बान टीम को 38 रन पहले रोक दिया। डेविड मिलर ने बांग्लादेश को जीत से वंचित रखने का भरपूर प्रयास किया, लेकिन 46वें ओवर उनके आउट होते ही मेहमानों के लिए जीत एक औपचारिकता बन गई थी। मिलर ने 57 गेंदों पर आतिशी 79 रन बनाए, वह क़रीब-क़रीब हर ओवर में बाउंड्री लगा रहे थे। मिलर के अलावा रैसी वान डेर डुसेन ने भी अर्धशतकीय पारी खेली और 86 रन के साथ वह साउथ अफ़्रीका के टॉप स्कोरर रहे लेकिन टीम को जीत की मंज़िल तक नहीं पहुंचा पाए।दक्षिण अफ्रीका की टीम 48.5 ओवर में 276 रन पर सिमट गयी।

# रोमांचक मैच में ऑस्ट्रेलिया से छह विकेट से हारा भारत

**ऑकलैंड।** कप्तान मैग लैनिंग (97) और विकेटकीपर एलिसा हीली (72) की शानदार पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम ने यहां शनिवार को आईसीसी 2022 महिला क्रिकेट विश्वकप के रोमांचक मैच में भारत को छह विकेट से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया की यह लगातार पांचवीं जीत है।

भारतीय टीम टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी और कप्तान मिताली राज (68), हरमनप्रीत कौर (57) और यास्तिका भाटिया (59) के अर्धशतकों की बदौलत 50 ओवर में सात विकेट पर 277 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने में सफल रही। परिणामस्वरूप मैच रोमांचक रहा, जिससे अंततः छह बार की विश्व कप विजेता ऑस्ट्रेलियाई टीम छह विकेट से जीत गई।



ऑस्ट्रेलिया की तरफ से कप्तान लैनिंग ने अपने शतक से तो चूक गईं, लेकिन 13 चौकों की मदद से 107 गेंदों पर 97 रन की मैच विजयी पारी खेली, जिसके लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। उनके अलावा हीली ने नौ चौकों के सहारे 65 गेंदों पर 72 रन बनाए। बेथ मूनी ने अंत में चार चौकों के दम 20 गेंदों पर 30 रन बना कर टीम को जीत दिलाई। ऑस्ट्रेलिया को आखिरी ओवर में जीत के लिए आठ रन चाहिए थे और मूनी ने झूलन गोस्वामी को दो चौके जड़ कर टीम को मैच जिताया। इससे पहले डार्सी ब्राउन और अलाना किंग ने ऑस्ट्रेलिया के लिए क्रमशः तीन और दो विकेट लिए।

भारत की तरफ से कप्तान मिताली ने चार चौकों और एक छक्के के सहारे 96 गेंदों पर 68, यास्तिका ने छह चौकों की मदद से 83 गेंदों पर 59 और हरमनप्रीत ने छह चौकों की बदौलत 47 गेंदों पर 57 रन बनाए। वहीं गेंदबाजी में पूजा वस्त्राकर ने 10 ओवर में 43 रन पर सर्वाधिक दो, स्नेह राणा और मेघना सिंह ने एक-एक विकेट लिया।

ऑस्ट्रेलिया की टूर्नामेंट में यह लगातार पांचवीं जीत है, जबकि भारत की तीसरी हार है। ऑस्ट्रेलिया अपने पांच के पांच मैच जीत कर 10 अंकों के साथ शीर्ष पर मौजूद है और प्लेऑफ में क्वालीफाई करने के बहुत करीब है। वहीं भारत पांच मैचों में दो जीत और तीन हार के साथ चार अंक लेकर चौथे स्थान पर है।

भारत के लिए अब यहां से हर मैच जीतना जरूरी होगा, अगर उसे प्लेऑफ में पहुंचना है। भारत के लिए अच्छी बात उसका नेट रन रेट अभी भी प्लस में होना है।

## कबड्डी खिलाड़ी संदीप नंगल की हत्या के मामले में चार गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने जालंधर के मल्लियां गांव में 14 मार्च की शाम को कबड्डी मैच के दौरान अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी संदीप नंगल अंबिया की हत्या के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान संगरूर के फतेह सिंह उर्फ युवराज, हरियाणा के गुरुग्राम स्थित नाहरपुर रूपा के कौशल चौधरी, हरियाणा के महेशपुर पलवन गांव के अमित डागर और उत्तर प्रदेश के पीलीभीत के ग्राम माधोपुर के सिमरनजीत सिंह उर्फ जुझर सिंह के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक चारों आरोपी हिस्ट्री-शीटर हैं और उन पर 20 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें से ज्यादातर हत्या और हत्या के प्रयास के हैं।

पंजाब पुलिस ने इसके अलावा मामले में तीन मुख्य साजिशकर्ताओं का भी खुलासा किया है, जिनकी पहचान अमृतसर के स्नोवर ढिल्लों, मोगा के दुनेके गांव के सुखविंदर सिंह उर्फ सुखा दुनेके और लुधियाना के देहलों के जगजीत सिंह उर्फ गांधी के रूप में हुई है। स्नोवर और सुखविंदर वर्तमान में कनाडा में रह रहे हैं, जबकि गांधी फिलहाल मलेशिया में रह रहे हैं। जानकारी के मुताबिक स्नोवर ढिल्लों कनाडा के 'साथ टीवी' और रेडियो शो के निर्माता और निर्देशक हैं।

पंजाब के पुलिस महानिदेशक वीके भवरा ने कहा कि सबसे पहले फतेह सिंह को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक फतेह सिंह ने खुलासा किया है कि स्नोवर ढिल्लों ने नेशनल कबड्डी फेडरेशन ऑफ ओंटारियो का गठन किया था और विभिन्न कबड्डी खिलाड़ियों को अपने फेडरेशन में शामिल होने के लिए मनाने की कोशिश की थी, लेकिन सबसे प्रसिद्ध खिलाड़ी मेजर लीग कबड्डी से जुड़े, जिसका प्रबंधन मृतक संदीप द्वारा किया जा रहा था, जो स्नोवर फेडरेशन को चुभ रहा था। आरोपी फतेह ने यह भी खुलासा किया कि उन्होंने स्नोवर फेडरेशन में शामिल होने के लिए कुछ खिलाड़ियों पर दबाव भी डाला था।

जालंधर ग्रामीण के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतिंदर सिंह ने कहा कि फतेह ने कबूल किया है कि स्नोवर के निर्देश के बाद उसने अमित डागर, कौशल चौधरी, जगजीत सिंह, लकी पटियाल और सुखा दुनेके के साथ मिलकर संदीप को मारने के लिए हमलावरों का प्रबंध किया। उन्होंने कहा कि सुखा दुनेके के निर्देश पर सिमरनजीत उर्फ जुझर ने अमृतसर के प्रीतम एन्क्लेव में अपने रिश्तेदार स्वर्ण सिंह के घर पर हमलावरों को छुपने की जगह दी। पुलिस ने स्वर्ण सिंह के घर से 18 जिंदा कारतूस और 12 बोर राइफल बरामद की है। पुलिस अधिकारी सतिंदर सिंह ने कहा कि गोली चलाने वालों की भी पहचान कर ली गई है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### यूक्रेनी बच्चों की मदद के लिए पांच लाख डॉलर दान करेंगे फेडरर

नयी दिल्ली। दुनिया के पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर युद्ध से प्रभावित यूक्रेन के बच्चों की मदद के लिए अपनी फाउंडेशन के माध्यम से पांच लाख डॉलर दान देंगे। फेडरर ने ट्वीट में कहा, मेरा परिवार और मैं यूक्रेन से आ रहीं तस्वीरें देखकर भयभीत हैं। निर्दोष लोगों के लिए बहुत बुरा लग रहा है जो इतनी बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। हम शांति के लिए खड़े हैं। हम यूक्रेन के उन बच्चों की मदद करेंगे जिन्हें देखभाल की जरूरत है लगभग छह मिलियन यूक्रेनी बच्चे वर्तमान में स्कूल से बाहर हैं और हम जानते हैं कि शिक्षा तक पहुंच प्रदान करने के लिए यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण समय है और हम इस बेहद दर्दनाक अनुभव से निपटने के लिए उनका समर्थन करना चाहते हैं। पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी ने कहा, रोजर फेडरर फाउंडेशन के माध्यम से हम यूक्रेनी बच्चों के लिए निरंतर स्कूली शिक्षा तक पहुंच स्थापित करने के लिए पांच लाख डॉलर के दान के साथ वॉर चाइल्ड हॉलैंड का समर्थन करेंगे।

## इस साल अगस्त में श्रीलंका करेगा एशिया कप की मेज़बानी

कोलम्बो। श्रीलंका में 2022 एशिया कप 27 अगस्त से 11 सितंबर के बीच खेला जाएगा। एशिया कप खेलने वाले विभिन्न देशों की बीच एक मीटिंग (एजीएम ) हुई, उसी में इस प्रतियोगिता से संबंधित कुछ अहम फ़ैसले लिए गए। उल्लेखनीय है कि इस साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी-20 विश्व कप के मद्देनजर एशिया कप के सभी मैच टी-20 के प्रारूप में खेले जाएंगे।

एशिया की सभी पांच टेस्ट टीमें इस टूर्नामेंट का हिस्सा रहेंगी, जिसमें भारत, पाकिस्तान, अफ़ग़ानिस्तान और बांग्लादेश की टीमें शामिल हैं। इसके अलावा एक और टीम इस टूर्नामेंट का हिस्सा बनेगी, जिसका फ़ैसला एक क्वालीफ़ाइंग टूर्नामेंट के बाद होगा, जो 20 अगस्त से शुरु होगा।

एशिया कप अक्सर एक साल वनडे और एक साल टी20 के प्रारूप में खेला जाता है। कहने का अर्थ है कि अगर इस साल टी20 प्रारूप के साथ एशिया कप खेला जा रहा है तो अगले साल एकदिवसीय प्रारूप में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। आख़िरी बार 2018 में इसका आयोजन किया गया था और उसे भारतीय टीम ने जीता था। इसके बाद इस प्रतियोगिता को कोविड काल में कुछ समय के लिए टाल दिया गया था। 2020 में होने वाले एशिया कप के टाले जाने के बाद पहले इसे 2021 में आयोजित करने का प्लान बनाया गया लेकिन फिर से इस 2022 तक के लिए टाल दिया गया। पहले तय किया गया कि 2022 में इस प्रतियोगिता का मेज़बान पाकिस्तान होगा लेकिन बाद में इस फ़ैसले को बदल दिया गया। अब पाकिस्तान 2023 में होने वाले एशिया कप का मेज़बान होगा।

टूर्नामेंट में छठी टीम यूएई, कुवैत, सिंगापुर और हांगकांग में से एक होगा, जिन्होंने 2020 में एसीसी के क्षेत्रीय टूर्नामेंट में पहला या दूसरा स्थान प्राप्त किया था

यह एशिया कप का 15वां आयोजन है, जिसकी शुरुआत 1984 में शारजाह में हुई थी।

गत चैंपियन भारत इस प्रतियोगिता की सबसे सफल टीम है, जिसने सात बार इस टूर्नामेंट पर अपना कब्ज़ा जमाया है। श्रीलंका की टीम ने पांच बार यह प्रतियोगिता जीती है।

## रूसी तेल आयात को लेकर बाइडेन प्रशासन भारत के संपर्क में : व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन/नयी दिल्ली।** अमेरिकी प्रतिबंधों के बीच बाइडेन प्रशासन रूसी कच्चे तेल के आयात के फैसले को वापस लेने के लिए भारतीय नेताओं के संपर्क में है। व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी से शुक्रवार को जब रिपोर्टों पर अमेरिका की प्रतिक्रिया के बारे में पूछा गया जिसमें कहा गया था कि भारत यूक्रेन युद्ध पर प्रतिबंधों के बीच रियायती कीमतों पर रूसी तेल खरीदने की योजना बना रहा है।उन्होंने कहा कि कई देश रूसी तेल के आयात पर प्रतिबंध लगाने के लिए सहमत नहीं हैं। सुश्री साकी ने कहा, ठीक है, हमने नहीं किया है जबकि हमने तेल के रूसी आयात पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। हर देश ने वह निर्णय नहीं लिया है और हम इसे मानते हैं।



उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि यूरोप सहित कई देशों के पास रूसी तेल और गैस आयात करने के आर्थिक कारण हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका विभिन्न स्तरों पर भारतीय नेताओं के संपर्क में है।

साकी ने कहा,निश्चित रूप से हम राष्ट्रपति के माध्यम से नहीं, बल्कि कई स्तरों पर भारतीय नेताओं के संपर्क में हैं। अगर ऐसा होता है, तो हम निश्चित रूप से आप सभी को जानकारी प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा,लेकिन हम दुनिया भर के किसी भी नेता को जो प्रोजेक्ट या संदेश देंगे वह यह है कि बाकी दुनिया देख रही है कि आप कहां खड़े होने जा रहे हैं क्योंकि यह इस संघर्ष से संबंधित है, चाहे रूस के लिए उसका समर्थन किसी भी रूप में हो जो अवैध रूप से यूक्रेन पर हमला कर रहे हैं। लेकिन हम दुनिया भर के किसी भी नेता को जो संदेश देंगे, वह यह है कि दुनिया - बाकी दुनिया यह देख रही है कि आप कहां खड़े हैं क्योंकि यह दो देशों के बीच युद्ध से संबंधित है।

यह टिप्पणी तब सामने आयी है जब भारत ने इशारा किया है कि पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद कई देश रूस से ऊर्जा आयात करना जारी रखे हुए हैं, वो भी खासकर यूरोप में।

सूत्रों ने यह भी बताया कि भारत के वैध ऊर्जा लेनदेन का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए।

सूत्रों ने कहा कि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए आयात पर अत्यधिक निर्भर है। हमें कच्चे तेल की जरुरत का लगभग 85 प्रतिशत (प्रति दिन 50 लाख बैरल) आयात करना पड़ता है।

जिसमें अधिकांश आयात पश्चिम एशिया (इराक 23 प्रतिशत, सऊदी अरब 18 फीसदी, संयुक्त अरब अमीरात 11 प्रतिशत) से होता हैं। अमेरिका भी 7.3 फीसदी के साथ अब भारत के लिए कच्चे तेल का एक महत्वपूर्ण स्रोत बन गया है।

चालू वर्ष में अमेरिका से आयात में काफी वृद्धि होने की संभावना है, संभवत: यह लगभग 11 प्रतिशत हो सकता है। जो बाजार शेयर आठ फीसदी होगी।

### नॉर्वे विमान दुर्घटना में चार नौसैनिकों की मौत

ओस्लो। नॉर्वे में उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) सैन्य अभ्यास के दौरान शुक्रवार को एक अमेरिकी एमवी-22 ओस्प्रे विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार चार नौसैनिकों की मौत हो गयी। नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर ने शनिवार को यह जानकारी दी। श्री स्टोर ने कहा, हमें दुखद संदेश मिला कि कल रात अमेरिकी विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से चार अमेरिकी सैनिकों की मृत्यु हो गयी है। सैनिक नाटो अभ्यास शीत प्रतिक्रिया सैन्य अभ्यास में भाग ले रहे थे। उन्होंने सैनिकों के परिवारों, संबंधी तथा उनकी सैन्य इकाई के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। सीएनएन ने नॉर्वे सशस्त्र बल के हवाले से बताया कि शुक्रवार को सैन्य विमान उत्तरी नॉर्वे के नोर्डलैंड काउंटी में एक प्रशिक्षण मिशन पर था। एमवी-22बी ऑस्प्रे विमान द्वितीय समुद्री अभियान बल (एमईएफ) अमेरिकी सैन्य इकाई को सौंपा गया था वह भी सैन्य अभ्यास में शामिल हुआ था।

## पुतिन रूस को हुए नुकसान को छिपा रहे हैं : ब्रिटेन

एजेंसी

लंदन। ब्रिटेन ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर स्थानीय मीडिया पर नियंत्रण और मजबूत करने तथा यूक्रेन के साथ चल रहे युद्ध में हो रहे नुकसान को अपने देशवासियों से छिपाने की कोशिश करने का शनिवार को आरोप लगाया।

ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने ट्वीट करके आरोप लगाया कि श्री पुतिन ने अपने देश के मीडिया पर गहरा पहरा डाल रखा है और वह यूक्रेन के साथ युद्ध में देश को पहुंच रही क्षति को छिपाने की कोशिश में जुटे हुए हैं।

इस युद्ध में जिस तरह रूस को मुंहतोड़ जवाब मिल रहा है, उससे वह अचंभित हैं। उनका देश इस युद्ध में अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में विफल रहा है।



मंत्रालय ने कहा, क्रेमलिन अब तक अपने मूल उद्देश्यों को प्राप्त करने में विफल रहा है। वह कड़े यूक्रेनी प्रतिरोध से आश्चर्यचकित भी है। रूस अपने हमले के तौर-तरीकों में फेरबदल करने के लिए मजबूर हुआ और अंधाधुंध गोलाबारी शुरू कर दी है।

नागरिक हताहतों की संख्या में वृद्धि हुई है और यूक्रेन के बुनियादी ढांचे का नुकसान और मानवीय संकट तेज हो गया है।

रूस और यूक्रेन के बीच भीषण युद्ध 24 दिनों से जारी है। इस संघर्ष का सीधा असर दुनियाभर के देशों पर पड़ता दिख रहा है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बीच किसी तरह की सुलह की राह फिलहाल नजर नहीं आ रही है।

दोनों देशों के बीच कई दौर की वार्ता असफल रही हैं। दोनों देशों के बीच युद्ध से खाद्य और ऊर्जा कीमतों में तेजी देखने को मिल रही है। इस बीच एक अमेरिकी थिंक टैंक ने गरीबी बढ़ने की चेतावनी जारी की है। थिंक टैंक ने कहा है कि युद्ध की चपेट में आकर दुनिया के चार करोड़ से ज्यादा लोग अत्यधिक गरीब हो सकते हैं।

### रूस ने यूक्रेन में प्रयोग की हाइपरसोनिक मिसाइल

मॉस्को। रूसी सैन्य बलों ने यूक्रेन पर हमला बोलने के बाद पहली बार किन्जल हाइपरसोनिक मिसाइल का प्रयोग कर यूक्रेनी सेना के एक ठिकाने को तबाह कर दिया। रूसी रक्षा मंत्री इगोर कोनाशेनकोव ने शनिवार को इसकी जानकारी दी।कोनाशेनकोव ने कहा, किन्जल एवियेशन मिसाइल प्रणाली ने 18 मार्च को हाइपरसॉनिक एयरबॉलिस्टिक मिसाइल से इवानो-फ्रैंकिव्स्क क्षेत्र में यूक्रेनी सेना के मिसाइल और विमानन गोलाबारूद के भूमिगत डिपो को तबाह कर दिया। प्रवक्ता ने यह भी कहा कि रूसी सैन्य बलों ने बैस्टियन मिसाइल प्रणाली के हमले से ओडेसा क्षेत्र में यूक्रेनी सेना के रेडियो और इलेक्ट्रॉनिक सूचना केंद्रों को भी तबाह कर दिया। कोनाशेकोव ने कहा, बैस्टियन तटीय मिसाइल प्रणाली ने ओडेसा क्षेत्र के वेलिकी डेलनिक और वेलिकोडोलिंस्क बसेरों में यूक्रेनी सेना के रेडियो एवं इलेक्ट्रॉनिक सूचना केंद्रों को तबाह कर दिया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने वीडियो भी जारी किया जिसमें यूक्रेनी सेना के पैमाइश एवं हमला इकाई को नष्ट होते हुए देखा जा सकता है। रक्षा मंत्रालय ने कहा, वीडियो में यूक्रेनी सेना के पैमाइश और हमला इकाई पर हवाई हमला देखा जा सकता है। हमले के बाद यह समूह नष्ट हो गया। मंत्रालय ने कहा कि यह समूह अमेरिका निर्मित हमवीस सैन्य वाहनों में सफर कर रहा था। वीडियो ड्रोन के जरिये बनाया गया।

### 'गुप्त नरसंहार' से गुजर रहे हैं एलजीबीटीक्यू अफगान

कैलिफोर्निया। अफगानिस्तान में लगातार बिगड़ते मानवाधिकार हालात के बीच एलजीबीटीक्यू समुदाय तालिबान सरकार में 'गुप्त नरसंहार' से गुजर रहा है। यूक्रेनी एलजीबीटीक्यू समुदाय के लोगों का पश्चिमी देशों में स्वागत होने के बाद अफगानिस्तान के एलजीबीटीक्यू कार्यकर्ता नेमत सादत ने अफगानिस्तानी समुदाय के लिए भी समान मदद की मांग की है। उन्होंने ट्वीट किया, मुझे यह सुनकर खुशी हुई कि पश्चिमी देश एलजीबीटीक्यू यूक्रेनियों का स्वागत कर रहे हैं। तालिबान को सत्ता में आए हुए सात महीनों से ज्यादा का समय बीत चुका है, मगर मेरे एलजीबीटीक्यू अफगान साथियों को फिर से बसाया नहीं गया और हम एक गुप्त नरसंहार की कठिनाइयां झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि समलैंगिकता को अवैध माने जाने के बावजूद एलजीबीटीक्यू अफगानों ने पिछले दो दशकों में सामाजिक तरक्की के लिए बहुत जोखिम उठाए हैं। उन्होंने कहा, तालिबान सरकार में एलजीबीटीक्यू लोगों के अस्तित्व के लिए बिल्कुल सहनशीलता नहीं है। तालिबान न्यायाधीश मुल्ला गुल रहीम ने कसम खाई है कि समलैंगिक लोग पत्थरों से मारे जाने या 10 से 15 फुट की दीवारों से गिराए जाने की उम्मीद कर सकते हैं। सत्रह मार्च को उन्होंने एक पड़ोसी देश में 800 से अधिक एलजीबीटीक्यू प्लस अफगानों को निकालने के लिए धन जुटाने का अभियान शुरू किया था, जहां वे अपने जीवन का पुनर्निर्माण कर सकेंगे और फिर बेल्जियम, ब्राजील, कनाडा, आयरलैंड, अमेरिका और ब्रिटेन जैसे स्वतंत्र और खुले समाज में अपने गंतव्य तक पहुंचकर अपनी लिंग पहचान या यौन स्थिति निर्धारण का सम्मान कर सकेंगे।

### पीडीएम की रैली 27 मार्च को करेगी राजधानी इस्लामाबाद में प्रवेश

इस्लामाबाद। पाकिस्तान डेमेक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) ने घोषणा की है कि उसकी रैली 25 मार्च की जगह अब 27 मार्च को राजधानी इस्लामाबाद में प्रवेश करेगी। डॉन ने शनिवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। पाकिस्तान तहरीक के इंसाफ ( पीटीआई) के इस्लामाबाद के डीचौक पर 27 मार्च को ही रैली निकालने की योजना के सामने आने के बाद पीडीएम ने अपने प्लान में बदलाव किया है। पीएमएल -एन के महासचिव सरदार अवैसी लघारी ने कहा यह यात्रा इस्लामाबाद में 27 मार्च को प्रवेश करेगी और दो या इससे कुछ अधिक दिन यहां रूकेगी। यह फैसला पार्टी आलाकमान नवाज शरीफ और शहबाज शरीफ के दिशानिर्देशों के तहत किये गये हैं। पिछले सप्ताह ओआईसी के विदेश मंत्रियों की 23 मार्च से 25 मार्च के बीच होने जा रही बैठक को ध्यान में रखते हुए यह घोषणा की थी। पीटीआई के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के एक महत्वपूर्ण सहयोगी दल पीएमएल-क्यू ने दोनों सत्तारूढ दलों को अपनी अपनी रैलियों को रद्द करने को कहा था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# गदर 2 के सेट पर सनी देओल ने मनाई होली

मुंबई। बॉलीवुड के माचो मैन सनी देओल ने अपनी आने वाली फिल्म गदर 2 के सेट पर होली मनायी है।
सनी देओल इन दिनों फिल्म %गदर 2% की शूटिंग कर रहे हैं। सनी देओल का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह होली के मौके पर गदर 2 के सेट पर टीम संग जमकर मस्ती करते नजर आ रहे हैं।
गदर 2 के सेट से होली का यह वीडियो फिल्म निर्देशक अनिल शर्मा ने सोशल मीडिया पर साझा किया है। वीडियो में सनी पर अनिल गुलाल फेंकते हुए और फिर उनके चेहरे पर रंग लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं, जिसके बाद सनी भी जोश में आ जाते हैं और रंग लेकर अनिल के चेहरे पर घिस-घिसकर लगाते हैं। बीच में उत्कर्ष शर्मा भी एंट्री मारते हैं और दोनों के साथ जमकर हुड़दग मचाते हैं। वीडियो में इन तीनों के साथ गदर 2 की पूरी टीम होली खेलते हुए नजर आ रही है। वीडियो को शेयर करते हुए अनिल शर्मा ने लिखा है, कुछ लम्हे कुछ पल हमेशा रह जाते हैं और जीवन में रंग बिखेरते हैं। ये वही लम्हा है वही रंग हैं, जो हमेशा रहेंगे। तारा सिंह और जीते के संग रंगीन रंगो में रंगे लम्हे। गदर 2 की टीम की तरफ से आप सबको होली की बधाइयां।
गौरतलब है कि गदर 2 में सनी देओल , अमीषा पटेल और उत्कर्ष शर्मा की अहम भूमिका है। यह फिल्म वर्ष 2001 में प्रदर्शित गदर की सीक्वल है।



# कटरीना कैफ का हाथ थामकर पार्टी में पहुंचे विकी कौशल

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस कटरीना कैफ और विकी कौशल इंडस्ट्री के सबसे कूल और अपीलिंग कपल्स में गिने जाते हैं। विकी और कटरीना जब भी साथ में पब्लिक प्लेस में नजर आते हैं तो हर कैमरे का फोकस उन्हीं की तरफ होता है। हाल ही में ये जोड़ा अपूर्व मेहता की बर्थडे पार्टी में काफी आलीशान अंदाज में पहुंचा। ये पार्टी धर्मा प्रोडक्शन के मालिक करण जौहर ने आयोजित की थी और इस पार्टी में तमाम सितारे शरीक हुए। लेकिन विकी कौशल और कटरीना जब हाथों में हाथ थामे इस पार्टी में पहुंचे तो सभी का ध्यान उनकी तरफ था।



### ब्लैक एंड ब्लू का किलर कॉम्बिनेशन

पापाराजी से लेकर फैंस तक हर कोई उनकी एक झलक पाने को बेताब नजर आया। विकी कौशल जहां ब्लैक कलर के सूट में दिखाई दिए वहीं कटरीना कैफ ब्लू कलर की बॉडीकॉन ड्रेस में दिखाई दीं। हाथों में हाथ लिए विकी और कटरीना गाड़ी से उतरकर पार्टी के एंट्रेन्स की तरफ बढ़े। विकी कौशल के चेहरे पर लंबी मुस्कान थी और कटरीना भी मंद-मंद मुस्कुराती दिखाई पड़ रही थीं।

# जाह्न्वी कपूर की फिल्म गुड लक जैरी डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर होगी रिलीज

एजेंसी



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्न्वी कपूर की फिल्म गुड लक जैरी डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।
जाह्नवी कपूर की फिल्म गुड लक का फैंस काफी समय से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म से जाह्नवी के कुछ लुक सामने आ चुके हैं, जिसे देखकर फिल्म देखने की एक्साइटमेंट काफी बढ़ गई है।
बताया जा रहा है कि जाह्नवी की फिल्म गुड लक जैरी सीधा ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।
गुड लक जैरी को सिद्धार्थ सेनगुप्ता ने निर्देशित किया है, जबकि आनंद एल राय और सुभाषकरण अलीराजह फिल्म के प्रोड्यूसर्स हैं। जाह्नवी के अलावा इस फिल्म में दीबक डोब्रियाल, मीता वशिष्ट, नीरज सूद और सुशांत सिंह अहम रोल में नजर आएंगे।
गुड लक जैरी एक ब्लैक कॉमेडी क्राइम फिल्म है। यह फिल्म 2018 में प्रदर्शित फिल्म तमिल कोलामावू कोकिला का हिंदी रीमेक है। इस फिल्म में नयनतारा ने लीड रोल निभाया था।

# दिलजीत दोसांझ को लेकर अमर सिंह चमकीला की बायोपिक बनायेंगे इम्तियाज अली

एजेंसी



मुंबई। बॉलीवुड फिल्मकार इम्तियाज अली पंजाबी फिल्मों के सुपरस्टार दिलजीत दोसांझ को लेकर पंजाब के पॉपुलर सिंगर रहे अमर सिंह चमकीला की बायोपिक बनाने जा रहे है। इम्तियाज अली ,अमर सिंह चमकीला के जीवन पर बायोपिक बनाने जा रहे हैं।उन्होंने काफी पहले ही फिल्म बनाने के लिए राइट्स ले लिए थे। बताया जा रहा है कि अमर सिंह चमकीला की बायोपिक में दिलजीत दोसांझ लीड रोल करेंगे। जब इम्तियाज की तरफ से यह फिल्म दिलजीत को ऑफर की गई तो उन्होंने तुरंत फिल्म के लिए हां कह दिया क्योंकि अमर सिंह चमकीला उनकी प्रेरणा रहे थे। बताया जा रहा है कि पहले अमर सिंह चमकीला की बायोपिक के लिए आयुष्मान खुराना और फिर कार्तिक आर्यन का नाम सामने आया था। लेकिन दोनों ही फिल्म के लिए फिट नहीं बैठे। मेकर्स को फिल्म के लिए किसी ऐसे एक्टर की जरूरत थी जो गाना भी गा सके।
दिलजीत एक्टिंग और सिंगिंग दोनों ही पैमानों पर खर उतरते हैं। दिलजीत अमर सिंह चमकीला के ऑरिजनल गानों को अपनी आवाज देंगे और उनका फिल्म में इस्तेमाल होगा।

# रेमो डिसूजा ने चुकाया डांस इंडिया डांस के कंटेस्टेंट का कर्ज, मां चलाती हैं रिक्शा

मुंबई। कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा का नाम उन चुनिंदा सितारों में शुमार है, जिन्होंने अपनी मेहनत से अपने लिए एक बड़ा मुकाम बनाया है। रेमो डिसूजा कोरियोग्राफी के साथ ही डायरेक्शन भी कर चुके हैं। रेमो कई डांसिंग शोज भी होस्ट कर चुके हैं और टैलेंट को हमेशा प्रमोट करते हैं। इस बीच रेमो ने कुछ ऐसा किया है, जिसकी वजह से हर कोई उनकी तारीफ कर रहा है। रेमो डिसूजा ने डांस इंडिया डांस लिटिल मास्टर 5 के एक कंटेस्टेंट का लोन चुकाया है।

### डांस इंडिया डांस लिटिल मास्टर 5 को जज कर रहे रेमो

दरअसल इन दिनों रेमो डिसूजा, जी टीवी के डांस शो डांस इंडिया डांस लिटिल मास्टर 5 को जज कर रहे हैं। इस शो को रेमो के साथ ही मौनी रॉय और सोनाली बेंद्रे जज कर रहे हैं। शो में छोटे छोटे बच्चे अपने डांस का हुनर दिखाते नजर आते हैं।
ऐसे में 8 साल के कंटेस्टेंट हिमांशु के डांस ने सभी जजेस का दिल जीत लिया। वहीं जब परफॉर्मेंस के बाद कंटेस्टेंट से बातचीत हुई तो उनके फाइनेंशियल क्राइसेस की बात सामने आई।



### हिमांशु की मां चलाती हैं रिक्शा

रेमो का पता लगा कि हिमांशु दिल्ली का रहने वाला है और जब काफी पहले ही उसके पिता का निधन हो गया था। इसके बाद मां ने अपने दोनों बच्चों को अकेले पाला और पैसे कमाने के लिए रिक्शा चलाती हैं।
रिक्शा खरीदने के लिए हिमांशु की मां ने लोन लिया। वहीं उन्होंने ये भी बताया कि फीमेल रिक्शा ड्राइवर होने की वजह से उन्हें कई बार हैरास भी किया जाता है।
पूरी बात सुनने के बाद रेमो भावुक हो गए और उन्होंने पूरा लोन भरने का फैसला लिया।

### रेमो ने भरा लोन

इस बारे में बात करते हुए रेमो ने कहा, मैं आपकी इस ईएमआई पे करने में मदद करना चाहता हूं।
प्लीज मुझे बताइएगा कि कितना लोन अमाउंट बाकी है, मैं भर दूंगा। मैं नहीं चाहता कि आप या हिमांशु किसी भी चीज को लेकर स्ट्रेस लें।
आप बच्चों पर फोकस करें और अच्छी जिंदगी जिएं। इस खबर के सामने आने के बाद से ही सोशल मीडिया पर रेमो की खूब वाहवाही हो रही है।

# सूखी लाल मिर्च खाने के ये फायदे नहीं जानते होंगे आप, आँखों से लेकर दिल तक के लिए है फायदेमंद

प्रिया मिश्रा

**लाल मिर्च में भरपूर मात्रा में विटामिन ए, सी और ई पाया जाता है जिससे इम्युनिटी बूस्ट होती है और आँखों की रोशनी बढ़ती है। लाल मिर्च में 'कैप्साइसिन' नामक तत्व पाया जाता है, जिससे जोड़ों के दर्द और सूजन को कम करने में मदद मिलती है।**

खाना बनाते समय लाल मिर्च का इस्तेमाल रंग और स्वाद बढ़ाने के लिए किया जाता है। चाहे दाल हो या कोई सब्जी, लाल मिर्च के बिना खाने का स्वाद फीका सा लगता है। अक्सर लोगों को लगता है कि लाल मिर्च खाने से सेहत को नुकसान होता है। लेकिन आपको यह जानकर हैरानी होगी कि मिर्च खाने से ना केवल खाने का स्वाद बढ़ता है, बल्कि सेहत को भी फायदा होता है। लाल मिर्च में भरपूर मात्रा में विटामिन ए, सी और ई पाया जाता है जिससे इम्युनिटी बूस्ट होती है और आँखों की रोशनी बढ़ती है। लाल मिर्च में 'कैप्साइसिन' नामक तत्व पाया जाता है, जिससे जोड़ों के दर्द और सूजन को कम करने में मदद मिलती है। अगर सीमित मात्रा में लाल मिर्च का सेवन किया जाए तो इससे स्वास्थ्य को कई लाभ होते हैं। आज के इस लेख में हम आपको लाल मिर्च के फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं -



### आंखों के लिए फायदेमंद

सूखी लाल मिर्च में विटामिन ए होता है जो आंखों के लिए बहुत फायदेमंद होता है। सूखी लाल मिर्च के सेवन से रेटिना सेल क्षरण को रोकने में मदद मिलती है। इतना ही नहीं, सूखी मिर्च से आंखों की रोशनी बढ़ाने में भी मददगार है।

### इम्युनिटी बूस्टर

सूखी लाल मिर्च में भरपूर मात्रा में विटामिन ए और सी होता है, जिससे इम्युनिटी बूस्ट होती है। यह आंतों, मूत्र मार्ग और फेफड़ों के संक्रमण के जोखिम को भी कम करती है। इसके साथ ही यह नाक मार्ग को भी साफ करने में मदद करती है।

### गठिया में फायदेमंद

गठिया के मरीजों के लिए भी सूखी लाल मिर्च फायदेमंद है। इसके सेवन से जोड़ों का दर्द कम करने में मदद मिलती है। सूखी मिर्च में कैप्साइसिन नाम तत्वब मौजूद होता है जो मांसपेशियों के दर्द, जोड़ों के दर्द और ऑस्टियोआर्थराइटिस के दर्द को कम करता है। सर्दी की वजह से अगर आपके गले में खराश है तो सूखी मिर्च खाने से आपको आराम मिल सकता है।

### ब्लड प्रेशर नियंत्रित करे

सूखी मिर्च के सेवन से कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद मिलती है। यह रक्त में ट्राइग्लिसराइड्स के स्तर को भी नियंत्रित करती है और धमनियों को फैलाती है। इसके परिणामस्वरूप ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। सूखी मिर्च के सेवन से हृदय रोग और स्ट्रोक का खतरा कम होता है।

### सेक्स ड्राइव बढ़ाए

जिन लोगों की सेक्स लाइफ अच्छी नहीं चल रही है उन्हें सूखी मिर्च का सेवन करना चाहिए। दरअसल, इसमें मौजूद कैप्साइसिन सेक्स ड्राइव को बढ़ाता है।

# सिर्फ 5 मिनट में ऐसे बनाएं हरी मिर्च का अचार, महीनों तक नहीं होगा खराब

चाहे दाल चावल हो या पूड़ी परांठा, अचार से खाने का स्वाद दोगुना हो जाता है। जो लोग स्पाइसी खाने के शौकीन होते हैं, उनकी पहली पसंद हरी मिर्च का अचार होता है। वैसे तो अचार को धूप में रखकर सुखाया जाता है, जिसमें महीनेभर का समय लग जाता है। लेकिन आज हम आपको हरी मिर्च का इंस्टेंट अचार बनाने की रेसिपी बताने जा रहे हैं। इस अचार को आप बस पांच मिनट में तैयार कर सकते हैं और इसे आप महीनों तक स्टोर करके रख सकते हैं

### अचार बनाने की सामग्री

हरी मिर्च – 250 ग्राम
सौंफ – 2 चम्मच
राई – 2 चम्मच
मेथी – 2 चम्मच
जीरा – 2 चम्मच
अजवाइन – 1/4 चम्मच
हल्दी – 1/2 चम्मच
आमचूर पाउडर – 2 चम्मच
सरसों का तेल – 1/2 कप
सादा नमक – स्वादानुसार
काला नमक – स्वादानुसार

### अचार बनाने की रेसिपी


हरी मिर्च का अचार बनाने के लिए सबसे पहले मिर्च को धोकर साफ कर लें। अब इसमें चाकू की मदद से बीच से चीरा लगा दें।
अब गैस पर एक पैन में राई, काली मिर्च, मेथी, सौंफ और जीरा डालकर एक से दो मिनट के लिए ड्राई रोस्ट करें।

# जोधपुर में है देखने लायक कई जगहें, जानिए इस लेख में

मिताली जैन

**मेहरानगढ़ किला निस्संदेह जोधपुर में घूमने के लिए सबसे अच्छा पर्यटन स्थल है। यह 410 फीट ऊंची पहाड़ी की चोटी पर स्थित है। यह भारत के सबसे बड़े किलों में से एक है और इसके भीतर कई महल हैं।**

यूं तो देश के अलग-अलग कोने में कुछ अलग व नया देखने को मिलता है। लेकिन राजस्थान राज्य अपनी संस्कृति के साथ-साथ एतिहासिक महत्व के कारण भी लोग दूर-दूर से इस राज्य में घूमने के लिए आते हैं। राजस्थान राज्य का जोधपुर शहर एक बेहतरीन पर्यटन स्थल में से एक है। यह उन लोगों के लिए एक बेहरीन प्लेस है, जो राज्य के कल्चर को करीब से देखना चाहते हैं। जोधपुर शहर में कई बेहतरीन प्लेसेस हैं, जिन्हें एक ट्रेवलर को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको जोधपुर शहर में देखने लायक कई बेहतरीन जगहों के बारे में बता रहे हैं-



### मेहरानगढ़ किला

मेहरानगढ़ किला निस्संदेह जोधपुर में घूमने के लिए सबसे अच्छा पर्यटन स्थल है। यह 410 फीट ऊंची पहाड़ी की चोटी पर स्थित है। यह भारत के सबसे बड़े किलों में से एक है और इसके भीतर कई महल हैं। 1460 में राव जोधा द्वारा निर्मित, किला अपनी जटिल नक्काशी के लिए जाना जाता है। इस किले को अब एक संग्रहालय में बदल दिया गया है जो जोधपुर की समृद्ध संस्कृति और विरासत को दर्शाता है।

### घंटाघर और सदर बाजार

घंटाघर जोधपुर का एक ऐतिहासिक स्थल है। यह वह स्थान है जहां से पुराना जोधपुर शुरू होता है। सरदार मार्केट के बगल में पुराने शहर में स्थित, यह एक लंबा विशाल टावर है जिसे महाराजा सरदार सिंह ने 1880 और 1911 के बीच अपने शासन के दौरान बनाया था। रात में क्लॉक टॉवर सुंदर रोशनी से जगमगाता है और अद्भुत लगता है। सदर मार्केट जोधपुर के सबसे प्रमुख शॉपिंग डेस्टिनेशन में से एक है।

यह जोधपुर में इतिहास प्रेमियों के लिए सबसे अच्छी जगहों में से एक है। यह म्यूजियम आपको राजस्थान के बीते युग के बारे में एक महान जानकारी देगा। सरदार गवर्नमेंट म्यूजियम का निर्माण एडवर्डियन वास्तुकार हेनरी वॉन लैंचेस्टर ने महाराजा उम्मेद सिंह के शासन के दौरान किया था। इसका नाम महाराजा सरदार सिंह के नाम पर रखा गया था।

यह एक पुराना म्यूजियम है जो राजाओं और अन्य ऐतिहासिक चीजों के चित्रों को प्रदर्शित करता है। इसके अलावा, यहां पर पत्थर की मूर्तियों, लघु चित्रों, टेराकोटा, धातु की वस्तुओं, हथियारों, सिक्कों और कला और शिल्प वस्तुओं को प्रदर्शित किया गया है।

### उम्मेद भवन पैलेस

यह संभवत: जोधपुर में घूमने के लिए सबसे अच्छी जगहों में से एक है। महल का इंटीरियर इंडो-सरसेनिक, क्लासिकल रिवाइवल और वेस्टर्न आर्ट डेको शैलियों के साथ डिजाइन किया गया है।

जिसे अब एक हैरिटेज होटल में बदल दिया गया है। बता दें कि उम्मेद भवन 1943 में बनाया गया था। पैलेस में 347 कमरे हैं। यह आजादी से पहले भारत में बना आखिरी महल भी है।

# प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना क्या है और क्या हैं इसके फायदे

### प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना क्या है?

मुद्रा लोन प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत दिया जाता है। इस योजना के तहत शिशु, किशोर और तरुण श्रेणियों के आधार पर 50,000 रुपये से लेकर 10 लाख रुपये तक के व्यावसायिक ऋण का लाभ मिलता है। जब आप मुद्रा ऋण के लिए आवेदन करते हैं तो आपको एक मुद्रा कार्ड जारी किया जाता है जो एक डेबिट कार्ड की तरह होता है। आपके द्वारा ऋण के लिए सफलतापूर्वक आवेदन करने के बाद आपको एक खाता खोलना होगा जिसके साथ कार्ड जारी किया जाता है। आप मुद्रा कार्ड का उपयोग उस ऋण राशि को निकालने के लिए कर सकते हैं जो आपके द्वारा सफलतापूर्वक ऋण के लिए आवेदन करने के बाद आपके मुद्रा खाते में भेजी जाएगी।

## मुद्रा ऋण उत्पादों के प्रकार

### मुद्रा ऋण योजनाएं तीन प्रकार की होती हैं

1. शिशु के लिए : 50,000 रुपये तक
2. किशोर के लिए : 50,000 से 5 लाख रुपये तक
3. तरुण के लिए : 5 लाख से 10 लाख रुपये तक

### प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना का उद्देश्य

मुद्रा ऋण कई कारणों से लिए जा सकते हैं जो रोजगार पैदा करने और आय उत्पन्न करने में मदद करते हैं। मुख्य उद्देश्य इस प्रकार हैं जिनके लिए मुद्रा ऋण लिया जाता है

– सेवा क्षेत्र में दुकानदारों, व्यापारियों, विक्रेताओं और अन्य गतिविधियों के लिए व्यवसाय ऋण- लघु उद्यम इकाइयों के लिए उपकरण वित्त- मुद्रा कार्ड के माध्यम से कार्यशील पूंजी ऋण- परिवहन वाहन ऋण- गैर-कृषि आय उत्पन्न करने वाली गतिविधियों जैसे मुर्गी पालन, मधुमक्खी पालन, मछली पालन आदि में शामिल लोग मुद्रा ऋण के लिए आवेदन कर सकते हैं।- जो लोग व्यावसायिक गतिविधियों के लिए ट्रैक्टर, टिलर और दोपहिया वाहनों का उपयोग करते हैं, वे मुद्रा लोन के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### मुद्रा लोन के अंतर्गत आने वाली गतिविधियां

मुद्रा लोन के अंतर्गत आने वाली गतिविधियों इस प्रकार हैं-
– खाद्य उत्पाद क्षेत्र
– माल और यात्रियों दोनों के परिवहन के लिए उपयोग किए जाने वाले परिवहन वाहन
– समुदाय, सामाजिक और व्यक्तिगत सेवा गतिविधियाँ
– दुकानदारों और व्यापारियों के लिए बिजनेस लोन
– कपड़ा उत्पाद क्षेत्र
– कृषि संबंधी गतिविधियां
– सूक्ष्म इकाइयों के लिए उपकरण वित्त योजना

### मुद्रा ऋण के लिए आवेदन कैसे करें?

चरण 1: इसके लिए आवश्यक दस्तावेज सुनिश्चित करें। आपको जिन मुख्य दस्तावेजों की आवश्यकता होगी, वे हैं आपका आईडी प्रूफ, एड्रेस प्रूफ और बिजनेस प्रूफ।
चरण 2 : मुद्रा योजना के तहत नामांकित ऋणदाता से संपर्क करें और आवेदन पत्र भरें।
चरण 3 : आवश्यक दस्तावेज जमा करें।

### मुद्रा लोन के लिए आवेदन करने के लिए आवश्यक दस्तावेज

मुद्रा ऋण के लिए आवश्यक दस्तावेजों को निम्नानुसार सूचीबद्ध किया जा सकता है
– ऋण श्रेणी के आधार पर विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र
– पहचान का प्रमाण आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट

CMYK CMYK CMYK CMYK